# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शुक्रवार 14 फरवरी 2025






भोपाल
शुक्रवार, 14 फरवरी 2025
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष -02
वर्ष : 11, अंक : 321
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 26
न्यून. 12

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

हैप्पी वैलेंटाइन-डे



haribhoomi.com


◆ बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर रोजगार के अवसर और औद्योगिक विकास के साथ यह समिट शहर और उसके नागरिकों के लिए उसकी दीर्घकालिक समृद्धि सुनिश्चित करेगी


### कल्याण दाल मिल्स के संचालक व मंडी बोर्ड के पूर्व डायरेक्टर राजेश जैन ने 'हरिभूमि' से कहा

# जीआईएस-2025 भोपाल को 'औद्योगिक राजधानी' के रूप में स्थापित कर देगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

कल्याण दाल मिल्स के संचालक, मंडी बोर्ड के पूर्व डायरेक्टर और विश्व हिंदू परिषद के प्रांतमंत्री राजेश जैन ने 'हरिभूमि' से चर्चा करते हुए कहा कि भोपाल औद्योगिक विकास के नए दौर में प्रवेश कर रहा है। जीआईएस-2025 से भोपाल प्रमुख औद्योगिक केंद्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा। रोजगार बढ़ेंगे, बाजारों में पैसे का प्रवाह भी बढ़ेगा। जिससे भोपाल सहित प्रदेशभर की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 इस बदलाव का सबसे बड़ा प्रमाण बनेगी। पहली बार राजधानी भोपाल में हो रहा यह आयोजन न सिर्फ एक निवेश सम्मेलन है, अपितु भोपाल को औद्योगिक राजधानी के रूप में स्थापित करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।

इन्वेस्ट मध्यप्रदेश — अनंत संभावनाएं — ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट — 24, 25 फरवरी 2025 — भोपाल



## बेहतर रेल और एयरवेज कनेक्टिविटी

जैन ने कहा कि बेहतर रेल और एयरवेज कनेक्टिविटी के कारण निवेशक नए उद्योग स्थापित करने के लिए प्रेरित होंगे। भोपाल को वैश्विक पहचान मिलेगी, जिससे नए बिजनेस, शैक्षणिक संस्थान और अनुसंधान केंद्र स्थापित होने की संभावना बढ़ेगी। भोपाल एक आर्थिक हब के रूप में उभरेगा। बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, रोजगार के अवसर और औद्योगिक विकास के साथ यह समिट शहर और उसके नागरिकों के लिए दीर्घकालिक समृद्धि सुनिश्चित करेगी।

### पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप को प्रोत्साहन मिलेगा

जैन के मुताबिक यह समिट राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों को भोपाल और मध्य प्रदेश में व्यापार के अवसरों का पता लगाने के लिए आमंत्रित करेगी। आईटी, मैन्युफैक्चरिंग, हेल्थकेयर, पर्यटन और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर निवेश होगा, जिससे आर्थिक विकास तेज होगा। पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप को प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे व्यापारिक माहौल और अधिक अनुकूल बनेगा।


*इंपैक्ट फीचर*


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### धर्मगुरु दलाई लामा को जेड श्रेणी सुरक्षा

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा को जेड कैटेगरी सुरक्षा दी है। ये फैसला तब लिया गया जब आईबी ने दलाई लामा पर खतरे की आशंका जताते हुए रिपोर्ट दी थी। जेड सिक्योरिटी के तहत दलाई लामा को कुल 33 सुरक्षाकर्मी मिलेंगे। धर्मशाला में उनके निवास पर चौबीसों घंटे सुरक्षा देंगे।



### नर्मदापुरम में ट्रक में घुसी कार, 3 की मौत

**नर्मदापुरम।** बुधवार रात एक तेज रफ्तार कार ट्रक से पीछे से जा भिड़ी। कार सवार तीन दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। एक युवक घायल है, हादसे में कार के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हादसा इटारसी रोड पर बुधवार रात करीब 2.30 बजे नवोदय विद्यालय पंवारखेड़ा और कन्या स्कूल के सामने हुआ।



### उपराष्ट्रपति धनखड़ का भोपाल आगमन आज

**भोपाल।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शुक्रवार को भोपाल आएंगे। विशेष विमान से वे ओल्ड एयरपोर्ट पहुंचकर सागर ग्रीन कोलार रोड, राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी भदभदा एवं वाना ग्रीन गार्डन नीलबड़ में विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। सागर ग्रीन सिटी से इसी मार्ग से होते हुए राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी पहुचेंगे।



## मोदी का प्रभाव

### *पीएम मोदी वॉशिंगटन पहुंचे, कड़ाके की ठंड और बारिश के बीच उनका 'ब्लेयर हाउस' में जोरदार स्वागत*

# भारत के खिलाफ किसी भी दंडात्मक व्यापार कार्रवाई को 'रोक' सकते हैं ट्रंप

***मोदी की इस यात्रा के दौरान प्रमुख प्राथमिकता संभवतः** भारत के खिलाफ अमेरिका की ओर से की जाने वाली किसी भी दंडात्मक व्यापार कार्रवाई को रोकना होगी*

***भारतीय अमेरिकी समुदाय ने 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम' एवं 'मोदी मोदी' के नारे लगाए***



एजेंसी ▸▸ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गर्मजोशी से अगवानी की। ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद दोनों नेताओं के बीच पहली द्विपक्षीय वार्ता होगी।

मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर तस्वीरों के साथ पोस्ट किया- वाशिंगटन डीसी पहुंचा हूं। भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए ▸▸ शेष पेज 4 पर

पारस्परिक आयात शुल्क पर हस्ताक्षर कर सकते हैं ट्रंप

मोदी और ट्रंप की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी

ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद दोनों नेताओं के बीच पहली द्विपक्षीय वार्ता



### पारस्परिक आयात शुल्क लगाने पर अड़े हैं ट्रंप

*दरअसल, डोनाल्ड ट्रंप मीटिंग से पहले रिसिप्रोकल टैरिफ यानी पारस्परिक आयात शुल्क लगाने से जुड़े एक्जीक्यूटिव ऑर्डर पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। यह आदेश उन देशों पर आयात शुल्क लगाएगा, जो अमेरिकी सामानों पर टैरिफ लगाते हैं। पारस्परिक आयात शुल्क एक व्यापार नीति है, जिसमें एक देश दूसरे देश पर उतना ही टैरिफ लगाता है, जितना उस देश ने उसके सामानों पर लगाया होता है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलीन लेविट ने प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि मेरा मानना है कि राष्ट्रपति इस पर विस्तार से बात करेंगे। लेविट ने यह भी कहा कि अन्य देश अमेरिका को लूट रहे हैं।* ▸▸ पढ़ें पेज 10 भी

### अमेरिकी ड्राई फ्रूट पर शुल्क कम करने पर भारत कर रहा विचार

ट्रंप पहले भी भारत के आयात शुल्क दरों की आलोचना करते रहे हैं। पिछले हफ्ते ट्रंप के मुख्य व्यापार वार्ताकार जेमिसन ग्रीर की अमेरिकी सीनेट में पेशी के दौरान कई बार भारत का जिक्र हुआ। द्विपक्षीय वार्ता की तैयारी के तहत भारत, अमेरिकी ड्राई फ्रूट पर शुल्क कम करने का विचार कर रहा है। 1 फरवरी को पेश बजट में सरकार ने अमेरिका से आयात होने वाले कई उत्पादों पर शुल्क कम किया है। ट्रंप ने चीन पर 10 फीसदी टैरिफ लगाया है। वहीं मैक्सिको और कनाडा पर लगने वाले 25 फीसदी टैरिफ को 1 मार्च तक के लिए टाल दिया है।

### बंशीपुरा गांव में ईंट भट्टे के पास छोड़कर बदमाश भागे

# ग्वालियर से किडनैप हुआ मासूम 14 घंटे बाद मुरैना से सकुशल बरामद



»» ***पुलिस ने वीडियो कॉल पर परिजनों से कराई बात***

»» ***मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्वालियर पुलिस की तत्परता की सराहना की***

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ग्वालियर

मुरार थाना क्षेत्र की सीपी कॉलोनी गुरुवार सुबह किडनैप हुआ 6 साल का मासूम शिवाय 14 घंटे में मिल गया। पुलिस ने गुरुवार रात करीब 10 बजे उसे मुरैना के माता बसैया इलाके से बरामद सकुशल बरामद कर लिया। बाइक सवार बदमाश शिवाय को बंशीपुरा गांव में एक ईंट भट्टे के पास छोड़कर भाग गए थे। पुलिस ने बच्चे को अपनी निगरानी में लिया है। बच्चे की उसके मां-पिता से वीडियो कॉल पर ▸▸ शेष पेज 4 पर

### सीएम ने अपराधियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अपहृत बालक सकुशल मिल गया है। उसकी माता-पिता बात भी करा दी गई है। उसे जल्द से जल्द माता-पिता के पास ले जाया जा रहा है। सीएम ने कहा कि सुबह घटना होते ही ग्वालियर पुलिस ने बेहद ▸▸ शेष पेज 4 पर

### मां की आंखों में मिर्ची झोंकी और छीनकर ले भागे थे मासूम को

बता दें कि गुरुवार सुबह करीब 8 बजे 6 साल के बच्चे का अपहरण हो गया था। इसका वीडियो भी सामने आया है। बच्चे को उसकी मां स्कूल बस तक छोड़ने लेकर जा रही है। इसी दौरान बाइक पर दो बदमाश पीछे से आए और महिला की आंखों में मिर्ची डाली और बच्चे को बाइक से ले भागे। शिवाय अपनी मां आरती गुप्ता के साथ स्कूल बस ▸▸ शेष पेज 4 पर

### दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे में बस और ट्रक की भिड़ंत

# महाकुंभ से स्नान कर लौट रहे मंदसौर के 3 श्रद्धालुओं की मौत



हरिभूमि न्यूज ▸▸ मंदसौर

मंदसौर से महाकुंभ में स्नान करने गए श्रद्धालुओं की बस राजस्थान के कोटा में हादसे का शिकार हो गई। इस हादसे में तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई।

▪ सीएम ने दुख जताया आर्थिक मदद का ऐलान

बताया गया है कि मंदसौर के श्रद्धालु महाकुंभ में स्नान करने बस से गए थे, ये श्रद्धालु वापस अपने गांव लौट रहे थे, इसी दौरान उनकी बस की राजस्थान के कोटा जिले के सिमलिया गांव के पास नेशनल हाईवे दिल्ली-मुंबई पर ट्रक से टक्कर हो गई। इस हादसे में पति-पत्नी सहित तीन लोगों की मौत हो गई। ▸▸ शेष पेज 4 पर

### 9 फरवरी को सीएम ने दिया था इस्तीफा

# मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाया गया सत्र बुलाने की समय सीमा भी खत्म



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मणिपुर में बीरेन सिंह के सीएम पद से इस्तीफे के बाद अब सूबे में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया है। मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच हिंसा के चलते कानून-व्यवस्था की स्थिति गंभीर बनी हुई है। बीते रविवार को बीरेन सिंह ने राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से मुलाकात कर मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद से ही नए मुख्यमंत्री के नाम पर मुहर लगाने के लिए भाजपा नेताओं की बैठकों का दौर शुरू हो गया था। मणिपुर प्रभारी ▸▸ शेष पेज 4 पर

▪ अब तक हिंसा में 300 से ज्यादा मौतें

## फिनलैंड की संस्था वी रियल और एमपी टूरिज्म बोर्ड के बीच एमओयू

### वर्चुअल टूर से मिलेगी प्रदेश के इतिहास और संस्कृति की जानकारी : मुख्यमंत्री



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में गुरुवार को एमपी टूरिज्म बोर्ड और फिनलैंड की संस्था वी रियल के बीच प्रदेश के पर्यटन स्थलों, ऐतिहासिक धरोहरों और संग्रहालयों पर आधुनिक तकनीक का उपयोग कर वर्चुअल टूर तैयार करने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जीवंत अनुभूति देने ▸▸ शेष पेज 4 पर

### ग्वालियर में एमबीबीएस छात्रा से डिजिटल ठगी

# फौजी पिता के निधन पर मिले थे पैसे, गंवा दिए क्रिप्टोकरेंसी के लालच में 44 लाख

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ग्वालियर

आदित्यपुरम कॉलोनी में रहने वाली 23 वर्षीय एमबीबीएस छात्रा मेघना चौहान से 44 लाख की ठगी का मामला सामने आया है। ये ठगी मेघना से टेलीग्राम नाम की सोशल एप्लिकेशन पर की गई। मेघना ने जो रुपए गंवाए हैं, वह उसे फौजी पिता के निधन के बाद मिले थे।

मेघना ने बताया कि टेलीग्राम पर सूरज विक्रम नाम के ग्रुप से उसे जोड़ा गया था। इस ग्रुप में और भी यूजर थे, जिसमें 12 दिसंबर 2024 को एक यूजर ने मुझे क्रिप्टोकरंसी में निवेश करने के लिए अकाउंट बनाने की सलाह दी। अकाउंट भी बना दिया। जिस ग्रुप में मुझे जोड़ा गया, उसमें टास्क पूरा करने पर पैसे दिए जाते थे। इस दौरान कुछ टास्क पूरा करने पर पैसा मेरे अकाउंट में आने लगा तो मुझे एप पर भरोसा होने लगा। इसके बाद जब मेरे 3.75 लाख रुपए फ्रीज हो गए। तब मुझे पता चला कि मुझसे करेंसी सलेक्ट करने में गलती हो गई है। तब कस्टमर केयर से बात करने पर बताया गया कि इतने ही रुपए और जमा करने की बात की। मैंने पैसे निकालने के चक्कर में पैसे जमा कर दिए। ▸▸ शेष पेज 4 पर



▪ **टेलीग्राम ग्रुप सूरज-विक्रम से जुड़ी थी महिला**

### आयकर विधेयक 2025 छह दशक पुराने आयकर अधिनियम 1961 की जगह लेगा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में किया था नए आयकर कानून का ऐलान

# नए आयकर कानून में 'कर निर्धारण वर्ष' की जगह अब होगा केवल 'कर वर्ष' ही

*सीतारमण ने गुरुवार को लोकसभा में आयकर विधेयक, 2025 पेश किया और अध्यक्ष ओम बिरला से इसे सदन की प्रवर समिति को भेज दिया*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को लोकसभा में आयकर विधेयक, 2025 पेश किया और अध्यक्ष ओम बिरला से इसे सदन की प्रवर समिति को भेजने का आग्रह किया। विपक्षी सदस्यों ने विधेयक को प्रस्तुत करने के दौरान इसका विरोध किया, लेकिन सदन ने इसे प्रस्तुत करने के लिए ध्वनिमत से प्रस्ताव पारित कर दिया। विधेयक ▸▸ शेष पेज 4 पर ▸▸ पढ़ें पेज 9 भी



### मूल्यांकन वर्ष की अवधारणा होगी समाप्त

एक बार कानून बनने के बाद आयकर विधेयक 2025 छह दशक पुराने आयकर अधिनियम 1961 की जगह लेगा। पहले का कानून समय के साथ और विभिन्न संशोधनों के बाद काफी जटिल हो गया है, इसलिए इसकी जगह नया आयकर विधेयक लाया जा रहा है। सरकार की ओर से प्रस्तावित नए कानून में, आयकर अधिनियम, 1961 में उल्लिखित 'पिछले वर्ष' शब्द को बदलकर 'कर वर्ष' कर दिया गया है। इसके साथ ही, मूल्यांकन वर्ष की अवधारणा को समाप्त कर दिया गया है। वर्तमान में, पिछले वर्ष (2023-24) में अर्जित आय के लिए ▸▸ शेष पेज 4 पर

### पहले 880 पेज थे, अब 622 पेज

हालांकि, नए आयकर विधेयक में भी वर्तमान कानून की तरह ही अध्यायों की संख्या 23 ही रखी गई है। जबकि पृष्ठों की संख्या काफी कम होकर 622 हो गई है, जो वर्तमान के भारी-भरकम अधिनियम का लगभग आधा है। वर्तमान में जो कानून अमल में है, उसमें पिछले छह दशकों के दौरान किए गए संशोधन शामिल हैं। जब आयकर अधिनियम, 1961 लाया गया था, तो इसमें 880 पृष्ठ थे।

# मप्र को ड्रोन निर्माण और प्रौद्योगिकी का हब बनाने समग्र कार्य योजना तैयारः मुख्यमंत्री

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश को ड्रोन निर्माण और प्रौद्योगिकी का प्रमुख हब बनाने के लिए समग्र कार्य योजना तैयार की गई है। राज्य सरकार ने ड्रोन क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिए प्रदेश ड्रोन संवर्धन एवं उपयोग नीति-2025 को स्वीकृति दे दी है। इसमें ड्रोन के सुरक्षित और कुशलतम उपयोग के माध्यम से नवाचार, आर्थिक समृद्धि और रोजगार को बढ़ावा देने वाले विषयों एवं तथ्यों को शामिल किया गया है।

प्रदेश में ड्रोन टेक्नोलॉजी के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जल्द ही ड्रोन डेटा रिपॉजिटरी भी बनाई जाएगी। प्रधानमंत्री गति शक्ति पहल से प्रेरित होकर ड्रोन नीति सरकार के ड्रोन डेटा और इमेजरी के लिए एक केन्द्रीकृत प्लेटफ़ॉर्म होगा। ड्रोन डेटा रिपॉजिटरी विभिन्न विभागों के मध्य परस्पर डेटा साझा करने और सहयोग को बढ़ावा देगी। यह नीति जीआईएस आधारित योजना और विश्लेषणात्मक उपकरणों का उपयोग करके बेहतर निगरानी तंत्र विकसित करेगी।

- शीघ्र बनेगी ड्रोन डेटा रिपॉजिटरी और शुरू होगा ड्रोन स्कूल
- ड्रोन संवर्धन एवं उपयोग नीति पर शुरू हुआ प्रभावी अमल
- रिपॉजिटरी विभागों में परस्पर डेटा साझा करने को बढ़ावा देगी



### भविष्य में तेजी से बढ़ेगा ड्रोन का उपयोग

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग यह सुनिश्चित करेगा कि डेटा प्रबंधन सुरक्षित रूप से किया जाए और सहयोगी भागीदारों के साथ रिपॉजिटरी की प्रबंधन व्यवस्था पुख्ता रखी जाए। राज्य सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि राज्य की एजेंसियों द्वारा एकत्र किए गए सभी ड्रोन डेटा को राष्ट्रीय भौगोलिक नीति-2022 या उसके बाद के किसी संशोधन या नीति के अनुसार डेटा सुरक्षा कानूनों और विनियमों के अंतर्गत संग्रहित किया जाए। संवेदनशील जानकारी की सुरक्षा के लिए सुरक्षित डेटा भंडारण और प्रसारण प्रौद्योगिकियों का उपयोग किया जाएगा। भविष्य में ड्रोन का उपयोग तेजी से बढ़ेगा। यह कई प्रकार से अभिनव समाधान प्रस्तुत करता है और मानव श्रम की बचत करता है।

### कृषि, आपदा प्रबंधन, निरीक्षण में ड्रोन उपयोगी

ड्रोन से फसल की सेहत की निगरानी, रोगों का पता लगाने और फसल की पैदावार का मूल्यांकन करने में सहायता मिल रही है। ड्रोन उर्वरक और कीटनाशक का छिड़काव सटीकता से कर सकते हैं, जिससे अपशिष्ट और नकारात्मक पर्यावरणीय प्रभाव कम होगा। सिंचाई के तरीकों का बेहतर उपयोग करने में ड्रोन मदद करता है। ड्रोन, आपदा प्रभावित क्षेत्रों में थर्मल इमेजिंग और हाई-रिजोल्यूशन कैमरों का उपयोग कर प्रभावित लोगों का पता लगा रहे हैं। प्रभावित क्षेत्रों की विस्तृत तस्वीरें देख बचाव के प्रयासों में मदद कर रहे हैं। आपातकालीन स्थितियों में ड्रोन चिकित्सा आपूर्ति और खाद्य सामग्री को दुर्गम इलाकों में पहुंचा रहे हैं। ड्रोन पुलों, भवनों और अन्य बुनियादी ढांचे का निरीक्षण कर रहे हैं, जिसमें रखरखाव और सुरक्षा मूल्यांकन शामिल हैं। ड्रोन से निर्माण की प्रगति के बारे में वास्तविक समय में अपडेट प्राप्त किया जा रहा है। जंगलों की सेहत की निगरानी, अवैध लकड़ी कटाई का पता लगाने और जंगल की आग के प्रभाव का मूल्यांकन भी ड्रोन से किया जा रहा है।

### ड्रोन नीति के प्रमुख स्तंभ स्कूलों की स्थापना, कोर्स को बढ़ावा देंगे

ड्रोन ईको सिस्टम, कौशल विकास, सेक्टर प्रमोशन और वित्तीय प्रोत्साहन ड्रोन नीति के प्रमुख स्तंभ हैं। इनसे तकनीकी संस्थानों में ड्रोन संबंधी पाठ्यक्रमों को बढ़ावा मिलेगा। ड्रोन ईको सिस्टम एआई और नवीनतम प्रौद्योगिकी को प्रोत्साहन मिलेगा। ड्रोन प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने और संचालन के लिए कुशल मानव संसाधन तैयार करने के लिए नई ड्रोन नीति के अंतर्गत ड्रोन स्कूल स्थापित करेगा। इसमें सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से निवेश किया जाएगा। इसका उद्देश्य ड्रोन प्रौद्योगिकी में व्यापक प्रशिक्षण और शिक्षा प्रदान करना है, जिससे विद्यार्थी और पेशेवर दोनों उद्योग की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अच्छी तरह से तैयार हों। ड्रोन पॉलिसी से आगामी 5 वर्षों में लगभग 370 करोड़ रुपए का निवेश अपेक्षित है। लगभग 8,000 (2,200 प्रत्यक्ष एवं 6,600 अप्रत्यक्ष) रोजगार सृजित होंगे। इस क्षेत्र में प्रति करोड़ वित्तीय प्रोत्साहन के आधार पर लगभग 25-30 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की उम्मीद है।

## खबर संक्षेप

### तीन माह से वेतन नहीं मिला, लिया संज्ञान

**भोपाल।** राजधानी के मॉडल अस्पताल जेपी में आउटसोर्स कर्मचारियों को बीते तीन माह से वेतन नहीं मिला है। इससे नाराज कर्मचारियों ने बीते मंगलवार को विरोध प्रदर्शन भी किया है। इसके अलावा अक्टूबर 2024 से कई कर्मचारियों के खाते में पीएफ का पैसा भी जमा नहीं किया गया है। महंगाई के इस दौर में उनका जीवन यापन कठिन हो गया है। मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने सीएमएचओ मामले की जांच कराकर की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

### ढोल बजाओ, सरकार जगाओ आंदोलन 25 को

**भोपाल।** मप्र कर्मचारी मंच 11 सूत्रीय मांगों के समर्थन में मंत्रालय के सामने ढोल बजाओ सरकार जगाओ आंदोलन करेगा। यह निर्णय कर्मचारी मंच की प्रांतीय समिति की गुरुवार को हुई बैठक में लिया गया है। मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि राज्य सरकार लंबे समय से तृतीय, चतुर्थ श्रेणी, स्थाई कर्मियों, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी एवं श्रमिकों की मांगों की उपेक्षा कर रही है। बार-बार धरना प्रदर्शन ज्ञापन सौंपने के बावजूद भी मांगों को संज्ञान में नहीं लिया जा रहा है। जिससे प्रदेश के कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है। इसलिए कर्मचारी मंच के नेतृत्व में 25 फरवरी को मंत्रालय के सामने ढोल बजाओ सरकार जगाओ आंदोलन करेंगे।

### प्रदेश के 48 शिवरात्रि मेलों का होगा शुभारंभ, मुख्यमंत्री ने किया विक्रमोत्सव कैलेंडर का विमोचन

# महाशिवरात्रि से आरंभ होगा विक्रमोत्सव वर्ष प्रतिपदा 30 मार्च तक होगा आयोजन

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उज्जैन में महाशिवरात्रि पर्व 26 फरवरी से विक्रमोत्सव-2025 का आरंभ होगा। सृष्टिकर्ता महादेव के महोत्सव से सृष्टि के आरंभ दिवस वर्ष प्रतिपदा 30 मार्च तक चलने वाला विक्रमोत्सव, सम्राट विक्रमादित्य के युग, भारत उत्कर्ष, नवजागरण और भारत विद्या पर केंद्रित रहेगा।

इसके अंतर्गत साहित्यिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही ज्योतिर्विज्ञान, विचार गोष्ठियां, इतिहास और विज्ञान समागम, विक्रम व्यापार मेला, लोक एवं जनजातीय संस्कृति पर आधारित गतिविधियां संचालित होंगी। विक्रमादित्य वैदिक घड़ी के एप के प्रवर्तन, हस्तशिल्प, पारंपरिक व्यंजन, वस्त्रोद्योग, हथकरघा उपकरणों की प्रदर्शनी के साथ क्षेत्रीय, पौराणिक फिल्मों के महोत्सव और श्रीकृष्ण पर केंद्रित विशेष फिल्मों का प्रदर्शन और प्रस्तुतियां भी विक्रमोत्सव का हिस्सा रहेंगे। कार्यक्रम में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के साथ ही शोधपरक पुस्तकों, ग्रन्थों का लोकार्पण और विक्रम पंचांग का प्रकाशन भी होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव समत्व भवन में विक्रमोत्सव-2025 की आयोजन समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विक्रमोत्सव के कैलेंडर का विमोचन भी किया।

- विक्रमोत्सव सम्राट विक्रमादित्य के युग, भारत उत्कर्ष पर केंद्रित रहेगा।
- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई आयोजन समिति की बैठक



### विक्रमोत्सव में होने वाले विविध कार्यक्रम

विक्रमोत्सव का भव्य शुभारंभ महाशिवरात्रि के पावन पर्व से होगा। प्रदेश भर में महाशिवरात्रि मेलों का शुभारंभ होगा। उज्जैन में होने वाले शुभारंभ कार्यक्रम में विंटेज कार, स्पोर्ट्स बाइक और जनजातीय कलाकारों की प्रस्तुति के साथ कलश यात्रा निकाली जाएगी। प्राचीन भारतीय काल गणना पर आधारित 'वैदिक घड़ी एप' का लोकार्पण होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत ताल वादक आनंदम शिवमणि एवं लोक गायक हंसराज रघुवंशी की सांगीतिक प्रस्तुति होगी। विक्रम व्यापार मेला के अंतर्गत वस्त्रोद्योग, हथकरघा, उपकरणों की प्रदर्शनी आयोजित होगी। आदि शिल्प के तहत जनजातीय शिल्प, पारम्परिक व्यंजन एवं जनजातीय परंपरागत चिकित्सा शिविर लगाए जाएंगे। 27 फरवरी से भारतीय ऋषि वैज्ञानिक परंपरा, विक्रमकालीन मुद्रा एवं मुद्रांक, श्रीकृष्ण की 64 कलाएं (मालवा की चितरावन शैली में), श्रीकृष्ण होली पर्व, चौरासी महादेव, जनजातीय प्रतिरूप, सम्राट विक्रमादित्य और अयोध्या, प्राचीन भारतीय वाद्य यंत्र, देवी 108 स्वरूप और देवी अहिल्या पर निर्मित स्थापत्य पर प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। एक से 3 मार्च तक वैचारिक समागम के अंतर्गत सम्राट विक्रमादित्य का न्याय विषय पर मंथन होगा। आठ मार्च को लोक रंजन में बोलियों का अखिल भारतीय कवि सम्मेलन होगा। दस से 12 मार्च तक अंतरराष्ट्रीय इतिहास समागम होगा। पन्द्रह से 16 मार्च तक संहिता ज्योतिष एवं वैशिष्ट्य एवं आचार्य वराह मिहिर पर संगोष्ठी, 21 मार्च से महादेव शिल्पकला कार्यशाला तथा प्रतिदिन मांडना शिविर लगाए जाएंगे। इसी क्रम में 21 से 25 मार्च तक पौराणिक फिल्मों का अंतरराष्ट्रीय महोत्सव, होगा। 21 से 29 मार्च तक विक्रम नाट्य समारोह, 22 मार्च को अभा कवि सम्मेलन, 26-28 मार्च को राष्ट्रीय विज्ञान सम्मेलन और विज्ञान उत्सव होगा। नव सम्वत्सर 30 मार्च को उज्जैनी गौरव दिवस के साथ ही प्रकाशनों का लोकार्पण होगा। वर्ष प्रतिपदा पर सम्राट विक्रमादित्य अलंकरण समारोह होगा, कलाकारों द्वारा सांगीतिक प्रस्तुति दी जाएगी।

### समय से पहले सभी तैयारियां पूर्ण करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कार्यक्रम का प्रारंभ अत्यंत निकट है, अतः सभी विभाग, समन्वयपूर्वक निर्धारित समय से पहले ही सभी तैयारियां पूर्ण करना सुनिश्चित करें। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि महाशिवरात्रि पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार का कष्ट न हो और पर्व की व्यवस्थाएं भी प्रभावित न हों। डॉ. यादव ने कहा कि विक्रमोत्सव में उज्जैन के साथ अन्य स्थानों पर भी सम्राट विक्रमादित्य, भारतीय ऋषि वैज्ञानिक परंपरा, देवी अहिल्याबाई पर केंद्रित प्रदर्शनियां लगाई जाएं। उन्होंने प्रदेश की भीली, गोंडी जैसी जनजातीय बोलियां के कवियों को भी कवि सम्मेलन में शामिल करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित गीत, कविता और रचनाओं को सम्मानित किया जाएगा। विक्रमोत्सव में होने वाले राष्ट्रीय विज्ञान सम्मेलन में ड्रोन और रोबोटिक-शो जैसे आयोजन हों। उन्होंने महाकौशल, बुंदेलखंड, बघेलखंड क्षेत्र में भी विज्ञान सम्मेलन आयोजित करने के निर्देश दिए।

### अजा विद्यार्थियों के छात्रावासों में कराएं बेहतर प्रबंधः सीएम

# डॉ. आंबेडकर विश्वविद्यालय में शुरू होगा विधि संकाय

**सीएम ने की अजा कल्याण योजनाओं की समीक्षा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास में अनुसूचित जाति कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा है कि अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रावास में किसी भी तरह की असुविधा न होने पाएं। सभी छात्रावासों में बेहतर से बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। बच्चों को पढ़ने के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार किया जाए। छात्रावास में प्रवेश लेने के बाद विद्यार्थी केवल अपनी पढ़ाई पर ही अधिकाधिक ध्यान केंद्रित करें, ऐसा समय प्रबंधन किया जाए।

बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अनुसूचित जाति कल्याण विभाग की संचालित योजनाओं की वर्तमान प्रगति और आगामी वित्त वर्ष 2024-25 के लिए तैयार योजना प्रस्तावों एवं आवंटन की स्थिति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अजा वर्ग के लिए सभी कल्याण योजनाओं को प्रभावी तरीके से लागू किया जाए, जिससे समाज के वंचित वर्गों को अधिकतम लाभ मिल सके।

### विधि संकाय के लिए 25 करोड़ रुपए मंजूर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 24 जनवरी को महेश्वर में हुई कैबिनेट में महू स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय में विधि संकाय शुरू करने के लिए 25 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। विधि संकाय प्रारंभ करने के लिए सभी तैयारियां समय रहते कर ली जाएं। प्रमुख सचिव ने बताया कि अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा डॉ. आंबेडकर सामाजिक विज्ञान विवि, महू (इंदौर) को वित्तीय वर्ष 2024-25 में 6 करोड़ 40 लाख रुपए की अनुदान राशि जारी की गई है। बैठक में अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव वित्त मनीष रस्तोगी, प्रमुख सचिव अनुसूचित जाति कल्याण डॉ. ई. रमेश कुमार मौजूद थे।

### शैक्षणिक विकास पर विशेष ध्यान

प्रमुख सचिव अजा कल्याण डॉ. कुमार ने बताया कि अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों के शैक्षणिक उत्थान के लिए छात्रावासों का संचालन, छात्रवृत्ति योजनाओं का क्रियान्वयन, शिक्षा प्रोत्साहन योजनाएं, अनुदान कार्यक्रम और स्वरोजगार योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। अत्याचार निवारण अधिनियम का प्रभावी क्रियान्वयन भी विभाग की विशेष प्राथमिकता में है।

### पटवारी, नाथ ने कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल

# अपराध हद पार, अपराधियों में कानून का नहीं रहा भय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल





ग्वालियर में दिनदहाड़े मां की आंखों में मिर्ची झौंककर मासूम के अपहरण के मामले में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सरकार की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं।

पटवारी ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि अंधेर नगरी के अपराध अब हद पार करते जा रहे हैं। ग्वालियर के मुरार की घटना इसका उदाहरण है। इससे पहले की कानून व्यवस्था में आम नागरिकों की आस्था खत्म हो जाए, जाग जाइए। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सोशल मीडिया पर कहा कि 6 वर्ष के छोटे बच्चे का मां के हाथो से छीनकर दिन दहाड़े की घटना अत्यंत सोचनीय है। यह प्रदेश की कानून व्यवस्था में हर रोज सामने आ रही खामियों का बेहद खतरनाक उदाहरण है। प्रदेश में अपराधियों के हौसले इतने ज्यादा बुलंद हो रहे है कि उन्हें कानून का कोई भय नहीं रहा। अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

### भाजपा सांसद ने की अवैध उत्खनन की पुष्टिः नायक

**भोपाल।** अवैध उत्खनन को लेकर प्रदेश कांग्रेस एक बार पुनः मुखर हो गई है। पार्टी के प्रदेश मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने गुरुवार को कहा कि भाजपा के सांसद दर्शनसिंह चौधरी ने नर्मदा नदीं के ईकों सिस्टम, पानी की गुणवत्ता, टूटते किनारों, उसके प्रवाह और अवैध उत्खनन को लेकर गंभीर सवाल लोकसभा में उठाए। अभी तक कांग्रेस जब अवैध उत्खनन की बात करती थी तो भाजपा के लोग इस पर प्रलाप करते थे, पर अब भाजपा के सांसद ही हमारी बात पर मोहर लगा रहे हैं। अब विपक्ष ही नहीं सत्तापक्ष के लोग भी नर्मदा में अवैध उत्खनन पर सवाल उठा रहे हैं।

### निष्ठा से काम करने वाले अधिकारी-कर्मचारी होंगे सम्मानित

# ऑपरेशन वाइल्ड ट्रैप में वन अपराधों में 429 आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश वन एवं वन्य-जीव संपदा की दृष्टि से सम्पन्न प्रदेश है। प्रदेश में वन्य-जीवों के वास-स्थल पर बढ़ते जैविक दबाव के कारण शिकार परिवहन एवं संगठित गिरोह द्वारा राज्य एवं राज्य के बाहर ही नहीं, अपितु अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी वन्य-जीवों की तस्करी, शिकार जैसे अपराध को रोकने के अभियान चलाए जाते रहे हैं।

वन विभाग द्वारा एक दिसम्बर, 2024 से 31 जनवरी, 2025 तक प्रदेश स्तरीय ऑपरेशन वाइल्ड ट्रैप चलाया गया, जिसमें वन अपराधों में 429 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य-जीव शुभरंजन सेन ने बताया कि प्रदेश में ऑपरेशन वाइल्ड ट्रैप दल में वन विभाग के 22 हजार 610 अधिकारी-कर्मचारी शामिल थे। 931 वन अपराध प्रकरण दर्ज किए गए। इसमें निगरानीशुदा आरोपी 3160, गिरफ्तार आरोपी 429 और 328 वाहन जब्त है। सेन ने बताया कि ऑपरेशन वाइल्ड ट्रैप में वन क्षेत्र में 8 लाख 28 हजार 518 किलोमीटर पैदल और 17 लाख 83 हजार 10 किलोमीटर वाहन द्वारा गश्ती की गई। ऑपरेशन में निष्ठा एवं मेहनत से कार्य करने वाले शासकीय सेवकों को विशिष्ट अवसर पर सम्मानित किया जाएगा।

### 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' अभियान की शुरुआत

# स्वच्छता से होता है सकारात्मक ऊर्जा का संचार : सहकारिता मंत्री सारंग

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छता के संदेश को आत्मसात कर अपने कार्य क्षेत्र को भी स्वच्छ बनाएं। स्वच्छता से ही सकारात्मकता का संचार होता है। जिस प्रकार हम घर और घर के आसपास स्वच्छता रखते हैं, उसी प्रकार अपने कार्यस्थल पर साफ-सफाई के लिए हर माह एक नियत तारीख पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

सारंग ने गुरुवार को अपेक्स बैंक मुख्यालय परिसर में झाड़ू लगाकर अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के तहत चलाए जा रहे 'स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता' अभियान की शुरूआत की। पूरे प्रदेश में 10 हजार से अधिक सहकारी संस्थाओं के परिसरों में यह अभियान एक साथ चलाया गया।



**स्वभाव और संस्कारों में भी स्वच्छता जरूरी**

*मंत्री सारंग ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 अंतर्गत सहकारिता का उन्नयन, विकास और सहकारिता के माध्यम से देश का नवनिर्माण करना ही लक्ष्य है। समाज और देश के नवनिर्माण के लिए सहकारिता के माध्यम से पूरी कार्य पद्धति को सार्थक और सकारात्मक बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने स्वभाव और संस्कारों में भी स्वच्छता के साथ काम करने की बात कही।*

### नवाचार और विकास की संभावनाओं के प्रमुख केंद्र के रूप में बनाई पहचान

# खाद्य प्रसंस्करण, कृषि क्षेत्र में निवेश के लिए प्रमुख केंद्र बनकर उभरा मप्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

### पेटेंट और गुणवत्ता प्रमाणन के लिए वित्तीय सहायता और बिजली शुल्क में छूट

मध्यप्रदेश की उपजाऊ भूमि केवल भरपूर फसल ही नहीं, बल्कि नवाचार, सतत विकास और वैश्विक निवेश के नए द्वार भी खोल रही है। सरकार के इस रूपांतरणकारी प्रयास में दुनिया भर के निवेशकों को शामिल होने का आमंत्रण दिया जा रहा है।

प्रदेश ने अपनी समृद्ध कृषि परंपरा और उन्नत कृषि तकनीकों के बल पर खुद को देश की फूड बास्केट के रूप में स्थापित किया है। राज्य को अब तक सात कृषि कर्मण पुरस्कार मिल चुके हैं, जो इसकी कृषि क्षेत्र में मजबूती को दर्शाते हैं। मध्यप्रदेश खाद्य प्र-संस्करण और कृषि क्षेत्र में निवेश के लिए एक प्रमुख केंद्र बनकर उभर रहा है।



### मध्यप्रदेश में 'श्वेत क्रांति' का विस्तार, दुग्ध उत्पादन में वृद्धि

*मध्यप्रदेश में 'श्वेत क्रांति' तेजी से अपने पैर पसार रही है। राज्य में 2012 से 2023 के बीच दूध उत्पादन में जबरदस्त वृद्धि दर्ज की गई है। इस विस्तार को डेयरी इन्वेस्टमेंट एक्सेलेरेटर जैसी योजनाओं से मजबूती मिली है, जो निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल तैयार कर डेयरी उद्योग के विकास को प्रोत्साहित कर रही है। मध्यप्रदेश दूध उत्पादन और उपलब्धता में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी स्थिति लगातार मजबूत कर रहा है। प्रति व्यक्ति दूध उपलब्धता (591 ग्राम प्रति दिन) में मध्यप्रदेश छठवें स्थान पर है। राष्ट्रीय सीएजीआर 6.18% की तुलना में मध्यप्रदेश की वृद्धि दर 8.60% है। देश के कुल दूध उत्पादन में मध्यप्रदेश का योगदान वर्ष 2023 में 8.73% था।*

### खाद्य और डेयरी प्रोसेसिंग में एमएसएमईएस को बढ़ावा

राज्य सरकार सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को खाद्य और डेयरी प्रोसेसिंग में आगे बढ़ाने के लिए कई प्रोत्साहन योजनाएं चला रही है, जिनमें औद्योगिक विकास सब्सिडी, पेटेंट और गुणवत्ता प्रमाणन के लिए वित्तीय सहायता और बिजली शुल्क में छूट शामिल है।

### पीएमएफएमई योजना से खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को मिल रहा लाभ

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना के तहत क्रेडिट-लिंक्ड सब्सिडी से खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को आर्थिक सहायता मिल रही है, जिससे इस क्षेत्र में नए निवेश को बढ़ावा मिल रहा है।

### बड़े निवेशकों के लिए आकर्षक सुविधाएं

राज्य सरकार 50 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश करने वाले बड़े उद्योगों को विशेष प्रोत्साहन दे रही है। इसमें निर्यात इकाइयों को लाभ, हरित औद्योगिकीकरण (ग्रीन इंडस्ट्रिलाइजेशन) को बढ़ावा और कोल्ड चेन और वेयरहाउस जैसे खाद्य प्रसंस्करण बुनियादी ढांचे में सहयोग प्रदान किया जा रहा है। मध्यप्रदेश सरकार के इन प्रयासों से राज्य का खाद्य और डेयरी उद्योग नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

### ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 सीड टू शेल्फ सत्र पर फोकस

25 फरवरी को 'इंवेस्ट मध्यप्रदेश-ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025' के तहत सीड टू शेल्फ थीम पर एक विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा। इस सत्र का उद्देश्य कृषि, खाद्य प्रसंस्करण और बागवानी क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा देना होगा। इस सत्र में अधिकारी, उद्योग जगत के दिग्गज और निवेशक एक मंच पर आएंगे, जिससे नई साझेदारियों और व्यापारिक अवसरों का मार्ग प्रशस्त होगा। यह पहल मध्यप्रदेश को कृषि और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### खाद्य प्रसंस्करण में निवेश का हब बना मध्यप्रदेश

राज्य सरकार की निवेश नीति को उद्योग जगत के सकारात्मक रुझान से बल मिल रहा है। पेप्सी-को, कोका कोला और अमूल जैसी शीर्ष वैश्विक कंपनियां पहले ही राज्य में निवेश कर चुकी हैं, जिससे यह क्षेत्र निवेशकों के लिए और भी आकर्षक बन गया है।

### शिकायत नहीं निपटाने वाले अफसरों को देंगे नोटिस

# सीएम हेल्पलाइन की 15 हजार शिकायतें पेंडिंग, जवाब तलब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नए साल में भी सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण समय पर नहीं किया जा रहा है। कुछ विभागों के अधिकारियों द्वारा अब भी लापरवाही बरती जा रही हैं। यही कारण है कि सीएम हेल्पलाइन पर भोपाल जिले की 15 हजार 600 शिकायतें लंबित हैं।

ऐसे में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा जाएगा। यह निर्देश कलेक्टर कोशलेंद्र विक्रम सिंह ने अफसरों को दिए हैं। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण करने में सहकारिता, स्वास्थ्य विभाग की स्थिति सबसे खराब है। इन विभागों में आने वाली शिकायतों का समय पर निराकरण नहीं किया जा रहा है। वहीं जिम्मेदार अधिकारी भी जवाब नहीं दे रहे हैं। ऐसे में सहकारिता उपायुक्त, स्वास्थ्य विभाग के सीएमएचओ सहित पीएचई विभाग के अधिकारियों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं।

### जनवरी में दर्ज हुईं थी 12 हजार शिकायतें

*भोपाल जिले में सीएम हेल्पलाइन पर विभिन्न विभागों की 12 हजार 117 शिकायतें दर्ज की गईं थी। जिनमें से सात हजार 377 शिकायतों का निराकरण किया गया है। जबकि चार हजार 740 शिकायतें अब भी लंबित हैं। वहीं जिले की अब तक 15 हजार 600 शिकायतें लंबित हैं और 50 दिन से अधिक समय से सात हजार 563 शिकायतों को निराकरण का इंतजार है।*



मानव संग्रहालय में 24-25 फरवरी को होने वाली जीआईएस की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं।



*प्रभारी मंत्री ने समिट की तैयारियों को लेकर की बैठक*

## शहर में दो दिन रहेगा उत्सवी माहौल चौराहों पर होगी आकर्षक सजावट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आगामी 24 और 25 फरवरी को भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों को लेकर भोपाल जिले के प्रभारी मंत्री चैतन्य काश्यप ने जिला पंचायत सभाकक्ष में अफसरों की बैठक की। जिसमें दो दिन तक उत्सवी माहौल बनाने की बात कही गई। उन्होंने कहा कि इस मौके पर चौराहों पर सजावट की जाए। बैठक में मंत्री ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में आयोजित होने वाली समिट की तैयारियों की समीक्षा की और सभी व्यवस्थाओं को समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समिट में आने वाले




मेहमानों का आत्मीय स्वागत किया जाए और भोपाल में उत्सव जैसा माहौल बनाया जाए। उन्होंने शहर के प्रमुख चौराहों की आकर्षक सजावट के निर्देश भी दिए।

### टीटी नगर में दर्ज हुई दूसरी एफआईआर

## जीआईएस पूर्व गांधी नगर से रंगमहल तक हटेंगे भिखारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर के राष्ट्रीय इंदिरा गांधी मानव संग्रहालय में 24 से 25 फरवरी को आयोजित होने वाली ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट (जीआइएस) से पहले गांधीनगर से रंगमहल चौराहा तक सभी भिखारियों को हटाया जाएगा। टीमों ने निरीक्षण शुरू कर दिया है। टीमें भीख देने व लेने वालों पर एफआईआर दर्ज करा रही हैं। एमपीनगर थाने में पहली एफआईआर के बाद टीटीनगर थाने में दूसरी एफआईआर टीम ने दर्ज कराई गई है।

यहां एक युवती द्वारा महिला भिक्षुक को भीख दी जा रही थी। जिसकी टीम ने वीडियोग्राफी कर सबूत सहित थाने में शिकायत दर्ज कराई है। बता दें कि जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी ने बुधवार को गांधीनगर से रंगमहल चौराहा तक भिखारियों को पकड़ने व भीख देने वालों पर कार्रवाई करने के लिए टीमें गठित की हैं।

दरअसल, कोहेफिजा निवासी मोहन सोनी ने बताया कि गुरुवार को दोपहर पौने दो बजे रंगमहल पर टीम के साथ पहुंचे तो वहां करीब 70 वर्षीय वृद्धा को एक युवती ने पैसे दिए, जिसका वीडियो बनाया गया। युवती और महिला से नाम-पता पूछा तो उन्होंने कोई जानकारी नहीं दी। साथ ही वृद्ध महिला को भिक्षु गृह चलने के लिए कहा तो मना कर दिया। इसके बाद युवती व महिला चले गए। पुलिस ने उनकी शिकायत पर वृद्ध महिला व युवती के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

*छात्रा ने दी वृद्धा को भीख, टीटी नगर थाने में दर्ज कराई गई एफआईआर*

*भिक्षु महिला से भिक्षु गृह जाने का कहा तो उसने किया साफ इन्कार*



### चार टीमें रख रही भिखारियों पर नजर

जिला पंचायत सीईओ ने आदेश जारी करते हुए चार टीमों का गठन किया है। यह टीमें गांधीनगर बस स्टाप, एयरपोर्ट चौराहा, आशाराम चौराहा, लालघाटी चौराहा, रेतघाट, पालीटेक्निक चौराहा, रोशनपुरा और रंगमहल चौराहा पर निरीक्षण कर भिखारियों को एकत्र करे और जानकारी देंगे। इसके साथ ही मोहन सोनी और संगीता नेल्लोर को थानों में एफआइआर दर्ज कराने के लिए नियुक्त किया है।

### कार्रवाई के लिए वीडियोग्राफी जरूरी

भिक्षावृत्ति के मामले में एफआइआर कराने के लिए पुलिस को वीडियोग्राफी के तौर पर सबूत देना बहुत जरूरी है। बिना सबूत के पुलिस एफआइआर नहीं कर रही है। ऐसे में अब टीमों के द्वारा भीख देने व लेने वाले दोनों का पहले वीडियो बनाया जा रहा है। इसके बाद थाने में शिकायत करते हुए कार्रवाई कराई जा रही है। इसी के चलते एमपीनगर और टीटीनगर थाने में दो एफआईआर दर्ज हो चुकी है।

*आज और बढ़ सकती है सर्दी, कल के बाद मिलेगी राहत*

## फरवरी में दो साल की सबसे सर्द रात, कोल्ड वेव जैसे हालात


*भोपाल में न्यूनतम पारे में सर्वाधिक 5.2 डिग्री की गिरावट के साथ पारा 8.4 डिग्री पर, यह सामान्य से 4.2 डिग्री कम, 2 फरवरी 2023 को रहा था 6.5 डिग्री तक*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में लगातार दूसरे दिन तापमान में गिरावट रही। इससे राजधानी में दो साल की सबसे सर्द रात रही। साथ ही कोल्ड वेब के हालात बने रहे। रात का पारा सामान्य से 4.2 डिग्री नीचे पहुंचने से शीतलहर के हालात बने रहे। शुक्रवार रात दशमलव 3 डिग्री तक पारा और गिरा तो कोल्ड वेब हो सकती है।

मौसम केंद्र के अनुसार शनिवार तक तापमान में कमी रहेगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म होने के साथ हवाएं उत्तरी हुई हैं। इससे पहाड़ों पर हुई बर्फवारी का असर भोपाल सहित पूरे प्रदेश में पड़ रहा है। इसी कारण गुरुवार को रात के तापमान में तेजी से गिरावट रही है। यह क्रम शनिवार तक चलेगा, इसके बाद पारे में तेजी से बढ़त होगी।

पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म होने से बढ़ी सर्दी, पहाड़ों पर बर्फबारी के बाद शाजापुर, राजगढ़ की ओर से आ रही ठंडी हवाओं ने रिकॉर्ड स्तर पर गिराया पारा



### दो साल में सबसे ठंडी रात

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार पिछले साल 9 फरवरी को महीने का सबसे कम रात का पारा 9 डिग्री तक रहा था। इसके बाद गुरुवार रात 8.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। 2 फरवरी 2023 को फरवरी का सबसे कम न्यूनतम पारा 6.5 डिग्री तक पहुंच चुका है।

### 15 फरवरी से पहले सर्दी का रिकॉर्ड

15 फरवरी से पहले महीने का न्यूनतम पारा सबसे कम स्तर तक पहुंचता है, इसके बाद बढने लगता है। जबकि 15 से 28 तारीख के बीच अधिकतम तापमान सबसे अधिक रिकार्ड होता है। अभी दो दिन सर्दी का असर रहेगा। इसके बाद दिन की गर्मी रिकार्ड बनाएगी।

### सबसे अधिक भोपाल में गिरावट

बर्फीली हवाएं शाजापुर, राजगढ़, सीहोर के रास्ते भोपाल पहुंच रही हैं। इससे इन जिलों सहित 5 से अधिक जिलों में तेज सर्दी है। सबसे रात के तापमान में कमी भोपाल में 5.2 डिग्री की रही है, जबकि सबसे कम रात का पारा शाजापुर में 7 डिग्री रहा है।

*ओवरस्पीड के कारण चेतक ब्रिज पर हुआ हादसा*

## लेंडरोवर कार ने दो एक्टिवा को मारी टक्कर, महिला सहित तीन घायल



### होने लगा था ट्रैफिक जाम

हादसे के बाद कार मुख्य सड़क पर पलटी थी। आने जाने वाले रुककर वीडियो बनाने लगे। लिहाजा जाम की स्थिति बनने लगी थी। घटना की जानकारी मिलते ही गोविंदपुरा पुलिस मौके पर पहुंची। इधर, ट्रैफिक पुलिस भी क्रेन लेकर पहुंच गई थी। लोगों की मदद से पुलिस ने कार को सीधा किया और क्रेन से लेकर गोविंदपुरा थाने पहुंची थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

चेतक ब्रिज पर गुरुवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे एक तेज रफ्तार लेंडरोवर फ्रीलेंडर कार ने दो एक्टिवा को टक्कर मार दी। इसके बाद कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इस हादसे में एक्टिवा सवार महिला समेत दो लोगों को चोट आई है। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। टक्कर लगने से महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। टक्कर मारने वाली कार टायर व्यापारी की बताई जा रही है। घटना के समय वह और उनका ड्राइवर कार में मौजूद था।

जानकारी के अनुसार दो अलग अलग स्कूटर पर धर्मेंद्र गुर्जर, सुभाष और जया राठौर चेतक ब्रिज से गुजर रही थी। इस दौरान दोपहर करीब साढ़े 12 बजे टॉकिज से अन्ना नगर की तरफ जा रही ओरवस्पीड लैंडरोवर फ्रीलेंडर कार ने धर्मेंद्र, सुभाष और जया राठौर की एक्टिवा को टक्कर मार दी।

टक्कर मारने के बाद कार चला रहे ड्राइवर ने कार रोकने की बजाय उसकी रफ्तार और बढ़ा दी। भागने की फिराक में कार डिवाइडर से टकराई थी और पलट गई। कार के सभी ऐयरबैग खुल गए थे। बताया जाता है कि हादसे के समय कार में ड्राइवर और मालिक जयस दुग्गल मौजूद थे। जयस दुग्गल एमआरएफ टायर के व्यापारी बताए जा रहें हैं। कार पलटने के बाद एयरबैग खुलने से उन्हें गंभीर चोट तो नहीं आई है, लेकिन सीने में अंदरुनी चोट हैं और उन्हें भी अस्पताल पहुंचाया गया था।

*जोन 8 में 2 बकायादारों की प्रॉपर्टी भी की कुर्क*

## दस लाख रु. प्रॉपर्टी टैक्स जमा न करने पर जनकपुरी हाउसिंग सोसाइटी की जमीन कुर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मार्च माह के पहले ही नगर निगम ने प्रॉपर्टी टैक्स नहीं चुकाने वाले बड़े बकायादारों की प्रॉपर्टी कुर्क करना शुरू कर दी है। गुरुवार को निगम की टीम ने वार्ड 83 स्थित जनकपुरी हाउसिंग सोसाइटी की जमीन कुर्की का नोटिस चस्पा किया है। समिति ने निगम का दस लाख रुपए से अधिक बकाया जमा नहीं किया है, जिसके लिए कई बार नोटिस दिए गए थे। इसी तरह वार्ड 28 में दो बकायादारों की प्रॉपर्टी कुर्क की गई है।

निगम अमले ने वार्ड 83 के तहत जनकपुरी हाउसिंग सोसाइटी की जमीन को अधिग्रहित कर लिया है। समिति ने वर्ष 2019-20 से वर्तमान तक प्रॉपर्टी टैक्स की बकाया राशि 10 लाख 12 हजार 801 रुपए की राशि का भुगतान न किए जाने पर समिति के आधिपत्य की भूमि को अधिग्रहित करने की कार्यवाही की। इसके साथ वार्ड 28 में आंबेडकर नगर स्थित राकेश दुबे और इसी वार्ड के सुदामा नगर में शंकर का मकान कुर्ककिया है।



कार्रवाई के बाद टीम ने लगया बोर्ड।

### 31 के पहले जमा करने पर पचास फीसदी छूट

नगर निगम ने करदाताओं से अपील की है कि वह अपने सम्पत्तिकर, जलदर सहित अन्य करों का भुगतान करें और अधिभार से बचें। निगम ने अपील की है कि वह वित्तीय वर्ष 2024-25 के संपत्तिकर का भुगतान 31 मार्च तक करने और आवासीय उपयोग की संपत्तियों पर मिलने वाली 50 प्रतिशत की रियायत का लाभ उठाएं।

### विस्थापन को लेकर चल रही जद्दोजहद विरोध में उतरे रहवासी

## दो महीने की मोहलत, पंद्रह दिन में हटने का थमा दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सुभाष नगर स्थित मोतीनगर से रेलवे की चौथी लाइन और रेलवे ओवर ब्रिज के तीसरे हिस्से का निर्माण किया जाना है। इसके लिए मोतीनगर में 381 झुग्गी अब भी मौजूद हैं, लेकिन रहवासियों के विरोध के कारण कार्रवाई नहीं हो पा रही है। एक हफ्ते पहले कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह बोर्ड परीक्षाओं को देखते हुए दो महीने की मोहलत दी है, लेकिन एमपी नगर एसडीएम ने रहवासियों को 15 दिन में हटने का नोटिस दिया है। हालांकि रहवासियों ने इन परिवारों के विस्थापन को लेकर नोटिस लेने से इंकार कर दिया है।



रहवासियों की मांग है कि पहले उन्हें जगह दी जाए, फिर वह झुग्गियां खाली कर देंगे। एसडीएम एमपीनगर लक्ष्मीकांत खरे का कहना है कि मोतीनगर में झुग्गियों को हटाने की कार्रवाई की जाएगी। रहवासियों को नोटिस जारी कर 15 दिन का समय दिया गया है, हालांकि रहवासियों ने नोटिस लेने से मना कर दिया है।

### हॉकर्स कॉर्नर में शिफ्ट की शराब दुकान

मोती नगर मेन रोड से दुकानें हटाने के बाद शराब दुकान को खेल मैदान किनारे स्थित हॉकर्स कॉर्नर की जगह पर शिफ्ट कर दिया गया है। नगर निगम ने शराब दुकान के लिए कॉर्नर पर जगह दी है, जिसकी वजह से मुख्य सड़क पर वाहन पार्क किए जा रहे हैं। फिलहाल शराब दुकान को टेंट में चलाया जा रहा है।

### जीएमसी में पूर्व छात्र संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन

**भोपाल।** गांधी मेडिकल कॉलेज में पूर्व छात्र संगठन की नई कार्यकारणी का गठन हुआ है। जिसके अध्यक्ष डॉ. गुरुदत्त तिवारी और सचिव डॉ अजय मेहता को बनाया गया है। डॉ. गुरुदत्त तिवारी ने एग्जेक्युटिव समिति के विभिन्न सदस्यों का मनोनयन किया गया।

एलुमनी समिति ने कई जटिल व प्राणघातक बीमारियों जैसे सिकल सेल, थैलीसीमिया, कैंसर की रोकथाम, तंबाखू व नशीली वस्तुओं से मुक्ति, तथा ऑर्गन डोनेशन प्रमोशन के लिए तथा सामाजिक स्वास्थ्य के लिए कार्य करने का निश्चय किया है। इसी कड़ी में स्वास्थ्य चेतना जगाने के लिए 16 फरवरी को आयोजित मैराथन में एलुमनी के सदस्य भाग लेंगे।

### आज घर से निकलें तो देख ले ट्रैफिक प्लान, वर्ना होंगे परेशान

## उपराष्ट्रपति के दौरे व केंद्रीय मंत्री के पुत्र के विवाह समारोह के चलते आज बदली रहेगी राजधानी की यातायात व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर राजधानी में रहेंगे। वे केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के पुत्र के वैवाहिक समारोह में शामिल होंगे। इसके चलते भोपाल शहर की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया। ऐसे में शुक्रवार को घर से निकलने से पर ट्रैफिक व्यवस्था की जानकारी लेकर घर से निकलें। जानकारी के अनुसार विशेष विमान से उपराष्ट्रपति ओल्ड एयरपोर्ट पहुंचकर सागर ग्रीन कोलार रोड, राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी भदभदा एवं वाना ग्रीन गार्डन नीलबड़ में विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होगे।

### ऐसी रहेगी यातायात व्यवस्था

- ओल्ड एयरपोर्ट से उपराष्ट्रपति रवाना होकर स्टेट हेंगर तिराहा, लालघाटी, वीआईपी रोड, रेतघाट, पॉलिटेक्निक, स्मार्ट रोड, भदभदा, साक्षी ढाबा केरवा डेम रोड़, कलियासोत रोड, जेएलयू होकर सागर ग्रीन पहुचेंगे।
- विषेष प्लेन ओल्ड एयर पोर्ट लैण्ड होने पर गांधीनगर, एयरपोर्ट की ओर से आने वाला यातायात गांधीनगर, आशाराम तिराहा से करोंद, होकर परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा, जो यातायात पॉलिटेक्निकसे वीआईपी रोड आएगा। इसके बाद उसे मोती मस्जिद, सदर मंजिल, लालघाटी ओवर ब्रिज से संचालित किया जाएगा।
- रोशनपुरा डिपो चौराहे से पॉलिटेक्निक की ओर आने वाला यातायात गांधीपार्क, पुराना पुलिस कन्ट्रोल रूमा, तलैया थाना, भारत टॉकीज हमीदिया रोड़ होकर आ-जा सकेगा।
- बाणगंगा, खटलापुरा मार्ग भी सामान्य यातायात के लिए खुला रहेगा परन्तु आवश्यकतानुसार रोका जाना प्रस्तावित है।

### केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह के पुत्र के वैवाहिक में होंगे शामिल

वाना ग्रीन -नीलबड़ माननीय केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह के पुत्र के वैवाहिक कार्यक्रम स्थल पर आने वाले उपराष्ट्रपति, केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, राज्यपाल मप्र एवं राज्यपाल छत्तीसगढ़, मुख्यमंत्री एवं यूपी के सीएम आदि का आगमन प्रस्तावित हैं। प्रमुख अतिथियों के वाहनों के दबाव को देखते हुए यातायात व्यवस्था में बदलाव रहेगा।

### इस दौरान यह रहेगी यातायात व्यवस्था

- सीहोर- बिलकिसगंज की ओर से आने वाले चार पहिया वाहन चालक जिनको वैवाहिक कार्यक्रम में सम्मिलित नहीं होना है वह खजूरी रोड बैरागढ़ से होकर भोपाल आ-जा सकेंगे।
- भोपाल से खजूरी सीहोर की ओर आने जाले वालों वाहन पॉलिटेक्निक कॉलेज से वीआईपी रोड़ बैरागढ़ होकर आ-जा सकेंगे।
- जो वाहन विवाह स्थल आ रहे हैं उन्हें अलग पार्किंग दी गई है। साथ पार्किंग से वापसी के लिए बिल्ला बोंग स्कूल होकर गोरेगांव से सूरज नगर होकर वापस भोपाल की ओर आ सकेगें। वापसी में साक्षी ढाबा वाला मार्ग प्रतिबंधित रहेगा।

**जन्मदिन उत्सव**

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह मार्च का फार्मेट का प्रकाशन 10 फरवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 15 फरवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

# कलेक्टर द्वारा दिए गए चुनाव निरस्त के आदेश पर हाईकोर्ट का 'स्थगन'

## फिर आया न्यू मार्केट व्यापारी महासंघ के चुनावी रार में नया मोड़

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



**महासंघ के निर्विरोध संपूर्ण कार्यकारिणी को निरस्त करने के आदेश का मामला हाईकोर्ट की ड्योढ़ी पर**

राजधानी के कनाट प्लेस न्यूमार्केट के व्यापारियों की संस्था न्यूमार्केट व्यापारी महासंघ में दो व्यापारिक गुटों में छिड़ी वर्चस्व की जंग जो रजिस्ट्रार फर्म ऑफ सोसायटी तक सीमित थी। लेकिन जिला दंडाधिकारी (कलेक्टर) कौशलेंद्र विक्रम सिंह की दखलंदाजी के और महासंघ के निर्विरोध हुई संपूर्ण कार्यकारिणी को निरस्त करने के आदेश के बाद मामला जबलपुर हाईकोर्ट की ड्योढ़ी पर पहुंच गया है।

जहां एक बार फिर नया और दिलचस्प मोड़ आया गया है। नवनिर्मित महासंघ की कार्यकारिणी की ओर एडवोकेट आलोक तिवारी ने जबलपुर हाईकोर्ट में याचिका दायर की है जिसकी गुरूवार को हुई पेशी में जबलपुर हाईकोर्ट के न्यायाधीश ने कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निरस्तीकरण आदेश को आगामी आदेश तक के लिए स्थगित कर दिया है।

गौरतलब है कि 29 जनवरी को नामांकन फॉर्म जमा करने की अंतिम दिन जमा हुए नामांकन फॉर्म के साथ ही अघोषित रूप से चुनाव परिणाम भी आ गए थे। क्योंकि मुख्य चुनाव अधिकारी सुदीप गुप्ता के समक्ष 5 पदाधिकारी पद और 5 कार्यकारिणी पद के लिए कुल 11 नामांकन फॉर्म जमा हुए। जिसमें एक नामांकन पत्र ओवरराइटिंग के चलते निरस्त हो गया था। मसलन जमा हुए सभी पदों के नामांकन फॉर्म निर्विरोध हो गए थे और चुनाव अधिकारी गुप्ता ने अध्यक्ष नानक सिंह दुआ, उपाध्यक्ष संजय बलेचा, सचिव अजय अग्रवाल, सह सचिव विकास जोगी और कोषाध्यक्ष महेश खुराना को घोषित किया जबकि 5 कार्यकारिणी सदस्य पद पर दीपक राठौर, प्रीतम माधवानी, हेमंत मीणा, तनय जैन और हिमांशु राठौर को निर्वाचित करार दिया।

# हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के वार्षिक सम्मेलन में बतौर मुख्य वक्ता के रुप में शामिल होंगी उद्योगपति नीता अंबानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंबई



रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन नीता अंबानी, भारतीय व्यापार, नीति और संस्कृति पर हार्वर्ड विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित वार्षिक भारत सम्मेलन में मुख्य भाषण सत्र देंगी, जिसमें वह प्रसिद्ध अकादमिक और हार्वर्ड बिजनेस स्कूल के पूर्व डीन नितिन नोहरिया के साथ भारत की कला और संस्कृति के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करेंगी और कैसे वे आधुनिक दुनिया में भारत को स्थापित करने में एक मजबूत भूमिका निभा सकते हैं। यह सम्मेलन 15-16 फरवरी को अमेरिका के हार्वर्ड विश्वविद्यालय में आयोजित किया जाएगा और इसमें 1000 से अधिक प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है।

### वार्षिक वैश्विक सम्मेलन एक छात्र-संचालित मंच

*भारतीय व्यापार, नीति और संस्कृति पर यह वार्षिक वैश्विक सम्मेलन एक छात्र-संचालित मंच है जो भारत की समृद्ध विविधता की खोज करता है, एक प्रमुख वैश्विक शक्ति के रूप में देश के उदय पर प्रकाश डालता है। 22 वर्षों से अधिक समय से, हार्वर्ड के स्कूलों के छात्र व्यवसाय, अर्थशास्त्र, शिक्षा और संस्कृति जैसे क्षेत्रों के विशेषज्ञों की मेजबानी करने के लिए एकजुट हुए हैं, जो उपस्थित लोगों को भारत के वर्तमान परिदृश्य और भविष्य की संभावनाओं पर एक सर्वांगीण दृष्टिकोण प्रदान करते हैं।*

### भारतीय नवाचार, विचार दुनिया भर में साझा

*भारत से विश्व तक - जिसका उद्देश्य एक वैश्विक योगदानकर्ता के रूप में भारत की यात्रा का जश्न मनाना और यह पता लगाना है कि कैसे भारतीय नवाचार, विचार दुनिया भर में साझा शांति और समृद्धि के लिए मार्ग तैयार कर रही हैं। अंबानी दुनिया में भारत की सबसे प्रभावशाली महिला उद्यमी में से एक बनकर उभरी हैं, जिन्होंने भारत की विनम्र शक्ति को प्रदर्शित करने और कला, शिल्प, संस्कृति, खेल, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में भारत के सर्वश्रेष्ठ को दुनिया के सामने और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ को भारत के सामने लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने एक ऐसे भारत को प्रस्तुत करने में मदद की है जो न केवल अपनी आधुनिकता और विकास के कारण, बल्कि 'वसुधैव कुटुंबकम' - दुनिया एक बड़ा परिवार है - के केंद्रीय संदेश के साथ गहरे मूल्यों और परंपराओं से जुड़ा हुआ है, जो दुनिया के लिए प्रासंगिक है।*

## खबर संक्षेप

### आईसीआईसीआई बैंक ने इकाइयां स्थापित कीं

**मुंबई।** आईसीआईसीआई बैंक ने कामकाज के दौरान सस्टेनेबिलिटी को बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत वायुमंडलीय नमी से पीने योग्य पानी बनाने के लिए अत्याधुनिक तकनीक को अपनाने की घोषणा की है। बैंक ने वायुमंडलीय नमी से प्रतिदिन 8,000 लीटर पीने योग्य पानी बनाने के लिए इकाइयाँ स्थापित की हैं, जिससे इन पाँच कार्यालयों में 4,200 कर्मचारियों को लाभ होगा - बेंगलुरु, हैदराबाद और मुंबई में एक-एक और चेन्नई में दो। इन इकाइयों को वायुमंडलीय जल जनरेटर के रूप में जाना जाता है।

### भारत में होगी तैयार नई नथिंग फोन थ्रीए

**नई दिल्ली।** लंदन की टेक कंपनी नथिंग ने ऐलान किया है कि उसकी नई नथिंग फोन थ्रीए सीरीज पूरी तरह भारत में बनाई जा रही है। यह घोषणा कंपनी की उस प्रतिबद्धता के अनुरूप है, जिसमें भारत की समृद्ध मैन्युफैक्चरिंग क्षमताओं का उपयोग करने, स्थानीय अर्थव्यवस्था में निवेश करने और टेक्नोलॉजी इनोवेशन को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा गया है। चेन्नई स्थित इसके कारखाने में 500 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, जहां फोन (थ्रीए) सीरीज़ का निर्माण किया जा रहा है। इन कर्मचारियों में से 95 फीसदी महिलाएं हैं।

### खजांची का शुद्ध लाभ 113 फीसदी बढ़ा

**मुंबई।** खजांची ज्वेलर्स लिमिटेड ने वित्तवर्ष 2025 के तिमाही के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। जिसमें कंपनी की कुल आय 393.88 करोड़, वार्षिक वृद्धि 89.65 फीसदी, एबिटडा 16.48 करोड़, वार्षिक वृद्धि 56.73 फीसदी, एबिटडा मार्जिन 4.18 फीसदी रही। खजांची ज्वैलर्स लिमिटेड के संयुक्त प्रबंध निदेशक, राजेश कुमार ने कहा, कि तिमाही में मजबूत वित्तीय प्रदर्शन की रिपोर्ट करते हुए बेहद प्रसन्न हैं।

### टीटी ग्रुप और एफकॉम कार्गो ने की साझेदारी

**चेन्नई।** टीटी ग्रुप और एफकॉम कार्गो ने अपनी सामरिक साझेदारी के एक महत्वपूर्ण विस्तार की घोषणा की है, जो मूल रूप से 2022 में स्थापित की गई थी, जो अब कई घरेलू और अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों तक फैली हुई है। टीटी ग्रुप एएफसीओएम कार्गो द्वारा अपने मालवाहक बेड़े का विस्तार करने के साथ, यह सहयोग गतिशील हवाई माल ढुलाई क्षेत्र में एक प्रमुख मील का पत्थर है।

### वनप्लस की 'रेड रश डेज़' सेल

**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी ब्रांड वनप्लस ने भारतीय समुदाय के लिए एक नई रोमांचक पहल ' रेड रश डेज़' सेल की घोषणा की - जो 11 फरवरी 2025 से 16 फरवरी 2025 तक चलेगी। इस अवधि के दौरान, भारतीय लोग फ्लैगशिप स्मार्टफोन, नॉर्ड सीरीज सहित वनप्लस के पसंदीदा उत्पादों पर विशेष छूट, बैंक ऑफर है।

# ओह... टमाटर के बुरे हाल, किसान बेहाल मंडी में भाव 2 से 3 रुपए किलोग्राम हुए

## लागत तो दूर, नहीं मिल रहा किराया भाड़ा और मजदूरी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

अहा... टमाटर बड़ा मजेदार । भाव सस्ते होने से यकीनन उपभोक्ताओं पर यह कविता चरितार्थ हो रही है और खरीदार खुश है। लेकिन टमाटर उत्पादक किसान बेहाल है क्योंकि थोक सब्जी मंडियों में टमाटर बेभाव (2 से 3 रुपए किलो) बिक रहा है। जिससे उनको उत्पादक लगात मिलना तो दूर, खेत से मंडी तक लाने का किराया-भाड़ा और मजदूरी तक नहीं मिल रहा है।

स्थानीय पंडित लक्ष्मीनारायण कृषि उपज मंडी के सब्जी यॉर्ड स्थित टमाटर अड़तिया राजेन्द्र सैनी के अनुसार मंडी में इन दिनों टमाटर की बंपर आवक हो रही है। टमाटर की खेती करने वाले किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। क्योंकि थोक मंडी टमाटर 70 से 80 रुपए कैरेट (22 से 24 किलो) बिक रहा है। जिस कारण किसानों को उसकी मूल लागत भी नसीब नहीं हो रही है।

### परिवहन का खर्च भी नहीं निकल पा रहा



खजूरीकलां स्थित किसान मिश्रीलाल राजपूत के अनुसार बीज, खाद, कीटनाशक और परिवहन का खर्च भी नहीं निकल पा रहा। कम कीमत के कारण क्षेत्र के किसान फसल मवेशियों को खिलाने को मजबूर हो रहे हैं।

**कोल्ड स्टोरेज की कमी के कारण किसान भारी नुकसान झेल रहे**

किसान नेता और पूर्व मंडी अध्यक्ष भागीरथ पाटीदार ने कहाकि खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों और कोल्ड स्टोरेज की कमी के कारण किसान भारी नुकसान झेल रहे हैं। सरकार को भंडारण सुविधाएं बढ़ाने और प्रसंस्करण इकाइयों को बढ़ावा देने पर ध्यान देना चाहिए, ताकि किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य मिल सके।

### फूल गोभी और पत्ता गोभी की भी हालत खस्ता

*सैनी ने बताया कि मंडी में बेभाव टमाटर बिकने से कुछ किसानों ने अपनी फसल मवेशियों को खिला रहे है। यहीं हाल फूल गोभी और पत्ता गोभी की भी है। मंडी में फूलगोभी और पत्ता गोभी 4 से 5 रुपए कि लो के दाम पर बिक रही है। जबकि मटरफली 10 से 12 रुपए किलो बिक रही है। बताया जा रहा कि तीन -चार महीने की मेहनत के बाद भी कटाई पर खर्च की गई मजदूरी नहीं निकल पा रही।*

## अब होगी निवेशकों की मदद

# सेबी ने लांच किया नया डिजिटल प्लेटफॉर्म मित्रा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सेबी ने अपना नया डिजिटल प्लेटफॉर्म मित्रा को लॉन्च कर दिया. इसकी मदद से निवेशक निष्क्रिय और बिना दावे वाले म्यूचुअल फंड फोलियो का पता लगा सकेंगे। म्यूचुअल फंड इन्वेस्टमेंट ट्रेसिंग एंड रिट्रीवल असिस्टेंट के नाम से बनाए गए इस प्लेटफॉर्म के इस्तेमाल से ऐसे म्यूचुअल फंड को खोजने में आसानी होगी, जिन्हें निवेशक भूल गए हैं।

इस प्लेटफॉर्म के जरिए निवेशकों को प्रोत्साहित किया जाएगा कि वे अपना केवाईसी टाइम पर अपडेट कराएं। सेबी ने एक सर्कुलर में कहा है कि यह प्लेटफॉर्म उस बढ़ती हुई चिंता का समाधान करता है।

### इन्वेस्टर्स को सशक्त बनाएगा सेबी

सर्कुलर में आगे कहा गया ये इनएक्टिव फोलियो बेहद संवेदनशील होते हैं और इनका इस्तेमाल धोखाधड़ी के लिए किया जा सकता है। सेबी ने कहाकि चिंताओं को दूर करने के लिएमित्रा प्लेटफॉर्म को आरटीए ने डेवलप किया है ताकि इंडस्ट्री लेवल पर निष्क्रिय और दावा न किए गए म्यूचुअल फंड फोलियो का पता लगाने के लिए इंवेस्टर्स को एक डेटाबेस प्रदान किया जा सके। यह निवेशकों को सशक्त बनाएगा।

## बिजनेस न्यूज

### पीएनबी मंडल कार्यालय में हुआ पीएनबी एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम




**भोपाल।** पंजाब नेशनल बैंक द्वारा गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एसोसिएशन कॉम्प्लेक्स में पीएनबी एमएसएमई आउटरिच कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय गौड़ एवं पंजाब नsशनल बैंक, प्रधान कार्यालय, नई दिल्ली से महाप्रबन्धक कुलदीप सिंह राणा मुख्य अतिथि तथा सत्येंद्र कुमार, महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम भोपाल अंचल के अंचल प्रमुख शैलेंद्र सिंह बोरा की अध्यक्षता में मंडल प्रमुख मनोज ढींगरा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष अंचल प्रमुख शैलेंद्र सिंह बोरा द्वारा मुख्य अतिथि विजय गौड़, अध्यक्ष एवंकुलदीप सिंह राणा, महाप्रबंधक एवं विशेष अतिथि सत्येंद्र कुमार, महाप्रबंधक का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। यह कार्यक्रम सूक्ष्म लघु और मध्यम (एमएसएमई) योजनाओं के अंतर्गत उद्यमियों को बैंक द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान करने एवं समुचित जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। ताकि उद्यमी अपना व्यवसाय शुरू कर सके और अपनी आवश्यकतानुसार कस्टमाइज्ड योजनाओं से अपने व्यवसायिक सपनों को सशक्त बना सके। इस कार्यक्रम में एमएसएमई से संबंधित विभिन्न शासकीय विभागों जैसे डीआईसी, केवीआईसी एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट, हार्टीकल्चर डिपार्टमेंट आदि द्वारा विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई । बैंक द्वारा दिए जा रहे आकर्षक ब्याज दर, आसान प्रक्रिया, न्यूनतम दस्तावेज एवं त्वरित सैद्धांतिक स्वीकृति ने ग्राहकों को आकर्षित किया। परिणामस्वरूप कई हितग्राहियों को बैंक द्वारा विशेष ऑफर एवं छूट के साथ त्वरित ऋण स्वीकृति दी गई।

### एजीएंडपी और थिंक गैस ने की दो ब्रांडों के विलय की घोषणा



**भोपाल।** एजीएंडपी प्रथम और थिंक गैस ने इंडिया एनर्जी वीक, 2025 का उपयोग अपने मिश्रित ब्रांड इकाई की घोषणा के लिए मंच के तौर पर किया। मिश्रित ब्रांड के नए रूप का अनावरण एक समारोह के दौरान पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामकीय बोर्ड (पीएनजीआरबी) के चेयरपर्सन डाक्टर अनिल कुमार जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर थिंक गैस के चेयरमैन अमितव सेनगुप्ता और थिंक गैस के प्रबंध निदेशक और सीईओ अभिलाष गुप्ता, ए.रमनाकुमार, सदस्य पीएनजीआरबी और ताकेशी शिनोहारा सैन, एमडी, ओसाका गैस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड उपस्थित रहे। सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) क्षेत्र में दो प्रमुख ब्रांड एजीएंडपी प्रथम और थिंक गैस अब एक सिंगल ब्रांड-थिंक गैस के तहत परिचालन करेंगे और परिचालन कार्यक्षमता का उपयोग करते हुए बाजार में अपनी पहुंच बढ़ाएंगे। अब विलय के बाद यह ब्रांड 10 राज्यों के 50 जिलों को कवर करते हुए 18 करोड़ से अधिक की आबादी को सेवाएं देगा। पीएनजीआरबी के चेयरपर्सन डाक्टर अनिल कुमार जैन ने इस नए ब्रांड का अनावरण करते हुए कहा कि मैं एजीएंडपी प्रथम और थिंक गैस को उनके विलय उपरांत नई ब्रांड पहचान थिंक गैस बनने पर उन्हें हार्दिक बधाई देता हूं।

### एयरटेल ने 'हाई-स्पीड' इंटरनेट के लिए नोकिया क्वालकॉम को दिया अनुबंध

**नई दिल्ली ।** दूरसंचार संचालक भारती एयरटेल ने 5जी फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस (एफडब्ल्यूए) और वाई-फाई समाधान के विस्तार के लिए नोकिया और क्वालकॉम को अनुबंध दिया है। इसका उद्देश्य समूचे भारत में उपयोगकर्ताओं को 'हाई-स्पीड' इंटरनेट पहुंच प्रदान करना है। नोकिया के 5जी फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस और वाई-फाई 6 एक्सेस प्वाइंट डिवाइस का उत्पादन भारत में किया जाएगा। विज्ञप्ति में हालांकि अनुबंध के वित्तीय विवरण का खुलासा नहीं किया गया।इस अनुबंध के तहत, नोकिया एयरटेल को अपने 5जी फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस (एफडब्ल्यूए) आउटडोर गेटवे रिसीवर और वाई-फाई 6 एक्सेस पॉइंट की आपूर्ति करेगा, जिसमें क्वालकॉम मोडेम-आरएफ और वाई-फाई 6 चिपसेट का इस्तेमाल किया जाएगा।

### एक्सिस बैंक ने फिक्स्ड डिपॉजिट बुकिंग को आसान किया

**मुंबई।** एक्सिस बैंक ने अनूठी सुविधा की घोषणा की, जिससे ग्राहक अपने नॉन-एक्सिस बैंक खातों के फंड का उपयोग करके फिक्स्ड डिपॉजिट खोल सकते हैं। यह सुविधा एक्सिस बैंक के मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से यूपीआई और नेट बैंकिंग भुगतान विकल्पों का उपयोग करके उपलब्ध कराई गई है। अकाउंट एग्रीगेटर इकोसिस्टम का लाभ उठाकर इस अत्याधुनिक बैंकिंग सुविधा को शुरू करने वाला एक्सिस बैंक पहला निजी बैंक बन गया है, जिससे ग्राहकों को एक निर्बाध बैंकिंग अनुभव मिलेगा।

### एचडीएफसी बैंक ने लांच किया 'अनमोल सेलरी अकाउंट'

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी बैंक ने साइबर फ्रॉड कवर के साथ भारत का पहला सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (पीएसयू) वेतन खाता 'अनमोल बचत खाता' लांच किया है। एचडीएफसी बैंक अपने बचत खाता उत्पाद में लगातार नवाचार कर रहा है। विभिन्न जरूरतों वाले विभिन्न ग्राहक वर्गों - वरिष्ठ नागरिकों, कामकाजी पेशेवरों, महिलाओं को लक्षित बचत खातों के 'स्पेशल' सूट के एक हिस्से के रूप में, एचडीएफसी बैंक वरिष्ठ नागरिकों को 1.5 लाख रुपए तक का साइबर फ्रॉड कवर प्रदान करता है, जबकि पेशेवरों के लिए साइबर फ्रॉड कवर 25,000-50,000 रुपए तक होता है। इसी तरह, 'स्पेशल गोल्ड वूमेन' खाता महिलाओं को 5 लाख रुपए तक का कैंसर कवर देता है। अनमोल बचत खाते की मुख्य विशेषताएं हैं साइबर धोखाधड़ी कवर- 25,000 रुपए तक के साइबर धोखाधड़ी से ग्राहकों को सुरक्षा प्रदान करता है।

### इंडियावुड 2025 चार दिवसीय व्यापार मेला 6 मार्च 2025 से

**नई दिल्ली।** इंडियावुड 2025 वुडवर्किंग और फर्नीचर निर्माण के लिए प्रमुख व्यापार मेला, 6 से 9 मार्च 2025 को इंडिया एक्सपो मार्ट और सेंटर , ग्रेटर नोएडा, दिल्ली एनसीआर में आयोजित किया जाएगा। न्यूर्नबर्गमेसेज के वैश्विक लकड़ी कार्य पोर्टफोलियो का हिस्सा, यह मील का पत्थर संस्करण भारत की निर्माण शक्ति के रूप में उभरने और फर्नीचर और लकड़ी कार्य उद्योग में एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी के रूप में इसकी स्थिति को दर्शाता है। न्यूर्नबर्गमेसेज इंडिया के प्रबंध निदेशक सोनिया प्रशर ने कहाकि भारतीय फर्नीचर बाजार 2030 तक 37.18 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। लकड़ी फर्नीचर उत्पादन का 62फीसदी हिस्सा बनाती है और यह उद्योग नवाचार और स्थिरता द्वारा प्रेरित परिवर्तन से गुजर रहा है।

### होंडा ने लांच की नए इंडिया की अमेजिंग शाइन 125 सीसी



**गुरुग्राम।** होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया ने गुरूवार को ओबीडी2बी मानकों के अनुरूप नई शाइन 125 को लॉन्च करने की घोषणा की। इसे नए रंगों और एडवांस फीचर्स के साथ अपडेट किया गया है, ताकि राइडर्स को पहले से बेहतर अनुभव मिल सके। होंडा शाइन 125 की कीमत 84,493 रूपए से शुरू होती है। नई शाइन 125 को पेश करते हुए, होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया के प्रबंध निदेशक, प्रेसिडेंट और सीईओ सुतसुमु ओटानी ने कहा कि हमें ओबीडी2बी कम्प्लाएंट शाइन 125 लांच करते हुए खुशी हो रही है।

**उद्योग संचालनालय मध्यप्रदेश**
**अधोसंरचना विकास कक्ष**

क्रमांक 91/आईडी/(भूअ) स–1/2024/757
भोपाल दिनांक 11.02.2025
परिशिष्ट ट
प्रारूप–त
नियम 22(ख) (4) देखिए
धारा 30–क के अधीन भू–खण्ड के विभाजन हेतु सार्वजनिक सूचना

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद् द्वारा, यह अधिसूचित किया जाता है कि मेसर्स इण्डियाना फेब्रीकेटर्स ने, जो नगर तथा ग्राम औद्योगिक क्षेत्र गोविन्दपुरा के सेक्टर–एच के भू–खण्ड क्रमांक 146–जी हेतु आदेश क्रमांक B/2/77 दिनांक 07.09.1977 द्वारा स्वीकृत अभिन्यास में स्थित औद्योगिक प्रयोजन के भूखंड क्रमांक 146–जी के स्वामी है, द्वारा उक्त भूखंड के विभाजन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति उक्त विभाजन के बारे में अपनी आपत्ति या सुझाव इस सूचना के प्रकाशन होने की तारीख से पंद्रह दिन के भीतर, अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व अनुज्ञा के ब्यौरे तथा विभाजित किये जाने वाले भू–खण्ड का निरीक्षण, हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान किया जा सकता है।

**आयुक्त एमएसएमई मध्यप्रदेश**
**चतुर्थ तल विंध्याचल भवन भोपाल म.प्र.**

**In The Court Of XIII Additional District Judge, District Court, Bhopal**
Presiding Officer: अमर सिंह सिसोदिया
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCA/0000003/2024)
दीपक कुमार उर्फ महेश कुमार सिंह.................... वादी
VS
जे.आई. पॉवर लि .................. प्रतिवादी
Process Id-/2025 पेशी दिनांक: 24/02/2025
प्रेषिती
(1) जे.आई. पॉवर लि. पता- द्वारा एम.डी.ए प्लाट नं. ए 10 इंडस्ट्रीज
एरिया फेस 11 सतलापुर मंडीदीप जिला रायसेन म.प्र.
यह कि प्रार्थी दीपक कुमार उर्फ महेश कुमार सिंह ने आपके विरूद्ध सिविल अपील के लिए अपील संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर अपील का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस अपील में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो अपील की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।
यह आज तारीख 17 January 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**न्यायाधीश**
**अमर सिंह सिसोदिया सदस्य**
**तेरहवें अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (म.प्र.)**

**DIRECTORATE OF URBAN ADMINISTRATION & DEVELOPMENT**
**(Palika Bhawan)**
**6 No. Bus Stop, Shivaji Nagar, Bhopal (Pin-462016)**

NIT No. 1713 Notice Inviting Tender Bhopal, Dated 07/02/2025

Notice Inviting Tender (NIT) for RENOVATION AND SITTING ARRANGEMENT WORK AT Palika Bhawan, Bhopal invite bids from eligible bidders in prescribed Request for Proposal (RfP) document having details as given below.

| S.No. | Name of work | Probable Amount (In Rs.) | Earnest Money Deposit (EMD)(In Rs.) | Cost of Bid Document (In Rs.) | Contract Period |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RENOVATION AND SITTING ARRANGEMENT WORK at Urban Administration & Development, (Palika Bhawan) Bhopal. | 10,65,942 | 31978/- | 2000/- | 03 Month |

Interested reputed parties should obtain detail information regarding Request for Proposal & download / Purchase the Request for Proposal document online only from the website http:/www.mptenders.gov.in under Directorate of Urban Administration of Development Department by using tender no. 2025_UAD_401568_1 Interested reputed parties should submit their complete proposals online only. Amendment in the bid document, if any, will be notified on GoMP's www.mptenders.gov.in.

**Assistant Engniner**
**Urban Administration & Development**
**Madhya Pradesh, Bhopal**

G- 22968/24 स्वच्छता ही सेवा

E-mail id-mobhopal@gmail.com
**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला भोपाल**

क्रमांक / 461 / खनिज / 2025 भोपाल, दिनांक. 10/2/2025

सूचना
(म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18-क)

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री आवेज खान आत्मज वारिस खान निवासी-मकान नं. 39/26, परीबाजार ओल्ड एम.एल.ए. क्वार्टर, शाहजहांनाबाद, जिला भोपाल मध्यप्रदेश गौण खनिज नियम-1996 के नियम-18-क के तहत् उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन नवकरण आवेदन पत्र दिनांक 19.01.2025 को प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है:-

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय/ अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भोपाल | हुजूर | झिरनिया | 803, 807 | 2.000 हेक्ट. | शासकीय | यांत्रिकी क्रिया गिट्टी बनाने के लिये पत्थर (अर्थात् क्रेशर के उपयोग हेतु) | पूर्व अवधि 21.05.2025 से 20.05.2025 तक |

उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो अथवा इस संबंध में कोई अन्य दावा प्रस्तुत करना चाहता हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिवस के भीतर कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा, जिला भोपाल में आपत्ति का लेख/कारण दशार्ते हुए लिखित रूप से प्रमाण सहित प्रस्तुत करें।
नियत अवधि के उपरांत प्रस्तुत किसी भी आपत्ति/ दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

जी - 22973/24 स्वच्छता ही सेवा

**सहा.खनि अधिकारी**
**जिला भोपाल, म.प्र.**

**कार्यालय वक्फ दरगाह हजरत बाबा बदख्शानी रे.अ.**
**जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.**

क्रमांक / प्रब.क./Q /2025 राजगढ़ दिनांक 12/02/2025

//निविदा सूचना//

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वक्फ दरगाह हजरत बाबा बदख्शानी रह. अले. राजगढ़ के आयोजित होने वाले सालाना उर्स 2025 में लगने वाले मेले में निम्न टेन्डर (निविदा) होना है इच्छुक ठेकेदार अपनी-अपनी निविदा मोहर बंद लिफाफे में 18.02.2025 तक समय दोपहर 2 बजे तक मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड भोपल के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त निविदाये दिनांक 18.02.2025 को सायं 5 बजे निविदा कर्ताओ के समक्ष कार्यालय मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड भोपाल में खोली जावेगी।

निविदा विवरण निम्नानुसार है

| क्र. | निविदा का प्रकार | अमानत राशि | निविदा फार्म शुल्क |
|---|---|---|---|
| 1 | झूला टेन्डर | 3 लाख | 1500/- |
| 2 | बिजली वयवस्था टेन्डर | 3 लाख | 1500/- |
| 3 | 2-पहीया पार्किंग (टू-व्हीलर) | 30 हजार | 1000/- |
| 4 | 4-पहीया पार्किंग (फोर-व्हीलर) | 20 हजार | 1000/- |

नोट:- निविदा फार्म एंव शर्ते व अन्य जानकारी कार्यालय वक्फ दरगाह बाबा बदख्शानी रह. अले. राजगढ़ से समय 11 बजे से सायं 5 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।

(मो. शफीक खान)
सदर
वक्फ दरगाह हजरत बाबा बदख्शानी रह. अले.
राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.

चिंतन

# एआई का लोकतंत्रीकरण समूचे विश्व के हित में

फ्रांस में दो दिवसीय एआई सम्मेलन में भारत ने इस तकनीक के लोकतंत्रीकरण पर जोर दिया। एआई की बढ़ती स्वीकार्यता के बीच इस तकनीक को लेकर भारत की यह सोच विश्व के अधिकांश विकासशील देशों के हित में है। फ्रांस भी एआई को सार्वजनिक हित में लाभकारी बनाने के पक्ष में है। इस तकनीक पर किसी भी देश का एकाधिकार विश्व में वंचित देशों को अहित करेगा। विश्व स्तर पर ज्ञान आधारित खाई बढ़ेगी। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बाजार को लेकर अमेरिका और चीन के बीच मचे घमासान के दौर में फ्रांस की राजधानी पेरिस में एआई सम्मेलन का वैश्विक महत्व है और इसमें भारत की उपस्थिति के बहुत मायने हैं। एआई सम्मेलन से इतर भारत और फ्रांस के बीच एआई, परमाणु ऊर्जा व इनोवेशन के क्षेत्र में दीर्घावधि साझेदारी पर सहमति बनी है, जिसमें एआई अनुसंधान, नवाचार और डेटा सुरक्षा के क्षेत्रों में सहयोग पर हस्ताक्षर किए हैं। दोनों मुल्क एआई के नैतिक और जिम्मेदार उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए नीति-निर्माण में सहयोग करेंगे। फ्रांस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने संयुक्त रूप से 'इंडिया-फ्रांस ईयर ऑफ इनोवेशन 2026' का आधिकारिक लोगो लॉन्च किया। यह पहल दोनों देशों के वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और स्टार्टअप्स के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई है। दोनों देश न्यूक्लियर एनर्जी क्षेत्र में अपने सहयोग बढ़ाएंगे। एडवांस्ड मॉड्यूलर और स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर स्थापित करेंगे। यह पहल साफ और सतत ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। दोनों देश न्यूक्लियर साइंस और टेक्नोलॉजी में सहयोग करने पर भी सहमत हुए हैं। फ्रांसीसी स्टार्ट-अप इनक्यूबेटर स्टेशन एफ में 10 भारतीय स्टार्टअप की मेजबानी के लिए समझौते पर भी हस्ताक्षर किए गए। ये सभी सहयोग समझौते उच्च तकनीकी दक्षता हासिल करने में भारत की मदद करेंगे। पिछले 25 वर्षों में भारत व फ्रांस के बीच एक बहुआयामी संबंध विकसित हुआ है। एआई में चीन की डीपीसीक तकनीक की सनसनी ने हलचल मचा दी है। भारत दस महीने में अपना एआई मंच विकसित करेगा। अमेरिका की कोशिश इस पर बादशाहत की है, जबकि भारत व फ्रांस जैसे उदारवादी लोकतांत्रिक देश तकनीक की पहुंच सब तक सुनिश्चित करने की जमीन तैयार कर रहे हैं। एआई आज के समय में किसी भी देश की बड़ी जरूरत बन गया है। भारत में करीब 70 फीसदी कंपनियां तकनीकी जरूरतों को एआई से जोड़ रही हैं। अगले 2 साल में एआई पर 44 हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस दौरान एआई, जनरेटिव एआई और एनालिटिक्स में 1.2 लाख अधिक नौकरियां पैदा होंगी। भारत ने बजट में मिशन एआई के लिए 500 करोड़ रुपये का आवंटन किया है। भारत 3 एआई एक्सीलेंस सेंटर बना रहा है। अमेरिका, चीन, ब्रिटेन के साथ भारत मिशन एआई का नेतृत्व कर रहा है। वैश्विक स्तर पर एआई के विकास मॉडल में सामंजस्य, एकरूपता, खतरे को न्यूनतम करने के तरीके आदि का समावेशन जरूरी है। भारत में एआई के विकास व इसके दुरुपयोग पर रोक में अहम भूमिका निभाने की क्षमता है। एआई सम्मेलन में शिरकत से भारत की टेक पावर को ग्लोबल फोरम पर उभरने का अवसर मिला है। भारत ने एआई को केवल कुछ विशेष देशों, संस्थाओं या कंपनियों के उपयोग के लिए सीमित करने के बजाय सबके लिए, विशेष रूप से विकासशील और गरीब देशों के लिए उपलब्ध कराने की वकालत की है।



विदेश यात्रा
अरविंद जयतिलक

# नए क्षितिज पर भारत-फ्रांस संबंध

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने यूक्रेन, मध्य-पूर्व एवं हिंद-प्रशांत क्षेत्र की मौजूदा हालात पर चर्चा के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में त्वरित सुधार पर भी जोर दिया है। दोनों नेताओं ने सीमा पार आतंकवाद समेत सभी प्रकार के आतंकवाद से मिलकर निपटने की प्रतिबद्धता के साथ आतंकवाद के फंडिंग नेटवर्क को भी ध्वस्त करने की प्रतिबद्धता जताई है। चूंकि दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी और टेक्नोलॉजी अब नया आयाम ले रही है। इस नाते दोनों देशों ने एआई (आटिफिशियल इंटेलिजेंस) पर अलग से बयान जारी करते हुए वर्ष 2026 को 'इंडो-फ्रांस ईयर ऑफ इनोवेशन' घोषित किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फ्रांस यात्रा ने दोनों देशों के रिश्ते को मिठास से भर दिया है। दोनों देशों ने व्यापार एवं निवेश बढ़ाने के साथ-साथ डिफेंस, सिविल न्यूक्लियर एनर्जी और स्पेस सेक्टर में मिलकर काम करने पर सहमति जताई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने यूक्रेन, मध्य-पूर्व एवं हिंद-प्रशांत क्षेत्र की मौजूदा हालात पर चर्चा के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में त्वरित सुधार पर भी जोर दिया है। दोनों नेताओं ने सीमा पार आतंकवाद समेत सभी प्रकार के आतंकवाद से मिलकर निपटने की प्रतिबद्धता के साथ आतंकवाद के फंडिंग नेटवर्क को भी ध्वस्त करने की प्रतिबद्धता जताई है। चूंकि दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी और टेक्नोलॉजी अब नया आयाम ले रही है। इस नाते दोनों देशों ने एआई (आटिफिशियल इंटेलिजेंस) पर अलग से बयान जारी करते हुए वर्ष 2026 को 'इंडो-फ्रांस ईयर ऑफ इनोवेशन' घोषित किया।

दोनों देशों ने संकल्प व्यक्त किया है कि वे एक फ्रेमवर्क बनाएंगे जिससे कि ऐसा जनरेटिव एआई विकसित हो जो भेदभाव रहित समानता पर आधारित हो। दोनों देशों ने स्कॉर्पीन सबमरीन निर्माण, मिसाइल हेलिकॉप्टर, जेट इंजन, एडवांस मॉड्यूल रिएक्टर, परमाणु उर्जा एवं शिक्षा के क्षेत्र में मिलकर काम करने के अलावा एक-दूसरे को सहयोग का भरोसा दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के शहर मासेय में भारत के नए वाणिज्य दूतावास का शुभारंभ किया जिसकी एक अरसे से जरूरत महसूस की जा रही थी। निःसंदेह इस पहल से दोनों देशों के आर्थिक कारोबार को नई ऊंचाई मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन भारतीय सैनिकों की शहादत को भी श्रद्धांजलि अर्पित की जिन्होंने प्रथम विश्व युद्ध में अपने प्राणों की आहुति दी। प्रधानमंत्री की इस यात्रा ने रेखांकित किया है कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में अब दोनों देश विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों के जरिए एक दूसरे का स्वर बनेंगे। गौर करें तो विगत कुछ वर्षों के दरम्यान दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक समझौते हुए हैं जिससे दोनों देशों के सामरिक-आर्थिक क्षेत्र को ऐतिहासिक मजबूती मिली है। इस समय दोनों देश रणनीतिक साझेदारी की 25वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। अभी गत वर्ष ही दोनों देशों के बीच डिफेंस स्पेस पार्टनरशिप, सैटेलाइट लांच के लिए नए स्पेस इंडियन लिमिटेड और एरियन स्पेस के बीच एमओयू हुए। टाटा और एयरबस स्थानीय कंपनी के साथ मिलकर 125 हेलीकॉप्टर बनाने पर सहमति बनी। दोनों देश विज्ञान, तकनीक, स्वास्थ्य सेवा सहयोग, कृषि समेत पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन एंड रिफार्म्स के मसले पर भी कंधा जोड़े हुए हैं। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत के इरादे का समर्थन कर चुके हैं। गौर करें तो रक्षा सहयोग दोनों देशों के संबंधों का आधार है। गत वर्ष प्रधानमंत्री मोदी ने फ्रांस को 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत का महत्वपूर्ण साझीदार बताते हुए सुनिश्चित किया कि दोनों देश पनडुब्बी हो या नौसैनिक विमान सभी क्षेत्र में कंधा जोड़ आगे बढ़ने को तैयार हैं। तब दोनों देश 'भारत-फ्रांस हिंद-प्रशांत रोडमैप' जारी करते हुए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक संतुलित और स्थिर व्यवस्था बनाने पर सहमति जाहिर की थी। गौरतलब है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में



रीयूनियन द्वीप, न्यूकैलेडोनिया और फ्रेंच पोलिनेशिया जैसे क्षेत्रों में व्यापक उपस्थिति है। इस पहल से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती दादागिरी पर रोक लगेगी। दोनों देशों के बीच कितना मधुर संबंध है, इसी से समझा जा सकता है कि फ्रांस प्रधानमंत्री मोदी को अपने देश का सर्वोच्च सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर' से सम्मानित कर चुका है। तब उन्होंने कहा था कि विश्व इतिहास में एक दिग्गज, भविष्य में एक निर्णायक भूमिका निभाने वाला, रणनीतिक साझेदार एक मित्र का स्वागत करने पर उन्हें गर्व है। याद होगा जब 1998 में भारत ने पोखरण में परमाणु परीक्षण किया था तब उससे नाराज होकर दुनिया के ताकतवर मुल्कों ने भारत पर प्रतिबंध थोपा था। तब फ्रांस ने भारत के साथ कंधा जोड़ते हुए रणनीतिक समझौते को व्यापक आयाम दिया। फ्रांस लगातार भारतीय सेना को लड़ाकू जेट व पनडुब्बियों समेत साजो-सामान की आपूर्ति कर रहा है। मौजूदा समय में भारत अपनी कुल रक्षा आयात का तकरीबन 29 फीसदी फ्रांस से करता है। दोनों देशों के बीच बढ़ती निकटता ने कारोबारी, रणनीतिक और सामरिक कुटनीति को नए क्षितिज पर पहुंचा दिया है। दोनों देश एक-दूसरे के सैनिक अड्डे का इस्तेमाल और वहां अपने युद्धपोत रखने के अलावा ऊर्जा, तस्करी, आव्रजन, शिक्षा, रेलवे, पर्यावरण, परमाणु, आतंकवाद और अंतरिक्ष मामलों में मिलकर काम कर रहे हैं। फ्रांस आत्मनिर्भर भारत मुहिम का साझीदार बनने के साथ-साथ 2025 तक बीस हजार भारतीय छात्रों को अपने यहां पढ़ाई का सुअवसर उपलब्ध कराने का ऐलान कर चुका है। दोनों देशों के बीच यूपीआई को लेकर भी सहमति बन चुकी है। दोनों देशों के बीच साझेदारी और समझदारी का ही परिणाम है कि आज भारत में विदेशी निवेश के लिहाज से फ्रांस तीसरा सबसे बड़ा निवेशक देश बन चुका है। विगत ढाई दशकों में भारत-फ्रांस संबंध को एक नया आयाम मिला है और दोनों देश राजनीतिक, आर्थिक व सामरिक संबंधों में बेहतरी के लिए गंभीर प्रयास किए हैं। फ्रांस के नेतृत्व के दृष्टिकोण में बदलाव के साथ-साथ कुछ द्विपक्षीय बाध्यताओं ने भी दोनों देशों को एकदूसरे के निकट लाया है। यह तथ्य है कि चीन युद्ध के बाद भारत न केवल महाशक्तियों अपितु अफ्रीका व एशियाई देशों से भी अलग-थलग पड़ गया था।

भारत को एक ऐसे देश के प्रति आकृष्ट होना स्वाभाविक था जिससे उसका काई क्षेत्रीय विवाद न रहा हो। 1962 में भारत व फ्रांस के बीच क्षेत्रों के हस्तांतरण संबंधी संधि के अनुमोदन ने दोनों देशों के संबंधों में मिठास घोला। तथ्य यह भी कि फ्रांस सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता के लिए भारतीय प्रयास का समर्थन करने वाले प्रथम देशों में से एक है। दरअसल दोनों देशों के राजनीतिक नेतृत्व में कई द्विपक्षीय तथा अंतरराष्ट्रीय विषयों के संबंध में समान सोच है। हालांकि विदेश नीति के विरोधी अभिमुखन के कारण दोनों देशों ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति के मुद्दों पर कई बार विरोधी रुख भी अपनाए हैं। मसलन हिंद-चीन क्षेत्र की स्वतंत्रता मुद्दे पर जहां भारत दक्षिण-पूर्व एशियाई क्षेत्र की आजादी की बात पर बल देता है, वहीं फ्रांस लगातार औपनिवेशिक स्थिति बनाए रखने का पक्षधर रहा है। दोनों देशों ने मोरक्को, तुनीसिया और अल्जीरिया की उपनिवेशिक स्थिति पर विरोधात्मक विचार प्रकट किए। 1956 में मिस्र द्वारा स्वेज नहर के राष्ट्रीयकरण के मुद्दे पर भी भारत ने बहुत सशक्त रूप से फ्रांस व ब्रिटेन के संयुक्त प्रयास का विरोध किया। इस संयुक्त हस्तक्षेप के विरोध में भारत ने मिस्र का साथ दिया। 1958 में डी गॉल के फ्रांस के सत्ता संभालने के बाद दोनों देशों के संबंधों में बदलाव आना शुरू हो गया। सबसे महत्वपूर्ण बात जो दोनों देशों के व्यापार में अहम है, वह यह कि 1994 के बाद व्यापार संतुलन हमेशा भारत के पक्ष में बना हुआ है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

वैलेन्टाइन डे
श्वेता गोयल




# जब शब्द कम पड़ जाएं तब बोलते हैं गुलाब

वैलेंटाइन दिवस का अवसर हो और फूलों का जिक्र न हो, ऐसा भला कैसे हो सकता है। अपने दिल की बात यदि आप जुबां से कहने की हिम्मत न जुटा पाएं तो आपका यह काम फूल बेहद आसान कर देते हैं। वैसे भी फूलों के बिना प्यार का इजहार तो अधूरा ही माना जाता है और जब बात फूलों की छिड़े तो फूलों के राजा गुलाब का तो कहना ही क्या! कवियों, शायरों से लेकर प्रेमियों तक की पसंद रहा है गुलाब। यहां तक कि भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू भी गुलाब के दीवाने थे, जिनकी अचकन में सदैव गुलाब का फूल लगा रहता था। मुगल बेगम नूरजहां को लाल गुलाब बेहद प्रिय था और कहा जाता है कि नूरजहां को खुश करने के लिए उनके शौहर प्रतिदिन कई टन ताजे गुलाब उनके महल भिजवाया करते थे। गुलाब के इत्र का आविष्कार नूरजहां ने ही किया था। वैलेंटाइन डे तो प्रेमियों द्वारा एक-दूसरे को उपहारों के साथ-साथ गुलाब भेंट करने का भी सबसे अच्छा मौका है। दुनियाभर में गुलाब की करीब एक हजार प्रजातियां पाई जाती हैं। कहने को गुलाब भले ही कई रंगों और रूपों में देखने को मिलता है लेकिन वास्तव में गुलाब के सभी रूप और रंग प्रेम के इजहार और शांति का प्रतीक हैं और गुलाब के हरेक रंग का अपना अलग ही मतलब है। गुलाब अपनी भाषा में आपकी भावनाओं को दूसरे तक पहुंचाता है। कहीं ऐसा न हो कि गुलाब के माध्यम से आप अपने प्रेमी अथवा प्रेमिका को जो संदेश देना चाहते हैं, गलत रंग के फूल के चुनाव से वह संदेश गलत अर्थ में आपके साथी तक पहुंचे, इसलिए यदि आप किसी को गुलाब दे रहे हैं तो अपनी भावनाओं को व्यक्त करने से पहले आपके लिए यह जान लेना बहुत जरूरी है कि आपकी भावनाओं के हिसाब से किस रंग के गुलाब का चयन सबसे बेहतर रहेगा। आइए जानें विभिन्न रंगों के गुलाब के फूलों की भाषा। वैलेंटाइन डे पर लाल गुलाब का चलन सर्वाधिक होता है। सुर्ख लाल गुलाब अजर-अमर प्रेम तथा पैशन का प्रतीक है और इसका उपयोग प्रेम का इजहार करने के लिए ही किया जाता है। किसी के लिए आपके दिल में कितना प्यार है, यह लाल गुलाब से बेहतर भला और कौन व्यक्त कर सकता है। यदि साथी लाल गुलाब को स्वीकार कर लेता है तो इसका अर्थ है कि उसे आपका प्रेम प्रस्ताव स्वीकार है। यदि आप किसी को बेइंतहा प्यार करते हैं और चाहते हैं कि वह आपके इस प्यार को आसानी से समझ सके तो उसे प्यार की निशानी के तौर पर लाल रंग का गुलाब भेट कर सकते हैं, जो आपके प्यार का इजहार करने में आपकी मदद करेगा। गुलाबी गुलाब सौम्यता, मित्रता और दिल की धड़कन का प्रतीक है। वैलेंटाइन डे पर गुलाबी गुलाब देने का अर्थ है कि दिल की धड़कन अब सिर्फ और सिर्फ तुम्हारे लिए ही धड़क रही है। किसी दोस्त को आप अपने साथ का अहसास कराना चाहते हैं तो हल्के गुलाबी रंग का गुलाब उस अहसास को उस तक पहुंचाने का कार्य करेगा। सफेद गुलाब गोपनीयता, मासूमियत, मौन, पवित्रता तथा सच्चे, निर्मल और आध्यात्मिक प्रेम का प्रतीक है। सफेद गुलाब सच्चे प्रेम और मस्तिष्क की शुद्धता को दर्शाता है। यह शांति और स्वच्छता का प्रतीक भी माना जाता है। यदि आप किसी से माफी मांगने के लिए उसे कुछ देना चाहते हैं तो सफेद गुलाब भेंट कर सकते हैं। पीला गुलाब सामाजिकता और मित्रता का प्रतीक है। दरअसल पीले रंग का गुलाब मित्रता की निशानी माना जाता है और कहा जाता है कि प्यार की शुरूआत हमेशा मित्रता से ही होती है। काला गुलाब बिछुड़ते दिलों के लिए है और विदाई का प्रतीक है। यदि कोई जबरदस्ती आपके पीछे पड़ा है और आप उससे प्यार नहीं करते या किसी के साथ प्रेम संबंधों को जारी रखना अब आपके लिए संभव नहीं हो पा रहा तो जुबां से कुछ कहने के बजाय प्रेमपूर्वक उसे काला गुलाब दे दें, आपका काम हो जाएगा। बैंगनी गुलाब पहली नजर के प्यार का इजहार करने के लिए परफेक्ट माना जाता है। गहरा बरगंडी गुलाब अचेत सुंदरता का प्रतीक है। नारंगी गुलाब भावनाओं, आकर्षण और अनंत प्यार का प्रतीक है। नारंगी गुलाब हमारी इच्छा को बताने का कार्य करता है। लाल-सफेद गुलाब दोनों एक साथ देना एकता का प्रतीक है जबकि लाल-पीला गुलाब खुशी की भावनाओं का इजहार करते हैं। सफेद गुलाब की बंद कली देने का अर्थ है कि अभी आप मेरे प्यार के लिए बहुत छोटे हैं जबकि गुलाब का एक फूल सीधेपन का प्रतीक है। गुलाब की कलियां संदेश देती हैं कि आप युवा और बहुत सुंदर हैं जबकि खिले गुलाब के साथ रखी दो कलियां सुरक्षा के आश्वासन की प्रतीक हैं और कांटेरहित गुलाब की डंडी पहली नजर के प्रेम की प्रतीक है।

((लेखिका शिक्षण क्षेत्र से जुड़ी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## दृष्टिकोण को बनाएं व्यापक



संकलित
दर्शन

हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे सब कुछ अच्छा करें। परीक्षाओं और प्रतियोगिताओं में लगातार जीतने की इच्छा उनके लिए जीवन से भी बड़ी हो जाती है। वे विश्वास करने लगते हैं कि हर कीमत पर जीतना सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। जब उन्हें अस्वीकृति मिलती है, तब वे नहीं समझ पाते कि उन्हें क्या करना चाहिए। दरअसल, हम उन्हें विशाल दृष्टिकोण नहीं देते, तब जीवन में क्या सबसे महत्वपूर्ण है, इसके विषय में उनकी समझ असंतुलित हो जाती है। विशाल दृष्टिकोण यह है कि जीवन स्वयं में एक बहुत बड़ी परीक्षा है, जिससे होकर आप गुजर रहे हैं। ऐसा मत सोचिए कि परीक्षा में सफल या असफल हो जाने से पूरे जीवन की दिशा निर्धारित हो जाएगी। जो मूल्य एक दूसरे के विपरीत प्रतीत होते हैं, जैसे जीत या हार, सफलता या असफलता, ऊंचा या नीचा, वे वास्तव में एक दूसरे के पूरक हैं। एक मूल्य दूसरे मूल्य के महत्व को बढ़ाता है। एक विशाल आध्यात्मिक दृष्टिकोण के साथ ही युवा बिना अपनी मुस्कान और उत्साह को खोए हुए, जीवन के इन विपरीत मूल्यों की प्रशंसा करना सीख सकते हैं। ऐसी शक्ति, ऐसी मुस्कान, जिसे कोई छीन न सके और ऐसा साहस, जो विपरीत परिस्थितियों का सामना करने में भी समाप्त ना हो, वह सफलता है। युवाओं को स्वयं और समाज के लिए बड़े लक्ष्य और विशाल दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्ध होना चाहिए और सेवा को जीवन का एक हिस्सा बनाना चाहिए। ऐसी प्रतिबद्धता आपको बाधाओं के पार ले जा सकती है। जब आपके पास एक बड़ा लक्ष्य होता है, जिस पर आप काम कर रहे होते हैं।

## मंजिल तक कैसे पहुंचा जाए



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक संत ने अपने दो भक्तों को बुलाया और कहा आप को यहाँ से पचास कोस जाना है। एक भक्त को एक बोरी खाने के समान से भर कर दी और कहा जो लायक मिले उसे देते जाना। और एक को खाली बोरी दी उससे कहा रास्ते मे जो उसे अच्छा मिले उसे बोरी में भर कर ले जाए। दोनों निकल पड़े जिसके कंधे पर समान था वो धीरे चल पा रहा था। खाली बोरी वाला भक्त आराम से जा रहा था। थोड़ी दूर उसको एक सोने की ईंट मिली उसने उसे बोरी में डाल लिया। थोड़ी दूर चला फिर ईंट मिली उसे भी उठा लिया। जैसे-जैसे चलता गया उसे सोना मिलता गया और वो बोरी में भरता हुआ चल रहा था। और बोरी का वजन बढ़ता गया उसका चलना मुश्किल होता गया और साँस भी चढ़ने लग गई। एक एक कदम आगे चलना कठिन होता गया। दूसरा भक्त जैसे-जैसे चलता गया रास्ते में जो भी मिलता उसको बोरी में से खाने का कुछ समान देता गया धीरे-धीरे बोरी का वजन कम होता गया। और उसका चलना आसान होता गया। जो बाँटता गया उसका गंतव्य स्थान तक पहुँचना आसान होता गया। और जो लालच में आकर इकट्ठा करता रहा वो रास्ते में ही दम तोड़ गया। हम सभी को अब ये सोचना चाहिए कि हमने जीवन में क्या बाँटा और क्या इकट्ठा किया हम मंजिल तक कैसे पहुँच पाएँगे। आखिर लालच ही बुरी बला है।

## आसमान में भारत की ताकत



**बेंगलुरु।** कर्नाटक में येलहंका एयरफोर्स बेस पर गुरुवार को भारतीय वायु सेना (आईएएफ) की सूर्य किरण एरोबैटिक टीम (एसकेएटी) ने एयरो इंडिया 2025 के चौथे दिन युद्धाभ्यास किया।

## आज की पाती

### जिंदगी का एक पड़ाव मात्र है परीक्षा

हर वर्ष परीक्षा के मौसम में एक ही कहानी दोहराई जाती है। छात्रों पर असीमित दबाव, माता-पिता की बढ़ती चिंताएं, और समाज की अपेक्षाएं। लेकिन क्या हम कभी सोचते हैं कि इस दबाव का हमारी युवा पीढ़ी पर क्या प्रभाव पड़ता है? क्या परीक्षा वाकई इतनी महत्वपूर्ण है कि हम अपने बच्चों का बचपन और उनकी खुशियां दांव पर लगा दें? इसी संदर्भ में परीक्षा के मौसम में छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में महत्वपूर्ण संदेश दिया है। उन्होंने 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों और अभिभावकों से संवाद किया, जिसमें उन्होंने परीक्षा के दबाव से निपटने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कई छात्र अच्छे अंक प्राप्त करने के दबाव में अत्यधिक तनाव महसूस करते हैं। परीक्षा जीवन का अंत नहीं है, बल्कि यह सीखने का एक माध्यम है। यह जिंदगी का एक पड़ाव मात्र है। *- अजय चौबे, भिलाई*

## करंट अफेयर

### पॉल कपूर दक्षिण एशियाई मामलों के राजनयिक बने

दक्षिण एशियाई सुरक्षा मामलों के विशेषज्ञ पॉल कपूर को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दक्षिण एशियाई मामलों के लिए सहायक विदेश मंत्री के रूप में नामित किया है। अगर कपूर को सीनेट से मंजूरी मिल जाती है तो वह डोनाल्ड लू की जगह लेंगे। अमेरिकी विदेश विभाग ने जनवरी में पुष्टि की थी कि दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू का कार्यकाल 17 जनवरी, 2025 को समाप्त हो गया है। दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों का ब्यूरो अमेरिका की विदेश नीति और अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, कजाकिस्तान, किर्गिज़स्तान, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान के साथ अमेरिकी संबंधों से जुड़े मामलों को देखता है। भारतीय मूल के कपूर वर्तमान में 'यूनाइटेड स्टेट्स नेवल पोस्टग्रेजुएट स्कूल' के राष्ट्रीय सुरक्षा मामला विभाग में प्रोफेसर हैं। उन्होंने वर्ष 2020-21 के दौरान अमेरिकी विदेश विभाग के नीति नियोजन कर्मचारी के रूप में सेवाएं दी। इस विभाग में कपूर दक्षिण और मध्य एशिया, हिंद-प्रशांत रणनीति और अमेरिका-भारत संबंधों से जुड़े मामलों पर काम कर चुके हैं।



## ऑफ बीट

### भोजन आपकी आंत से कितनी तेजी से गुजरता है

हममें से कई लोग खाये जाने वाले खाद्य पदार्थों पर ध्यान देते हैं और स्वयं से पूछते हैं कि क्या वे हमारे लिए पौष्टिक और स्वास्थ्यवर्धक हैं। लेकिन क्या आपने कभी स्वयं से यह पूछा है कि यह भोजन आपके पेट से कितनी तेजी से गुजर रहा है? इस सवाल का जवाब वाकई बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि भोजन जिस गति से आपके पाचन तंत्र से गुजरता है, उसका असर आपके स्वास्थ्य और सेहत पर कई तरह से पड़ता है। एक बार जब आप अपना भोजन चबाकर निगल लेते हैं, तो यह भोजन जठरांत्र मार्ग से होकर अपनी यात्रा शुरू करता है - एक लंबा और घुमावदार मार्ग जो मुंह से शुरू होकर गुदा पर समाप्त होता है। रास्ते में, यह विशेष अंगों तक पहुंचता है, जो उसे पचाते हैं (पेट), पोषक तत्वों को अवशोषित करते हैं (छोटी आंत) और पानी और लवणों को अवशोषित करते हैं (बड़ी आंत)। भोजन के पाचन तंत्र के माध्यम से गुजरने को आंत की गतिशीलता के रूप में जाना जाता है। यह प्रक्रिया आंशिक रूप से हमारे आंत में मौजूद खरबों बैक्टीरिया द्वारा नियंत्रित होती है। आंत माइक्रोबायोम बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि ये बैक्टीरिया हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को विकसित करने और भोजन विघटित करने में मदद करते हैं।



## ट्रेंड

### विनम्र श्रद्धांजलि

भारत कोकिला', स्वतंत्रता सेनानी और उत्तर प्रदेश की प्रथम राज्यपाल सरोजिनी नायडू जी की जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि। स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्रीय पुनर्निर्माण में उनके अविस्मरणीय योगदान हम सभी को सदैव प्रेरित करते रहेंगे।
-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र



### भाजपा की कथनी

भाजपा नेता यह क्यों भूल जाते हैं कि 1989 में जब वीपी सिंह की सरकार ने मंडल कमीशन की सिफारिशों को लागू किया तब इसके विरोध में भाजपा ने उनकी सरकार से समर्थन वापस ले लिया था तथा वीपी सिंह की सरकार को गिरा दिया था।'
-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान



### आध्यात्मिकता का मिलन

यह आध्यात्मिकता का शांति से मिलन का एक दिव्य अनुभव था, जब मैं हरिद्वार में मां गंगा के तट पर खड़ी थी, जब मैंने उनकी पूजा की तो उनकी शांत ऊर्जा मेरे अंदर प्रवाहित हो रही थी। वह हमारे प्राचीन इतिहास का प्रमाण है। हर हर गंगे!
-पीटी उषा, पूर्व धाविका



### ध्यान भटकाने को नया बिल

कई लाख करोड़ के बजट के बाद भी जनता के चेहरे पर आई मायूसी से ध्यान हटाने के लिए, अब ला रहे हैं नया बिल सबका ध्यान भटकाने के लिए। बाक़ी जनता समझदार है।
-अखिलेश यादव, सपा सांसद



**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### इंटरनेशनल खिलाड़ी सचिन का भव्य स्वागत

**मंडीदीप।** खो-खो के इंटरनेशनल खिलाड़ी सचिन भार्गो के उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीत कर नगर वापसी पर स्वामी विवेकानंद स्पोर्ट्स अकादमी ने भव्य स्वागत किया। अकादमी के सचिव जितेन्द्र मैना ने बताया कि स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी सचिन भार्गो और उनके खेल प्रशिक्षक प्रवीण सांगेते का सम्मान किया। सचिन का कहना है कि अगर हौसले मजबूत हो तो कोई काम असभंव नहीं होता है, मंजिल स्वयं अपना रास्ता ढूढ़ लेती है। इस अवसर पर अकादमी के कोषाध्यक्ष विवेक संगोड़े, सहसचिव राहुल राघुवंशी सहित अन्य खिलाड़ी मौजूद रहे।

### किसान घर बैठे मोबाइल से कर सकते हैं पंजीयन

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसान पंजीयन प्रक्रिया का निर्धारण कर दिया गया है। किसान 31 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। शासन द्वारा किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है। किसान स्वयं के मोबाईल से एमपी किसान एप के माध्यम से घर बैठे पंजीयन कर सकते हैं। किसानों को पंजीयन केन्द्रों में लाइन लगाकर पंजीयन कराने की समस्या से मुक्ति मिलेगी।

### डॉ. नागर का खास बनने लगी होड़

**औबेदुल्लागंज।** स्थानीय राजनीति में कैलाश डब्बू नागर और आशीष दीक्षित का रुतबा बढ़ा है। वह भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर के गुणगान कर रहे हैं। दूसरी तरफ किराना व्यापार संघ के विक्रम धाड़ी और मीडिया प्रभारी नीरज चावला का दावा है कि हम मंडल अध्यक्ष डॉक्टर भूपेंद्र नागर के कट्टर समर्थक हैं। अब देखना यह है कि नागर और दीक्षित ज्यादा असर डालते हैं या कट्टर समर्थक अपना प्रभाव बढ़ाते हैं।

### डॉ. भूपेंद्र नागर ने बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन



**औबेदुल्लागंज।** भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर ने देर रात हॉस्टल के बच्चों के साथ मिलकर केक काटा और सभी बच्चों ने डॉ. भूपेंद्र नागर को बधाई दी।

### कंडक्टर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** एमपी नगर थाना क्षेत्र स्थित जिला अदालत के पीछे राजीव नगर में कंडक्टर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। उसके भाई ने बताया कि वह रात तीन बजे तक मोबाइल चला रहा था। सुबह करीब 7 बजे उसकी नींद खुली तो भाई फांसी के फंदे पर लटका नजर आया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मोबाइल जब्त कर लिया है। पुलिस मोबाइल की सीडीआर निकलवा रही है।
पुलिस के अनुनसार 25 साल का आदित्य मेहरा पिता नारायण मेहरा, जिला अदालत के पीछे राजीव नगर झुग्गी में रहता था और निजी बस में कंडक्टर का काम करता था। उसकी झुग्गी में एक कमरा और छोटा किचन है। आदित्य मेहरा के भाई ने बताया कि रात करीब तीन बजे उसकी नींद खुली तो आदित्य मोबाइल चला रहा था। इसके बाद वह सो गया। सुबह करीब 7 बजे उसकी नींद खुली तो आदित्य फांसी के फंदे पर लटका नजर आया। उसने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस मौके पहुंची और शव पीएम के लिए मर्चूरी भेजा गया।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 679 | 23 | 670 |
| रात: | 590 | 41 | 128 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 368 | 71 | 128 |
| रात: | 178 | 69 | 360 |

## रिजर्वेशन कराने आया था युवक, सुलभ शौचालय और जीआरपी थाने के पास हुई वारदात

# राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में नहीं थम रही चोरियां, जीआरपी थाने के पास युवक का मोबाइल झपटकर भागे स्कूटर सवार बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के मुख्य रेलवे स्टेशन के बाहर जीआरपी थाने के पास स्कूटर सवार बदमाशों ने युवक का मोबाइल झपट लिया। झपटे गए मोबाइल की कीमत 20 हजार रुपए बताई जा रही है। जीआरपी ने झपटमारी का मामला दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार भोपाल निवासी सौरभ साहू ने जीआरपी को शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि 12 फरवरी को वह रिजर्वेशन कराने के लिए मुख्य रेलवे स्टेशन भोपाल पहुंचा था। सुलभ कांप्लेक्स में टायलेट के बाद वह बाहर निकला और सुलभ शौचालय के पीछे तरफ गया। इस दौरान उसने काल करने के लिए जेब से मोबाइल निकाला, तभी सामने से एक स्कूटर से आए दो बदमाशों में पीछे बैठे बदमाश ने हाथ पर झपट्टा मारा और मोबाइल झपटकर ले गया। सौरभ ने चोर चोर चिल्लाते हुए उनका पीछा भी किया था, लेकिन वे स्कूटर तेजी से चलाते हुए भाग निकले। स्कूटर में नंबर प्लेट भी नहीं थी।

**तेजी से स्कूटर चलाते हुए भाग निकले बदमाश नंबर प्लेट भी नहीं थी**




### छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में यात्रा कर रही महिला का पर्स चोरी

इधर रानी कमलापति जीआरपी ने बताया कि रसलीन कौर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में रायपुर से अंबाला केंट की महिला यात्रा कर रही थी। रानी कमलापति रेलवे स्टेशन निकलने के बाद उन्होंने देखा तो उनका हैंड चोरी हो चुका था। हेंड बेग में ब्लू कलर का था। उसमें दो चार्जर एक छोटा पर्स था। पर्स में 5 हजार रुपए की नगदी सहित, एयरबर्डस व हेड फोन था।

### केरला एक्सप्रेस में महिला यात्री का पर्स चोरी

जीआरपी भोपाल ने बताया कि देवा नंदा पिता मंजु (19) निदमन गार्ड त्रिवेन्द्रपुरम केरला में रहती हैं। उन्होंने शिकायत करते हुए बताया कि वे नई दिल्ली कि यात्रा कर रही थीं। यात्रा के दौरान उनके पास हैंड बैग था। बैग के अंदर मोबाइल और 10 हजार रुपए की नगदी थी। इसके अलावा एटीएम कार्ड, लाइबेरी कार्ड, पावर बैंक, एयर फोन कीमती था। भोपाल स्टेशन से ट्रेन गुजरी तो उनका हैंड बैग चोरी हो चुका था।

### भीड़ का फायदा उठाकर जेब से मोबाइल चुराया

कुरावर जिला राजगढ़ निवासी 24 साल के सुनील अहिरवार ने जीआरपी भोपाल को शिकायत करते हुए बताया कि नर्मदा एक्सप्रेस में वह जनरल कोच में शुजालपुर से बैठकर संत हिरदाराम स्टेशन जा रहा था। यात्रा के दौरान उसने अपना मोबाइल लोवर की पेंट की जेब से रखा था। ट्रेन में भीड़ थी और वह बाथरूम के पास खड़ा हो गया। सीहोर स्टेशन निकलने के बाद उसने अपने जीजा को कॉल करने के लिए जेब में हाथ डाला तो जेब में मोबाइल नहीं था। कोई अज्ञात चोर मोबाइल चुराकर ले जा चुका था। चोरी गए मोबाइल की कीमत 19 हजार रुपए बताई जा रही है।

## साइबर क्राइम ब्रांच ने समन्वय पोर्टल के माध्यम से साइबर अपराधों पर लिया संज्ञान

**समन्वय पोर्टल पर भोपाल के म्यूल बैंक अकाउंट के साइबर क्राइम में संलिप्त होने की मिल रही है शिकायतें**

# साइबर ठगों को म्यूल अकाउंट बेचने वाले पांच अकाउंट होल्डर गिरफ्तार

◆ पुलिस ने मोबाइल सिम कार्ड, बैंक खाते किए जब्त


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

साइबर क्राइम ब्रांच ने भोपाल को म्यूल अकाउंट मुक्त बनाने की पहल शुरू की है। साइबर क्राइम ब्रांच ने समन्वय पोर्टल के माध्यम से देशभर के अलग-अलग राज्यों में हुए साइबर अपराधों पर खुद संज्ञान लिया है। साइबर क्राइम ब्रांच ने साइबर ठगों को म्युल अकाउंट बेचने वाले पांच लोगों पर एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार किया है। म्यूल अकाउंट वे बैंक अकाउंट्स होते हैं, जिनका उपयोग साइबर ठग बड़ी रकम ट्रांसफर करने के लिए करते हैं। गिरफ्तार आरोपियों ने अपने म्यूल बैंक अकाउंट को साइबर ठगों को बेच दिया था। इन म्यूल बैंक अकाउंट में साइबर ठग द्वारा पैसों का लेनदेन किया गया है।

डीसीपी अखिल पटेल ने बताया कि केंद्र सरकार के समन्वय पोर्टल पर भोपाल के म्यूल बैंक अकाउंट के साइबर क्राइम में संलिप्त होने की शिकायतें मिल रही हैं। साइबर क्राइम ब्रांच खुद भोपाल के बैंक अकाउंट धारकों की जानकारी के लिए संबंधित बैंकों को नोटिस जारी कर रही है। जानकारी आने के बाद पुलिस बैंक खाता धारक के खिलाफ खुद फरियादी बनकर एफआईआर दर्ज कर रही है। ऐसे ही पांच अकाउंट होल्डर को गिरफ्तार किया गया है।

**देश में किसी भी हिस्से में साइबर ठगी होने पर भोपाल का बैंक अकाउंट मिला तो पुलिस खुद बनेगी फरियादी**


अरुण बोर्डे


सैय्यद अरशद


करण वाल्मीकि


आरिश खान


तरुण राय

### इस तरह होगी कार्रवाई

उदाहरण के तौर पर यदि केरल निवासी किसी व्यक्ति के साथ साइबर ठगी हुई है तो वह स्थानीय थाने में शिकायत करेगा या फिर नेशनल पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएगा। अब केरल पुलिस जांच शुरू करती है तो पता चलता है कि ठगी की रकम को रोटेट करने के लिए 50 से अधिक म्यूल अकाउंट का उपयोग किया गया है। अब 50 खाता धारकों को अलग-अलग लोकेशन से पकड़ना मुश्किल है। ऐसे में साइबर क्राइम ब्रांच ने म्यूल अकाउंट बेचने वाले भोपाल के रहने वाले जालसाजों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार करना शुरू कर दिया है। ठगी भले ही दूसरे राज्य में हुई है, लेकिन यदि अकाउंट भोपाल के किसी बैंक का है तो संबंधित अकाउंट होल्डर पर एफआईआर और उसकी गिरफ्तारी की जाएगी।

### आएगी साइबर ठगी में कमी

डीसीपी पटेल ने बताया कि पुलिस को म्यूल अकाउंट जालसाजों को गिरफ्तार करने की पहल की है। दरअसल, ठगी की शुरुआती रकम इन्हीं म्युल अकाउंट में आती है। यदि अकाउंट होल्डर म्युल अकाउंट साइबर जालसाजों को नहीं देंगे तो ठगी की रकम ट्रांसफर नहीं हो सकेगी, क्योंकि ठगी की रकम साइबर जालसाज अपने अकाउंट में ट्रांसफर नहीं कराते है, बल्कि म्युल अकाउंट में ट्रांसफर कराते हैं। खुद को अकाउंट में यदि रकम ली जाएगी तो गिरफ्तारी में परेशानी नहीं होगी।

### तीन तरह से बेचे जा रहे अकाउंट

अकाउंट होल्डर अपने म्युल अकाउंट तीन तरीके से साइबर ठगों को बेच रहे हैं। पहला-एक मुश्त रकम लेकर, दूसरा-ठगी की रकम का कमीशन लेकर, तीसरा-हर महीने उनसे पैमेंट लेकर। करण वाल्मिक, निवासी-कोलार, महज आठवीं तक पढ़ा है। आरोपी ने तीन म्युल अकाउंट साइबर जालसाजों को बेचे थे। अरुण बोरडे, निवासी-ओम नगर कोलार, 12वीं तक पढ़ा है। 4 म्यूल बैंक अकाउंट साइबर ठगों को मुहैया कराए थे। तरुण राय, निवासी-श्याम नगर हबीबगंज। 12वीं तक पढ़ा है। म्यूल बैंक खाते खुलवाकर साइबर ठगों को बेचता है। सैय्यद अरशद, निवासी-जहांगीराबाद। स्नातक की पढ़ाई कर रहा है। म्यूल बैंक अकाउंट होल्डर, आरिश खान, निवासी-जहांगीराबाद। 10 वीं तक पढ़ा है। म्यूल बैंक खुलवाकर साइबर ठगों को बेचना।




विधायक पटवा ने की मुख्यमंत्री से भेंट

## विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृति का किया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी, युवा नेता जीतू नंदवंशी, माधव यादव, मनोज चौरसिया ने बताया कि विधायक सुरेंद्र पटवा मुख्यमंत्री निवास पर पहुंच कर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट की और 18 फरवरी को मंडीदीप आने का न्योता दिया।

विधायक पटवा ने भोजपुर विधानसभा में चल रहें विकास कार्यों से अवगत कराया और नगर पालिका मंडीदीप एवं नगर परिषद औबेदुल्लागंज, नगर परिषद सुल्तानपुर व बाड़ी के लिए विशेष मद से राशि स्वीकृत करने का आग्रह किया, जिसे पूरा करने का मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया। इस पर पटवा ने मुख्यमंत्री का आभार जताया। इस अवसर पर विधायक सुरेंद्र पटवा के भाई भरत पटवा और संजय मीणा भी साथ में थे।

### भानपुर ब्रिज पर गैस सिलेंडर से भरे मिनी ट्रक ने कार को मारी टक्कर, दो लोग घायल

**भोपाल।** भानपुर ब्रिज पर गैस सिलेंडर से भरे मिनी ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से भिड़ गई। हादसे में कार सवार दो लोगों को चोट आई है। गनीमत रही कि सिलेंडर से भरा मिनी ट्रक अनियंत्रित नहीं हुआ, जिससे बड़ा हादसा टल गया। हादसे के बाद चालक मिनी ट्रक छोड़कर फरार हो गया। छोला थाना पुलिस ने उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 22 वर्षीय निखिल करोठिया छोला स्थित शबरी नगर में परिवार के साथ रहता है। गुरुवार को वह अयोध्यानगर से वापस अपनी मां के साथ कार में वापस घर जा रहे थे। दोपहर करीब डेढ़ बजे वह भानपुर पुल से नीचे की तरफ जा रहे थे तभी पीछे से आ रहे गैस सिलेंडर से भरे मिनी ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे अनियंत्रित होकर डिवाइडर में जाकर भिड़ी। इस हादसे में कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है। कार सवार निखिल और उसकी मां घायल हो गए।

**जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में की समीक्षा**

## अंतिम छोर के परिवार तक पहुंचे नल से शुद्ध पेयजलः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप



औद्योगिक नगर में कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के तहत जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक हुई। बैठक में कलेक्टर विश्वकर्मा ने जल जीवन मिशन के तहत संचालित नलजल परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए पीएचई तथा जल निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अंतिम छोर के परिवार तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है।

कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि ग्राम में कोई भी घर जल जीवन मिशन से छूटे नहीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नलजल योजना के कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ हों। एकल एवं समूह नलजल योजनाओं की विकास खंडवार जानकारी लेते हुए कहा कि जो नलजल योजनाएं प्रगतिरत हैं, उन्हें गुणवत्ता के साथ समयावधि में पूर्ण किया जाए। जो ठेकेदार गुणवत्ता के साथ कार्य नहीं कर रहे हैं और धीमी गति से काम कर रहे हैं, उन्हें ब्लैक लिस्ट किया जाए तथा यह सुनिश्चित करें कि वह ठेकेदार किसी दूसरे नाम से कार्य न ले। कलेक्टर ने पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं का व्यवस्थित संचालन करने के निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर में नल से शुद्ध पेयजल पहुंचाना है। कलेक्टर द्वारा वॉटर टेस्टिंग की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि वॉटर टेस्टिंग लगातार हो और इसमें स्व-सहायता समूहों की दीदियों को जोड़ा जाए।

### युवक ट्रेन से टकराया अस्पताल में मौत

**भोपाल।** खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित धमनिया रेलवे फाटक पर बुधवार रात एक युवक ने बाइक खड़ी की और ट्रेन के सामने पहुंच गया। ट्रेन से टकराने के कारण उसे सिर में गंभीर चोट आई थी। परिजन उसे रेलवे ट्रैक किनारे से उठाकर हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां कुछ ही देर बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। एएसआई संजय मिश्रा ने बताया कि मुकेश मारन पिता फूलसिंह मारन (45) गांव धमनिया, खजूरी सड़क में रहता था और इंडियन ऑयल डिपो में ठेकेदारी में काम करता था। बुधवार रात करीब 8 बजे बाइक से धमनिया रेलवे फाटक पहुंचा और बाइक फाटक से कुछ दूरी पर खड़ी की और रेलवे ट्रैक पर पहुंच गया। इस दौरान ट्रैक से गुजर रही ट्रेन ने उसे चपेट में ले लिया।

**पढ़ाई को लेकर तनाव में था, पुलिस को नहीं मिला सुसाइड नोट**

# 10वीं के छात्र ने साड़ी के फाल से कमरे में फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित रामायण साउथ एवेन्यू में बुधवार रात दसवीं के छात्र ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही मां पड़ोसियों की मदद से उसे फंदे से उतारकर एम्स ले गई, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। छात्र के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन से प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि वह दसवीं कक्षा में था और बोर्ड की परीक्षा होने वाली थी। वह पढ़ाई को लेकर तनाव में रहता था।

पुलिस के अनुसार सिद्धार्थ ठाकुर पिता स्वर्गीय प्रमोद ठाकुर (15) रामायण साउथ एवेन्यू, कटारा हिल्स में रहता था और निजी स्कूल में दसवीं कक्षा का छात्र था। उसके पिता की करीब आठ साल पूर्व हार्ट अटैक से मृत्यु हो चुकी है। परिवार में मां छोटा भाई और बड़ी बहन है। बुधवार रात करीब 8 बजे सभी लोग घर पर थे। सिद्धार्थ अपने कमरे में था। मां और बच्चों ने पूजा पाठ की और पूजा की थाली लेकर सिद्धार्थ के कमरे में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने देखा सिद्धार्थ साड़ी के फाल से फांसी लगा चुका था। परिजन उसे फंदे से उतारकर एम्स लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में उसे मृत घोषित कर दिया।

### दादा रह चुके हैं विधायक

सिद्धार्थ ठाकुर के दादा नरेश सिंह पटेल भोजपुर विधान सभा में विधायक रह चुके हैं। परिजन से पूछताछ में पता चला कि सिद्धार्थ कुछ दिनों से गुमशुम रहता था। वह पढ़ाई को लेकर तनाव में था। परिजन उसका इलाज लखनऊ में किसी मनौचिकित्सक के पास भी करा चुके थे। पुलिस ने उसका मोबाइल जब्त किया है। पुलिस मोबाइल की जांच कर रही है।

**पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित जेके रोड की इंस्टाकार्ट कुरियर कंपनी का मामला**

# दो डिलीवरी ब्वॉय ने कुरियर कंपनी को लगाया 8 लाख 85 हजार रुपए का चूना, आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**पुलिस अमानत में खयानत का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी**

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित जेके रोड की इंस्टाकार्ट कुरियर कंपनी के दो कर्मचारियों ने कंपनी को 8 लाख 85 हजार 218 रुपए का चूना लगा दिया। दोनों कर्मचारी कंपनी के डिलीवरी ब्वाय थे। आरोपियों ने ग्राहकों को दिए जाने वाले पार्सल डिलीवर न कर खुद अपने पास रख लिए और फरार हो गए।

पिपलानी पुलिस ने कंपनी के पीओ की शिकायत पर अमानत में खयानत का प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। आरोपियों द्वारा हड़पे गए सामान में अधिकतर मोबाइल और घरेलू सामान है। पुलिस के अनुसार छत्रसाल नगर पिपलानी निवासी महेन्द्र सिंह सिसोदिया (63) जेके रोड स्थित इंस्टाकार्ट कुरियर कंपनी के (प्रोबेस्नर ऑफिसर) पीओ हैं। चार दिन पहले उन्होंने पिपलानी पुलिस को शिकायती आवेदन देते हुए बताया था कि अभिषेक कुमार व रविन्द्र सिंह कंपनी के लिए डिलीवरी ब्वाय का काम करते थे। अभिषेक को दिसंबर 2024 और रविन्द्र सिंह को जनवरी 2025 में नौकरी पर रखा गया था।




### कंपनी केपीओ सिसोदिया ने पुलिस को दिया शिकायती आवेदन

बीते माह 21 जनवरी 2025 को दोनों को ग्राहकों को पार्सल डिलीवर करने के लिए 8 लाख 85 हजार 218 रुपए का माल दिया था। उक्त माल लेकर कंपनी से निकल गए, लेकिन माल की डिलीवरी नहीं की और ऑफिस भी नहीं लौटे। कंपनी की ओर से पीओ महेन्द्र सिंह सिसोदिया व अन्य स्टॉफ ने दोनों की तलाश की, लेकिन उनका कुछ पता नहीं चल सका। दोनों मोबाइल भी बंद है। महेन्द्र सिंह ने शिकायती आवेदन पिपलानी पुलिस को दिया था। पुलिस ने आवेदन जांच के बाद अभिषेक कुमार व रविन्द्र सिंह के खिलाफ अमानत में खयानत की धारा के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस को पता चला है कि दोनों आरोपी मूलरूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे और यहां किराए से रह रहे थे।

## भगवान श्रीराम के जन्म की कथा सुनकर श्रद्धालु हुए भावविभोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

महिला भजन मंडल औबेदुल्लागंज द्वारा आयोजित श्री राम कथा के दूसरे दिन कथा व्यास पं. सद्भव तिवारी (मानस सुमन) ने भगवान राम के जन्म की कथा सुनाई।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने कथा का आनंद लिया और भगवान राम के जन्म की कथा सुनी। पं. सद्भव तिवारी ने भगवान राम के जीवन और उनके उपदेशों के बारे में विस्तार से बताया। पं. सद्भव तिवारी ने कहा कि श्री राम की कथा सुनने से दुखों से मुक्ति मिलती है। कथा में राजकुमारी मित्तल, मानसी मित्तल, पार्षद हेमलता चौरसिया, विद्या अग्रवाल, आरती यादव, रश्मि दीक्षित, अनुराधा विजयवर्गीय, शोभा राकेश तिवारी, कृष्ण गोपाल पाठक, श्यामा सोनी, सुषमा मित्तल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

आज वैलेंटाइन-डे



# शब्दों और दृष्टि से परे निश्छल प्रेम की सफल कहानियां

## दृष्टिबाधित या मूकबधिर होने के बावजूद इन जोड़ों ने किया प्रेम और की सफल वैवाहिक जीवन की शुरुआत

मधुरिमा राजपाल ⏭भोपाल

प्रेम एक गहरी भावनात्मक अनुभूति है। यह शारीरिक आकर्षण का मोहताज नहीं बल्कि इसमें मानसिक अवधारणा को महसूस किया जा सकता है और अहसासों से प्रेम की अभिव्यक्ति ज्यादा सार्थक सिद्ध होती है। इसका जीता-जागता उदाहरण है दृष्टिबधित और मूकबधिर दंपतियों की सफल प्रेम कहानियां, जो निश्छल को दर्शाती है।

आज वैलेंटाइन-डे पर हरिभूमि ने राजधानी के कुछ ऐसे ही कलप्स को तलाशा, जो दृष्टिबाधित या मूकबधिर हैं, लेकिन इनके बीच प्रेम अथाह है। यही वजह है कि इन्होंने दुनिया और समाज की परवाह किए बिना प्रेम किया और आज सुखी वैवाहिक जीवन जी रहे हैं।




### संगीत कार्यक्रम में हुई मुलाकात ने बनाया जिंदगीभर के लिए हमसफर

दृष्टिबाधित सिंगर जोड़ी दिव्यता और अमित गर्ग ने कहा कि हमारी मुलाकात एक संगीत के प्रोग्राम में ही 2007 में हुई थी, जिसमें हमें लगा कि हम एक-दूसरे के साथ पूरा जीवन गुजार सकते हैं। दिव्यता ने कहा कि क्योंकि हमें रेटिना की प्रॉब्लम थी, जिसमें ऐसा कहा जाता है कि यह अनुवांशिक होती है। इस वजह से घर वालों ने हमारे विवाह के लिए मना किया, लेकिन कहते हैं न जब प्यार करने वाले एक-दूसरे को दिलों जान से चाहें तो पूरी कायनात उन्हें मिलवा देती है। ऐसा ही कुछ हमारे साथ हुआ और हमारे परिवार वालों को मजबूर होना पड़ा और 2008 में हमारा विवाह हुआ। आज हम एक पूरी तरह स्वस्थ पुत्र के माता-पिता हैं और हमें एक दूसरे के साथ ऐसा लगता है कि जैसे सारी दुनिया जहान की खुशी मिल गई हो।



### ऑनलाइन चैटिंग कर लगा कि एक दूसरे के लिए ही बनी है हमारी जोड़ी

श्रीशिवम मॉल में कार्यरत मूकबधिर राम बोंडे ने वाट्सअप चैटिंग के माध्यम से बताया कि आज से डेढ़ साल पहले मैं अपने दोस्त की बारात में छत्तीसगढ़ गया था, तो वहां मेरी मुलाकात ललिता से हुई, जो मेरी ही तरह मूकबधिर थी। ललिता और हमारे बीच की मुलाकात वहीं खत्म नहीं हुई। हम ऑनलाइन चैटिंग करने लगे और ऐसा लगा कि हम एक दूसरे के लिए ही बने हैं। एक दूसरे के साथ पूरा जीवन गुजार सकते हैं। हमने अपने घर में विवाह के लिए कहा, लेकिन घर वालों का कहना था कि आप दोनों को एक जैसी समस्या से ग्रस्त हैं तो किस तरह से अपना जीवन चलाएंगे, लेकिन हम लोग अपने निर्णय पर अड़े रहे और आखिरकार घर वालों को मानना ही पड़ा और आज से दो माह पहले हमारा प्रेम रंग लाया और हम वैवाहिक बंधन में बंध गए।



### एक-दूसरे से अथाह प्रेम बन गया हमारे जीवन का मजबूत आधार

मूकबधिर दपंती लीनू और लिंसी जोसेफ ने अपनी भावनाओं को अपनी मां के माध्यम से साझा करते हुए कहा कि हमारी मुलाकात 2016 से पहले हुई थी, जिसमें हमें लगा कि हम दोनों की जोड़ी एक-दूसरे के लिए ही बनी है, जहां हममें एक-दूसरे को समझने का अहसास था, वहीं हमारे परिवार वालों को भी हम पसंद आए और 2016 में हमारी शादी हो गई। इसके बाद लगा कि हमारी जोड़ी ऊपर वाले ने ही बनाई है। हमारी कई आदतें मिलती-जुलती रहीं और एक-दूसरे से अथाह प्रेम हमारे जीवन का मजबूत आधार बना।

---

बहुकला केंद्र भारत भवन में 43वें वर्षगांठ समारोह के पहले दिन हुई विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

# भारत भवन का प्रतिष्ठित रंगमंडल पुनः होगा प्रारंभ

## जयति मंगलम में 45 कलाकारों ने प्रस्तुत किया 9 शास्त्रीय नृत्यों का सम्मिश्रण



हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

भारत भवन में 45 नृत्यांगनाओं ने 50 मिनट में 9 भारतीय शास्त्रीय नृत्यों की विभिन्न शैलियों को जब घुंघरू की झंकार के साथ नृत्य में पिरोया तो सभागार तालियों से गूंज उठा।

इस प्रस्तुति को विशेष बनाया मैत्रीय पहाड़ी ने, जिन्होंने भरतनाट्यम, ओडिसी, कुचिपुड़ी, मोहनीअट्टम जैसे नौ शास्त्रीय नृत्यों की शैलियों को मिलाकर एक सुंदर रूपक 'जयति मंगलम' के रूप के प्रस्तुत किया। यह नजारा देखने को मिला भारतीय कलाओं के केन्द्र भारत भवन के 43वें वर्षगांठ समारोह में।



**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने किया समारोह का शुभारंभ**

बड़ी झील किनारे बने कला के इस मंदिर के वार्षिक जलसे का आरंभ प्रदेश की 15 कला मनीषियों के अलंकरण के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, भारत भवन के न्यासी सचिव शिव शेखर शुक्ला, भारत भवन न्यास के अध्यक्ष डॉ. वामन केंद्रे, संस्कृति संचालक एनपी नामदेव और कलाप्रेमी उपस्थित हुए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारत भवन की वर्षगांठ अवसर पर प्रदेश के कलाप्रेमियों को पुनः रंगमंडल शुरू करने की सौगात दी।

### प्रदर्शनी में दिखी कला की अभिव्यक्ति



इस अवसर पर कला दीर्घा में शिखर सम्मान से सम्मानित कलाकार ईश्वरी रावल और हरि भटनागर की कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया। इस प्रदर्शनी में कलाकारों ने अपनी कला की एक ऐसी अभिव्यक्ति पेश की, जो कलाप्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी।


### इनको मिला शिखर सम्मान



समारोह में हिन्दी साहित्य के लिए 2022 का डॉ. उर्मिला शिरीष भोपाल, उर्दू साहित्य के लिए 2023 का महमूद अहमद सहर उज्जैन, शास्त्रीय नृत्य के लिए 2022 का मोहिनी मोघे जबलपुर और 2023 का विदुषी भारती होम्बल- भोपाल को, रूपंकर कलाओं के लिए 2022 का ईश्वरी रावल इंदौर और 2023 का हरि भटनागर बड़ौदा को, नाटक के लिए 2022 का राग जोग इंदौर और 2023 का सतीश दवे उज्जैन सहित 15 कलाकारों को सम्मानित किया गया।

### सरस्वती गीतों की प्रस्तुति

उत्सव का मंगलाचरण विद्या की देवी मां सरस्वती की आराधना के साथ हुई। इस दौरान संगीता गोस्वामी एवं साथी कलाकारों ने सरस्वती गीतों की सुमधुर प्रस्तुति दी। इसके बाद कलाकारों ने पंडित रामाश्रय झा की रचना वरदे मोहे मातू मेरी... और सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की रचना वर दे वीणा वादिनी वर दे... की प्रस्तुति दी।



### होली के रंगों पर केंद्रित नृत्य किया प्रस्तुत

मैत्रीय पहाड़ी के निर्देशन में प्रस्तुत जयति मंगलम शास्त्रीय नृत्यों की विस्तृत यात्रा पर ले गई। जिसमें पहले चरण में भारतीय शास्त्रीय नृत्य के रंग देखने को मिले, वहीं दूसरे भाग में होली के रंगों पर केंद्रित नृत्य प्रस्तुत किया।

---



# सामाजिक कर्तव्य में लगे मनुष्य आखिरकार स्वार्थ के लिए अपने धर्म को कैसे भूल जाते हैं?

## रविंद्र भवन में अखिल भारतीय रूपक महोत्सव में नाट्य प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

रविंद्र भवन में आयोजित अखिल भारतीय रूपक महोत्सव के तीसरे दिन सर्वप्रथम 'महिमामयभारतम' नाटक की प्रस्तुति हुई। डॉ. यतींद्र विमल चतुधुरीण द्वारा रचित पांच अंकों में बंटे यह नाटक मुख्यतः वैदिक, पौराणिक, मध्यकाल और आधुनिक युग में पूजित और व्यवस्थापित भारत की नदियों पर आधारित रहा।

इसके बाद पश्चिम बंगाल के कालियाचक बिक्रम किशोर आदर्श संस्कृत महाविद्यालय से आए नाट्य दल ने 'आश्चर्यकरमेव' नाटक की प्रस्तुति दी। नाटक यह प्रश्न उठाता है कि एक तरफ जहां मनुष्य सामाजिक कर्तव्य में लगे रहते हैं, वहीं स्वार्थ के लिए अपने धर्म और नैतिकता को कैसे भूल जाते हैं?



### न्याय प्राप्त करने के लिए महिलाओं को करने पड़ते हैं कठिन प्रयास

इसी दिन सनातन धर्म आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, हिमाचल प्रदेश के नाट्य दल ने 'विषमपरिणयम' नाटक की प्रस्तुति दी। इस रूपक ने भी दर्शाया कि महिलाओं की समाज में क्या स्थिति है। न्याय प्राप्त करने के लिए महिलाओं को कितने कठिन प्रयास करने पड़ते हैं, यह इस नाटक में व्यक्त किया गया। इस नाटक को सूरत, गुजरात के प्रसिद्ध विद्वान गणेश शंकर ने लिखा है। महाराष्ट्र के आए से नाट्य दल ने 'विकसितुएशाकलिका' नामक संस्कृत नाटक की प्रस्तुति दी। लीना रस्तोगी द्वारा रचित नाटक में प्रासंगिक कन्याओं की सुरक्षा के विषय को उजागर किया। वहीं कर्नाटक ने 'वासंतिकस्वप्नम' नाटक की प्रस्तुति दी।

---




# पेटा इंडिया ने राहगीरों को वितरित किए लाल गुलाब और ताजा वीगन कप केक

**भोपाल।** वैलेंटाइन-डे की पूर्व संध्या पर गुरुवार को पेटा इंडिया और एनिमल विथ ह्यूमैनिटी के समर्थकों ने बोट क्लब पर लाल गाउन और एंजल विंग्स में राहगीरों को गुलाब और ताजे वीगन कप केक वितरित किए। इस अवसर पर इन एंजिल्स ने हाथ में एक स्लोगन लगी तख्ती भी पकड़ी थी, जिस पर लिखा था कि 'अपने दिल की सुनें, वीगन बनें'। यह कार्यक्रम वैलेंटाइन एंजेल्स लोगों को पशुओं के प्रति दया दिखाने और स्वस्थ, मानवतावादी वीगन आहार अपनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य था।

# रानी दुर्गावती के वीरांगना होने की कहानी दर्शाता है नाटक

## शहीद भवन में स्व अजय तिवारी स्मृति नाट्य समारोह में नाटक 'वीरांगना रानी दुर्गावती' का मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

शहीद भवन में मध्य भारत वीर नायकों पर केंद्रित 12वें स्व. अजय तिवारी स्मृति नाट्य समारोह में अजय तिवारी स्मृति नाट्य समारोह में गुरुवार को 'वीरांगना रानी दुर्गावती' का मंचन किया गया। तीन दिवसीय नाट्य समारोह में मंचित इस नाटक में लेखन शंकरदयाल भारद्वाज का रहा और निर्देशन निजाम पटेल का।



### नाटक की कहानी

नाटक में रानी दुर्गावती के प्रेम-प्रसंग से लेकर उनके वीरांगना होने तक की कहानी को दिखाया गया। दुर्गावती का विवाह मंडला के राजा से होता है। राजा की मृत्यु के बाद राज्य की कमान रानी अपने हाथों में ले लेती हैं। अकबर मंडला पर हमला कर देता है। युद्ध में रानी अकबर के हाथों मरने की अपेक्षा खुद मरना स्वीकार करती हैं।

---

51वां खजुराहो नृत्य समारोह 20 से 26 तक



# खजुराहो में इस बार बनेगा 'वृहद नृत्य मैराथन रिले' का वर्ल्ड रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

*स्काई डाइविंग, हॉट एयर बैलून, कैम्पिंग, विलेज टूर जैसी रोमांचक पर्यटन गतिविधियां होंगी खास*

यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट खजुराहो के एक हजार वर्ष प्राचीन मंदिरों की दिव्य आभा में 51वां खजुराहो नृत्य समारोह 20 से 26 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। खजुराहो स्थित कंदरिया महादेव मंदिर एवं देवी जगदंबा मंदिर के मध्य मंदिर प्रांगण में आयोजित होने वाले इस अंतर्राष्ट्रीय नृत्य समागम की भव्यता इस वर्ष अपने उरूज पर होगी। समारोह में इस वर्ष खास रुप से लगातार 24 घंटे तक विविध नृत्य प्रस्तुतियां 'वृहद नृत्य मैराथन रिले' के द्वारा प्रदेश के 125 कलाकार लगातार नृत्य करेंगे और वर्ल्ड रिकार्ड बनाएंगे। इसके साथ ही महोत्सव में स्काई डाइविंग, हॉट एयर बैलून, कैम्पिंग, विलेज टूर जैसी रोमांचक पर्यटन गतिविधियां होंगी खास होंगी। यह कहना है संस्कृति, पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी का, जो गुरुवार को जनजातीय संग्रहालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बोल रहे थे।

### बाल नृत्य महोत्सव के रूप में जोड़ी नई गतिविधि

प्रमुख सचिव, संस्कृति एवं पर्यटन शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि 51वां खजुराहो नृत्य समारोह का शुभारम्भ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में किया जाएगा। इस अवसर पर मप्र राज्य रूपंकर कला पुरस्कार अलंकरण समारोह भी आयोजित होगा। इस अवसर पर संचालक संस्कृति एनपी नामदेव, निदेशक, उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी डॉ. धर्मेंद्र पारे उपस्थित रहे। शुक्ला ने कहा कि खजुराहो नृत्य समारोह में पहली बार एक नई गतिविधि जोड़ी है, जिसमें 310 नृत्य कलाकारों के आवेदन प्राप्त हुए थे और वरिष्ठ नृत्य गुरुओं की चयन समिति द्वारा 15 कलाकारों का चयन किया गया।

---

# इनोवेशन, उद्यमिता को बढ़ावा देगा इनोवेशन कॉर्निवल नवोन्मेष

**भोपाल।** अटल इंक्यूबेशन सेंटर-रबीन्द्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी (एआईसी-आरएनटीयू) द्वारा स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी एवं रबीन्द्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी के सहयोग से मध्य भारत के सबसे बड़े इनोवेशन कार्निवल नवोन्मेष 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य उद्यमिता, रचनात्मकता और प्रौद्योगिकी-संचालित समाधानों को बढ़ावा देना है। इसमें छात्र, स्टार्टअप, बिजनेस लीडर्स, निवेशक और नीति-निर्माता और स्टार्टअप इकोसिस्टम से जुड़े सभी लोग शामिल होंगे। प्रतिभागियों के लिए इसमें 5 लाख रुपए तक के पुरस्कार जीतने का मौका होगा। इसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 25 फरवरी है।

ऑलियांस फ्रांसिस में दंपती उदय गोस्वामी और एकता शर्मा के 14 चित्रों की प्रदर्शनी

# प्रेम की घटना और बीज के उत्पन्न होने की कहानी को दशाते चित्र

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

प्रेम एक घटना है जो घटित होती है, उसे केवल महसूस किया जा सकता है। इसे आप क्रिएट नहीं कर सकते, क्योंकि प्रेम एक अनुभूति है जो दो व्यक्तियों के बीच किसी भी दशा में हो सकती है।

प्रेम की इसी अनुभूति का एक स्वरूप बीज का पौधा बनना भी है। क्योंकि बीज प्रेम का रूप है तो उनका पनपना प्रेम की सार्थकता को दर्शाता है... प्रेम और बीज के बीच की कॉम्बिनेशन को चित्रों से दर्शाया दम्पती उदय गोस्वामी और एकता शर्मा ने। वैलेंटाइन-डे की पूर्व संध्या पर उदय और एकता के 14 चित्रों की प्रदर्शनी का आयोजन ऑलियांस फ्रांसिस में किया गया।



**प्रेम एक घटना है जिसे क्रिएट नहीं किया जाता**

एकता ने कहा कि प्रेम एक घटना है जिसे क्रिएट नहीं किया जाता, यह कभी भी कहीं भी हो सकता है। इसलिए मैंने प्रेम के इस स्वरूप को अलग-अलग डाइमेंशंस के रूप में दर्शाया। वहीं उदय ने बीज के पौधा बनने की कहानी को अपने सात चित्रों में दर्शाया। उन्होंने कहा कि कैसे एक बीज का जन्म होता है और वो पौधा बनता है। बस उसी आधार में मैंने अपने चित्रों की परिकल्पना को साकार किया।



### 'लीला' चित्र प्रदर्शनी यह है खास

'लीला' नामक इस चित्र प्रदर्शनी में उदय के सात चित्रों में जहां बीज का पनपकर पौधा बनने की कहानी दिखी, तो वहीं एकता ने प्रेम के स्वरूप को दर्शाया।

# बेरोकटोक और सुगमता से लोग लगा रहे संगम में डुबकी

मेला पुलिस के अनुसार लखनऊ, मिर्जापुर रोड, रीवा रोड, जौनपुर, फाफामऊ, वाराणसी रूट और कौशांबी रूट पर यातायात सामान्य रूप से जारी है। महाकुंभ के मद्देनजर सुरक्षा बलों और यातायात पुलिस को हर प्रमुख मार्ग पर तैनात किया गया है।

## श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच प्रयागराज में ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से सुचारू

एजेंसी ▶▶प्रयागराज

महाकुंभ में माघ पूर्णिमा के स्नान पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच शहर की ट्रैफिक व्यवस्था अब पूरी तरह से सुचारू रूप से संचालित है। प्रशासन की ओर से किए गए व्यापक प्रबंधों का सकारात्मक असर दिख रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को यात्रा में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है और वे सुगमता के साथ संगम स्नान कर रहे हैं। मेला पुलिस के अनुसार मलाक हरहर (लखनऊ), मिर्जापुर रोड, रीवा रोड, सहसो (जौनपुर), फाफामऊ (लखनऊ), अंदावा (वाराणसी रूट) और कौशांबी रूट पर यातायात सामान्य रूप से जारी है। महाकुंभ के मद्देनजर सुरक्षा बलों और यातायात पुलिस को हर प्रमुख मार्ग पर तैनात किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो। यातायात विभाग ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे प्रशासन द्वारा जारी किए गए निर्देशों का पालन करें।



सुरक्षा बल और यातायात पुलिस तैनात

यहां लोगों को समझाइश दी जा रही

### दिव्य और भव्य नजारा सोशल मीडिया पर छाया



माघ पूर्णिमा के मौके पर महाकुंभ का दिव्य और भव्य नजारा सोशल मीडिया पर भी छाया रहा। श्रद्धालुओं की अपार भीड़ और आध्यात्मिक उल्लास के बीच, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर 'माघ पूर्णिमा महाकुंभ' नंबर वन पर ट्रेंड करता रहा। गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में डुबकी लगाने के लिए देशभर से श्रद्धालु पहुंचे। स्नान के दौरान 'हर हर गंगे' और 'जय श्रीराम' के गगनभेदी जयघोष से पूरा महाकुंभ क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।

### सीएम साय और डॉ. रमन ने किया स्नान-ध्यान



प्रयागराज में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आस्था की डुबकी लगाई। उन्होंने कैबिनेट सहयोगियों के साथ स्नान किया। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ से राज्यपाल, स्पीकर, मंत्री और विधायकों समेत 166 लोगों का दल पवित्र स्नान के लिए प्रयागराज पहुंचा। उन्होंने प्रदेश के लिए खुशहाली और लोगों का जीवन सुख-समृद्ध होने की कामना की। विधानसभा के स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने भीआस्था की डुबकी लगाई।

### केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने सपरिवार किया स्नान



केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई और पूजन किया। उनके साथ पत्नी प्रियदर्शिनी राजे भी थीं। उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल ने सिंधिया को कुंभ कलश भेंट कर स्वागत किया।

### मेला क्षेत्र में फिर लगी आग

महाकुंभ मेला क्षेत्र से एक बार फिर आग लगने की खबर है। यह आग मेला क्षेत्र में स्थित सेक्टर-18 में लगी है। सूचना पर फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गई और किसी तरह आग पर काबू पाया। बताया जा रहानागवासुकी के पास टेंट में आग लगी। इससे दो टेंट जल गए। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया है।

## खबर संक्षेप

### खान की गिरफ्तारी पर 24 फरवरी तक रोक



**नई दिल्ली।** आप विधायक अमानतुल्लाह खान ने राउज एवेन्यू कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की। कोर्ट में आप विधायक की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने अमानतुल्लाह खान की गिरफ्तारी पर 24 फरवरी तक रोक लगा दी है। कोर्ट ने अमानतुल्लाह को जांच में शामिल होने के लिए कहा है। उन पर पुलिस टीम पर हमले का आरोप है।

### विपक्षी पार्टी के सरपंच को नहीं मिलेगा पैसा



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मंत्री और भाजपा नेता नितेश राणे ने यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया है कि शिवसेना (यूबीटी) और अन्य विपक्षी दलों के समर्थकों को उनके क्षेत्रों के लिए कोई विकास निधि नहीं मिलेगी। ओरोस में कहा कि अगर विपक्षी महा विकास अघाड़ी गठबंधन के कार्यकर्ता अपने निर्वाचन क्षेत्रों का विकास चाहते हैं तो भाजपा में शामिल हों।

### ट्रक की टक्कर से मैजिक सवार 4 की मौत




**शाहजहांपुर।** कलान थाना क्षेत्र में बदायूं मार्ग पर मदनपुर और बिचौला मार्ग पर बुधवार रात टाटा मैजिक और ट्रक की टक्कर हो गई, जिससे चार लोगों की मौत हो गई। हादसे में 16 लोग घायल हुए हैं। घायलों को फर्रुखाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुबह घटनास्थल पर मंजर देख लोग सन्न रह गए थे। जहा हादसा हुआ, वहां हाईवे लाल हो गया था।

### सपकाल बने महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष



**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद कांग्रेस ने संगठन स्तर पर बड़ा बदलाव किया है। पार्टी ने नाना पटोले की जगह हर्षवर्धन सपकाल को महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। विजय वडेट्टीवार को महाराष्ट्र में कांग्रेस विधायक दल का नेता नियुक्त किया गया है। हर्षवर्धन को राहुल गांधी का करीबी माना जाता है।

### बांसवाड़ा में फैक्ट्री में धमाका, 30 लोग झुलसे



**बांसवाड़ा।** गुरुवार को राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के रीको इंडस्ट्रीज इलाके में स्थित एक पटाखे की फैक्ट्री में भीषण आग लग गई, जिससे 30 से अधिक लोग गंभीर रूप से झुलस गए। इस हादसे में तेज धमाकों की आवाज से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और राहत और बचाव कार्य शुरू किया।

## जगदंबिका पाल ने सदन के पटल पर रखी जेपीसी की रिपोर्ट

# विपक्षी सांसदों की असहमतियों को किया गया शामिल, स्पीकर के अधिकार सुरक्षित

संसद में जमकर बरपा हंगामा, लोकसभा में शाह ने तो राज्यसभा में मंत्री रिजिजू ने संभाला मोर्चा

### केंद्रीय पर्यावरण, वन मंत्री ने नियमों का उल्लेख कर दिया स्पष्टीकरण

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

लोकसभा में हंगामे के बीच भाजपा सांसद और संयुक्त संसदीय समिति के प्रमुख जगदंबिका पाल ने सदन के पटल पर जेपीसी की रिपोर्ट पेश की। इसके बाद भारत माता की जय के नारे भी लगे। इसके बाद गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि स्पीकर को रिपोर्ट का कोई भी हिस्सा रखने या हटाने का पूरा अधिकार है। उन्होंने कहा कि संसदीय कार्यप्रणाली और नियमावली को देखते हुए नीर-क्षीर विवेक के आधार पर स्पीकर को फैसला करना है, जिस पर भाजपा को कोई आपत्ति नहीं है। स्पीकर ओम बिरला ने भी कहा कि विपक्षी सांसदों की असहमतियों और सभी बयानों को संसदीय नियमावली के आलोक में जेपीसी की रिपोर्ट के साथ संलग्न किया गया है। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री ने कहा कि नियमों से जुड़े नियमों का उल्लेख किया गया है। उन्होंने कहा किसी रिपोर्ट को स्वीकार करना सभापति का विशेषाधिकार है। सभापति के फैसले को गलत नहीं बताया जा सकता। विपक्ष की आपत्ति बेबुनियाद और तथ्यहीन है। विपक्ष जान-बूझकर गतिरोध और व्यवधान पैदा कर रहा है।

संसदीय कार्यप्रणाली और नियमावली को देखते हुए नीर-क्षीर विवेक के आधार पर स्पीकर को इस पर फैसला करना है



### केवल आक्षेप लगाने वाले कुछ अंश हटाए गए: रिजिजू



संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि जेपीसी की रिपोर्ट से किसी हिस्से को हटाने का आरोप बिल्कुल झूठा है। उन्होंने कहा कि किसी भी नियम का उल्लंघन नहीं किया गया है। अब सदन के पटल पर रिपोर्ट पेश किए जाने पर विपक्षी सदस्य गुमराह कर रहे हैं। रिजिजू ने कहा कि असहमति के तमाम बयानों को भी जेपीसी की रिपोर्ट में शामिल किया गया है। सभी बातें सदन के रिकॉर्ड में हैं।

**विपक्ष का हंगामा करना हास्यास्पद**

रिजिजू ने कहा कि व्यापक चर्चा और मंथन के बाद जेपीसी रिपोर्ट सदन के पटल पर रखा गया है। रिपोर्ट को दोबारा पेश किया जाएगा› सदस्य इस पर चर्चा कर सकते हैं। विपक्ष का हंगामा करना बिल्कुल हास्यास्पद है।

### विपक्ष ने बेबुनियाद हंगामा किया: नड्डा



सदन के नेता जेपी नड्डा ने जेपीसी रिपोर्ट पर हंगामा करने वाले विपक्षी सांसदों को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि विपक्षी सदस्यों को पूरा मौका दिए जाने के बावजूद उन्होंने बेबुनियाद मुद्दों पर हंगामा किया। नड्डा ने कहा कि हंगामा करने वाले विपक्षी सांसद तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे हैं।

### आप ही सांसदों के अधिकार छीन रहे

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नारेबाजी कर रहे कांग्रेस सांसदों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि आपकी पार्टी ने देश में लंबे समय शासन किया है। अब आप ही नियोजित तरीके से हंगामा करके सदस्यों का अधिकार छीनना चाहते हैं।

### विधेयक का मकसद वक्फ को बर्बाद करना : ओवैसी



ऑल इंडिया मजलिस-ए- इत्तेहादुल मुस्लिमीन के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि यह विधेयक असंवैधानिक है। बिल संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 29 का उल्लंघन करता है। इस विधेयक का मकसद वक्फ को बचाना नहीं बल्कि इसे बर्बाद करना और मुसलमानों से इसे छीनना है।

### वक्फ बिल भी इतिहास बनाने जा रहा: धनखड़



राज्यसभा में जेपीसी रिपोर्ट मेधा कुलकर्णी ने पेश की। जेपीसी की रिपोर्ट पर सरकार और विपक्ष के बीच वार-पलटवार के बीच सभापति धनखड़ ने कहा कि जब देश में मंडल कमीशन की रिपोर्ट सामने आई थी। उस समय भी बड़े बदलाव हो रहे थे। सभापति ने कहा कि जब भी देश की जनता बदलाव और समस्या का समस्या का समाधान चाहती है तो विरोध की ऐसी घटनाएं भी होती हैं। उन्होंने कहा कि वे 9वीं लोकसभा के सदस्य थे उसी समय मंडल कमीशन की रिपोर्ट आई थी। तत्कालीन सरकार का भी जमकर विरोध हुआ था। अब वक्फ बिल भी वैसा ही इतिहास बनाने जा रहा है।

### सरकार ने असहमति के स्वर को जगह नहीं दी: खरगे



नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि इससे कई सदस्य असहमत हैं। खरगे ने जेपीसी की रिपोर्च को फर्जी और अलोकतांत्रिक करार दिया। बाहर से सदस्यों को आमंत्रित कर बयान दर्ज किए जा रहे हैं। ऐसी असंसदीय रिपोर्ट को सदन की कार्यवाही का हिस्सा नहीं बने। खरगे ने कहा कि अगर रिपोर्ट में असहमति के स्वर को जगह नहीं दी गई है तो ऐसी स्थिति में इसे अस्वीकार किया जाना चाहिए।

### 3 सदस्यों के निलंबन की मांग

सत्तापक्ष की तरफ से कहा गया कि तीनों सदस्यों को गुरुवार को पूरे दिन के लिए निलंबित किया जाए। सभापति ने कहा कि इस संबंध में संसदीय नियमावली और कानून का पालन करते हुए जरूरी कार्रवाई की जाएगी।

## एमवीए में घमासान,मेल- मिलाप शुरू



# पार्टी में 'दरार' के बीच आदित्य ने केजरीवाल और राहुल से की मुलाकात

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) (राकांपा-एसपी) प्रमुख शरद पवार द्वारा महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को सम्मानित करने के बाद विपक्षी दलों के गठबंधन महा विकास आघाड़ी (एमवीए) में मचे घमासान के बीच शिवसेना (उबाठा) नेता आदित्य ठाकरे ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मुलाकात की। आदित्य ने राष्ट्रीय राजधानी में गांधी से मुलाकात की। बताया जा रहा है कि दोनों नेताओं ने चुनाव आयोजित कराने में निर्वाचन आयोग के खिलाफ लगे आरोपों पर भी चर्चा की। आदित्य ने अरविंद केजरीवाल से भी मुलाकात की जिनकी आम आदमी पार्टी (आप) पिछले सप्ताह दिल्ली विधानसभा चुनाव हार गई थी। आदित्य ने कहा कि जो लोग महाराष्ट्र विरोधी हैं, वे राष्ट्र विरोधी हैं। हम ऐसे लोगों को सम्मानित नहीं कर सकते जो इस तरह के गंदे काम में लिप्त हैं। यह हमारे सिद्धांतों के खिलाफ है। मुझे शरद पवार के सिद्धांतों के बारे में पता नहीं है।

■ गठबंधन में जगह की तलाश

### यह गठबंधन तक पहुंचने का प्रयास तो नहीं?

ठाकरे ने पवार की आलोचना करने पर राउत का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि शिंदे ने हमारी पार्टी और चुनाव चिह्न चुरा लिया। मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने महाराष्ट्र में उद्योगों को पड़ोसी राज्यों में भेजा। उन्हें सम्मानित क्यों किया गया? ठाकरे ने दिल्ली में अपने सांसदों से भी मुलाकात की। हालांकि उन्होंने एनसीपी (शरद पवार) शरद पवार से मिलने का फैसला नहीं किया।

# सरयू में आचार्य सत्येंद्र दास को दी गई 'जल समाधि'

बैंड-बाजे के साथ निकली अंतिम यात्रा

एजेंसी ▶▶सरयू

राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास महाराज को गुरुवार को सरयू नदी में जल समाधि दी गई। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान राम गोपाल मंदिर से निकाली गई और श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते अंतिम यात्रा राम मंदिर के सामने से नहीं निकाली गई। आचार्य का पार्थिव शरीर पालकी से लता मंगेशकर चौक होते हुए सरयू घाट तक लाया गया और इसके बाद यहां उन्हें जल समाधि दी गई।

■ निवास से निकाली गई यह यात्रा

### लोगों ने पुष्पवर्षा कर दी श्रद्धांजलि

दोपहर 12 बजे के करीब सत्येंद्र दास का पार्थिव शरीर रथ पर रखा गया। इसके बाद बैंड बाजा जय श्री राम, राम नाम सत्य है के साथ अंतिम यात्रा शुरू हुई। इस दौरान लोगों ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प वर्षा कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। आचार्य जी के अंतिम दर्शन के लिए सरयू घाट के किनारे हजारों की संख्या में लोग खड़े रहे। अंतिम यात्रा में जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामदिनेशाचार्य, निर्वाणी अनिअखाड़ा के पूर्व श्री महंत धर्मदास, विधायक वेद गुप्ता, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, वशिष्ठ भवन के महंत राघवेश दास अयोध्या और देश के विभिन्न जगहों के साधु-संतों के साथ भक्त आदि लोग शामिल हुए।



### नोटिस के जवाब पर मंत्री मीणा बोले- गलती की थी



**जयपुर।** राजस्थान सरकार के मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने प्रदेश नेतृत्व से मिली नोटिस का जवाब ई-मेल के जरिए भेजा है। उन्होंने खुद को पार्टी का सच्चा सिपाही बताते हुए बयान को लेकर स्पष्टीकरण भी दिया है। किरोड़ी लाल ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की ओर दिए अनुशासनहीनता के नोटिस का जबाव दे दिया है, लेकिन ये नहीं बताऊंगा। अलबत्ता ये स्वीकार किया कि मैंने गलती की थी।

## विशेषज्ञों की सलाह- इन दिनों दूध-अंडे खाने से बचें

# नए वैरिएंट एच5एन1 वायरस ने वैज्ञानिकों को चिंता में डाला, ज्यादा खतरनाक बताया

कई देशों में नए म्यूटेशन के मामले मिले

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

एच5एन1 वायरस इन दिनों वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों के लिए चिंता का कारण बना हुआ है। एक साल से इस वायरस के मामले कई देशों में बढ़ते हुए देखे गए हैं। बर्ड फ्लू को आमतौर पर मुर्गियों और कुछ पक्षियों में होने वाला संक्रमण माना जाता रहा है। इंसानों में इसके मामले काफी दुर्लभ रहे हैं। कुछ वर्षों के डेटा से पता चलता है कि वायरस में कुछ नए म्यूटेशन हुए हैं जिसके कारण ये गायों, कई अन्य जानवरों और यहां तक कि इंसानों को भी संक्रमित कर रहा है। हालिया रिपोर्ट्स में वायरस में एक और नए म्यूटेशन का पता चला है।

### नए वैरिएंट को डी1.1 नाम दिया गया




वायरस के इस नए वैरिएंट को डी1.1 नाम दिया गया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि शुरुआती अध्ययनों में इसकी प्रकृति काफी खतरनाक पाई गई है जिसमें संभावित रूप से महामारी का कारण बनने की क्षमता हो सकती है। विशेषज्ञों ने सभी लोगों को इस संक्रामक रोग से बचाव के लिए प्रयास करते रहने की सलाह दी है।

**मवेशियों में बर्ड फ्लू का नया स्ट्रेन :** यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) ने एक रिपोर्ट में बताया कि नेवादा में मवेशियों में बर्ड फ्लू का एक नया स्ट्रेन देखा गया जिसके बाद डेयरी में काम करने वाला एक कर्मचारी भी संक्रमित हो गया।

## 'परीक्षा पे चर्चा-2025' का तीसरा एपिसोड किया गया प्रसारित

# टेक गुरुजी गौरव चौधरी और राधिका गुप्ता ने किया छात्रों से संवाद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶नई दिल्ली

देश में चल रहे बोर्ड परीक्षाओं के सीजन में सरकार के सबसे लोकप्रिय 'परीक्षा पे चर्चा-2025' (पीपीसी) कार्यक्रम से जुड़े विशेष हस्तियों के तीसरे एपिसोड का गुरुवार को संचार के विभिन्न माध्यमों पर प्रसारण किया गया। इसमें टेक्निकल गुरुजी गौरव चौधरी और एडलवाइस म्यूचुअल फंड की एमडी और सीईओ राधिका गुप्ता ने चयनित 36 स्कूली बच्चों से संवाद किया।

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि दोनों ने कार्यक्रम में छात्रों को कृत्रिम मेधा (एआई) और मशीन लर्निंग की बुनियादी बातों से विस्तार से जानकारी दी। साथ ही चैट जीपीटी और एआई इमेज जनरेशन टूल के व्यावहारिक अनुप्रयोगों से रूबरू कराया। यह परीक्षा पे चर्चा का आठवां संस्करण है। जिसमें भाग लेने के लिए देशभर के स्कूलों के 5 करोड़ से अधिक छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने पंजीकरण कराया था। दूसरे एपिसोड में बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने बच्चों से मानसिक स्वास्थ्य की चुनौतियों से निपटने के विषय पर बातचीत की थी। आने वाले दिनों में अन्य हस्तियां परीक्षा के दिनों में बच्चों को तनाव रहित रहने के लिए अपने अनुभवों को साझा करते हुए उन्हें प्रेरित करेंगी। बीते सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छात्रों से बातचीत के साथ पीपीसी की शुरुआत हुई थी। शिक्षा मंत्रालय ने इस वर्ष कार्यक्रम को कुछ अलग बनाने के लिए इसमें विशिष्ट हस्तियों के कुल 8 एपिसोड तैयार किए हैं। तीन का प्रसारण किया जा चुका है। आने वाले दिनों में 5 अन्य एपिसोड प्रसारित किए जाएंगे।




### स्मार्ट स्टडी एप्स, डिजिटल नोट्स मदद करेंगे

गौरवने बच्चों को तकनीक का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के बारे में मार्गदर्शन दिया। यह सुनिश्चित करने को कहा कि ये उनकी पढ़ाई में बाधा बनने की वजह से सबसे बड़ी ताकत बने। उन्होंने स्मार्ट स्टडी एप्स, डिजिटल नोट्स और ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफार्म के लाभों का उल्लेख किया। गौरव ने छात्रों को एआई पर पूरी तरह से निर्भर रहने की जगह पर इसे एक उपकरण के रूप में उपयोग करने की सलाह दी।

### राधिका ने समझाया डेटा साइंस का महत्व

राधिका गुप्ता ने एआई, डेटा साइंस और कोडिंग के बढ़ते महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि कैसे प्रौद्योगिकी की भूमिका का विस्तार जारी रहेगा? जिससे छात्रों के लिए इसे समझना और सही उपयोग करना आवश्यक हो जाएगा। गुप्ता ने कहा एआई को कक्षाओं की चर्चा में शामिल किया जा सकता है।

## अभद्र भाषा के इस्तेमाल पर कार्रवाई

# रणवीर को पुलिस ने दूसरा समन भेजा, आज हाजिर हों

एजेंसी ▶▶मुंबई

समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' में अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर फंसे रणवीर इलाहाबादिया को पुलिस ने दूसरी बार समन भेजा है। रणवीर को गुरुवार को अपना बयान दर्ज कराना था, लेकिन वह पुलिस स्टेशन नहीं पहुंचे। 'इंडियाज गॉट लेटेंट' विवादित मामले में मुंबई की खार थाना पुलिस ने रणवीर इलाहाबादिया को अब दूसरा समन भेजकर शुक्रवार को पूछताछ के लिए हाजिर होने के लिए कहा है। खार पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इलाहाबादिया को गुरुवार को बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था।



उन्हें दोपहर बाद 3बजे बुलाया गया था, लेकिन वे थाने में हाजिर नहीं हुए। इसके बाद पुलिस ने रणवीर को दूसरा समन भेजा। रणवीर ने पुलिस से गुजारिश की थी कि उनका बयान थाने में बुलाकर न लिया जाए, लेकिन पुलिस ने उनकी सिफारिश को खारिज कर दिया था।

# केंद्र सरकार ने दी जानकारी

# ब्रह्मपुत्र नदी पर बनने वाले चीन के 'मेगा-डैम' पर भारत सावधानी से नजर रख रहा, कूटनीतिक माध्यमों से लगातार की जा रही चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीन ने हाल ही में तिब्बत में भारत की सीमा के निकट ब्रह्मपुत्र नदी पर एक विशाल बांध बनाना शुरू कर दिया है। चीन के इस कदम ने ब्रह्मपुत्र नदी के पामी को लेकर भारत में चिंता पैदा कर दी है। अब भारत सरकार ने कहा है कि वह ब्रह्मपुत्र नदी पर चीन की मेगा बांध की योजना समेत अन्य डेवलपमेंट्स पर नजर रख रही है। केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने गुरुवार को राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में इस बात की जानकारी दी है। केंद्रीय मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने इस बारे में संसद में बताया है कि ब्रह्मपुत्र नदी पर चीन के 'मेगा-डैम' और अन्य योजनाओं पर पर भारत सावधानी से नजर रख रहा है।

**भारत अपने हितों की रक्षा के लिए उपाय कर रहा**

**हाइड्रोलॉजिकल डेटा साझा करने पर होगी चर्चा**






### भारत ने अपनी चिंताओं को औपचारिक रूप से चीन को व्यक्त किया


केंद्रीय मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने एक लिखित उत्तर में कहा कि सरकार ब्रह्मपुत्र नदी से संबंधित सभी डेवलपमेंट्स की सावधानीपूर्वक निगरानी कर रही है। इसमें चीन द्वारा जलविद्युत परियोजनाएं विकसित करने की योजना भी शामिल है। सरकार राष्ट्र के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक उपाय कर रही है। उन्होंने बताया कि सीमा क्षेत्रों पर नदियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चीन के साथ 2006 में स्थापित संस्थागत विशेषज्ञों के तंत्र के तहत कूटनीतिक माध्यमों से चर्चा की जाती है। 30 दिसंबर 2024 को भारत ने इस परियोजना के बारे में अपनी चिंताओं को औपचारिक रूप से चीन से व्यक्त किया था।

**सरकार सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाएगी**

विदेश राज्य मंत्री ने कहा कि भारत सरकार अपने हितों की रक्षा के लिए सीमा पार नदियों के मुद्दे पर चीन के साथ बातचीत करना जारी रखने का इरादा रखती है। सरकार ब्रह्मपुत्र नदी से संबंधित सभी घटनाक्रमों पर सावधानीपूर्वक नजर रखती है, जिसमें चीन द्वारा जलविद्युत परियोजनाओं को विकसित करने की योजना भी शामिल है, और हमारे हितों की रक्षा करने के लिए आवश्यक उपाय करती है। उन्होंने कहा कि सरकार जीवन व आजीविका की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाएगी।

### ब्रह्मपुत्र की सहायक नदियों पर अध्ययन किया

केंद्रीय मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने जानकारी दी है कि भारत ने सरकार ने चीनी अधिकारियों के सामने अपनी चिंताओं को लगातार जाहिर



किया है। भारत ने चीन से इस बात को सुनिश्चित करने को कहा है कि नदी के ऊपरी इलाकों में किसी भी गतिविधि से निचले भाग के हितों को नुकसान न पहुंचे। केंद्रीय मंत्री ने बताया है कि ब्रह्मपुत्र नदी बेसिन में जलविद्युत परियोजनाओं के पारिस्थितिक और सामाजिक-आर्थिक प्रभावों को कम करने के लिए रणनीति तैयार करने के लिए पूर्वोत्तर भारत में ब्रह्मपुत्र की प्रमुख सहायक नदियों पर अध्ययन किया गया है।

**60 हजार मेगावाट का डैम**

चीन की ओर से तिब्बत के स्वायत्त क्षेत्र के मेडोग काउंटी में यारलुंग त्सांगपो (ब्रह्मपुत्र) नदी के ऊपरी भाग में 60,000 मेगावाट का मेगा डैम बनाया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, ब्रह्मपुत्र नदी पर इस बांध का नाम 'यारलुंग जांगबो' होने जा रहा है। बांध में करीब 137 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की लागत लग सकती है।

## खबर संक्षेप

### पॉल कपूर ट्रंप प्रशासन में प्रमुख राजनयिक नामित

**वॉशिंगटन।** दक्षिण एशियाई सुरक्षा मामलों के विशेषज्ञ पॉल



कपूर को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दक्षिण एशियाई मामलों के लिए सहायक विदेश मंत्री के रूप में नामित किया है। अगर कपूर को सीनेट से मंजूरी मिल जाती है तो वह डोनाल्ड लू की जगह लेंगे। अमेरिकी विदेश विभाग ने बताया कि दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू का कार्यकाल 17 जनवरी, 2025 को समाप्त हो गया है।

### एपल ने बेच डाले 15 करोड़ से अधिक फोन

**नई दिल्ली।** कैलिफोर्निया की टेक कंपनी एपल ने भारतीय मार्केट में नया रिकॉर्ड बनाया है और इसके



आईफोंस मॉडल्स का मार्केट लगातार तेजी से बढ़ रहा है। मार्केट रिसर्च कंपनी इंटरनेशनल डाटा कॉर्पोरेशन ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि एपल ने सालाना करीब 4 प्रतिशत वृद्धि दर के साथ 15 करोड़ से ज्यादा आईफोन यूनिट्स बेचे हैं। पिछले साल पहले छह महीने में ऐपल ने शिपमेंट्स में 7 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की।

### अमेरिका पहुंचे पीएम मोदी, नेशनल इंटेलिजेंस डायरेक्टर तुलसी गबार्ड से हुई मुलाकात

# काउंटर टेररिज्म, साइबर सिक्योरिटी और उभरते खतरों को लेकर आपसी सहयोग बढ़ाने पर बात

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

फ्रांस के दौरे के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने अमेरिका पहुंच गए हैं। पीएम मोदी गुरुवार तड़के 4.30 बजे के करीब राजधानी वॉशिंगटन में जॉइंट बेस एंड्रयूज पर उतरे। पीएम मोदी का एयरपोर्ट पर रेड कार्पेट बिछाकर स्वागत किया गया। इस दौरान कई अधिकारी मौजूद थे। पीएम मोदी का स्वागत करने के लिए बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के लोग एयरपोर्ट पहुंचे थे। पीएम मोदी ने इनका अभिवादन किया। अमेरिका पहुंचकर भारतीय पीएम ने सबसे पहले यूएस नेशनल इंटेलिजेंस डायरेक्टर तुलसी गबार्ड से मुलाकात की। पीएम मोदी और अमेरिकी हिंदू समुदाय से आने वाली तुलसी गबार्ड की मुलाकात काफी महत्वपूर्ण रही। बुधवार को ही अमेरिकी सीनेट ने तुलसी गबार्ड की नेशनल इंटेलिजेंस डायरेक्टर के रूप में नियुक्ति की पुष्टि की है। तुलसी अब सीआईए और एनएसए समेत अमेरिका की 18 खुफिया एजेंसियों की जिम्मेदारी संभालेंगी। पीएम मोदी ने मुलाकात के दौरान तुलसी गबार्ड को बधाई दी। दोनों नेताओं ने काउंटर टेररिज्म, साइबर सिक्योरिटी और उभरते खतरों को लेकर आपसी सहयोग बढ़ाने पर बात की।

### ट्रंप के साथ डिनर करेंगे पीएम मोदी



मोदी का प्रतिनिधिमंडल कुल 6 बैठकों में शामिल होगा। राष्ट्रपति ट्रंप के साथ मीटिंग के बाद मोदी स्टेट डिनर में शामिल होंगे। पीएम मोदी प्रेसिडेंट गेस्ट हाउस यानी आलीशान ब्लेयर हाउस में रुकेंगे। यह व्हाइट हाउस के ठीक सामने है। इस गेस्ट हाउस में वर्ल्ड लीडर्स ठहरते हैं। ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद यह किसी भी विदेशी राष्ट्र प्रमुख से चौथी मुलाकात है। इससे पहले वो इजराइल, जापान के पीएम और जॉर्डन के किंग से मुलाकात कर चुके हैं।

### एस. जयशंकर और अजित डोभाल भी पीएम के साथ

भारतीय दल में विदेश मंत्री एस. जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, विदेश सचिव विक्रम मिसरी और अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा शामिल रहेंगे। पीएम अमेरिका में भारतीय समुदाय से भी मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच भारत व अमेरिका के द्विपक्षीय रिश्तों से जुड़े हर मुद्दे पर बात होगी। खास तौर पर ट्रंप के पहले कार्यकाल में जिन क्षेत्रों में सहयोग पर सहमति बनी थी, लेकिन बाद में प्रगति नहीं हो सकी।



### अमेरिकी एनएसए और मस्क से मिले पीएम मोदी



पीएम नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया कि एनएसए माइक वाल्ट्ज के साथ एक उपयोगी बैठक हुई। वह हमेशा भारत के अच्छे मित्र रहे हैं। रक्षा, प्रौद्योगिकी और सुरक्षा भारत-अमेरिका संबंधों के महत्वपूर्ण पहलू हैं और हमने इन मुद्दों पर शानदार चर्चा की। एआई, सेमीकंडक्टर, अंतरिक्ष और अन्य क्षेत्रों में सहयोग की प्रबल संभावना है। पीएम नरेंद्र मोदी और टेस्ला के सीईओ एलन मस्क के बीच भी बैठक हुई। पीएम मोदी का ट्वीट सामने आया है। उन्होंने लिखा कि वाशिंगटन डीसी में एलन के साथ बहुत अच्छी बैठक हुई। हमने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, जिनमें वे मुद्दे भी शामिल हैं, जिनके बारे में वह भावुक हैं, जैसे कि अंतरिक्ष, गतिशीलता, प्रौद्योगिकी और नवाचार।

### टैरिफ और अवैध अप्रवासियों पर होगी चर्चा

*पीएम मोदी की राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से टैरिफ, अवैध अप्रवासियों और एच1बी वीसा पर बात होगी। ट्रंप कई बार भारत के हाई टैरिफ रेट की आलोचना कर चुके हैं। हालांकि अभी तक उन्होंने भारत पर किसी भी तरह का टैरिफ नहीं लगाया है। इसके साथ ही दोनों देश रक्षा, अंतरिक्ष, स्वच्छ उर्जा, एआई और हिंद प्रशांत महासागर में चीन के बढ़ते वर्चस्व को लेकर भी चर्चा करेंगे। डोनाल्ड ट्रंप दोबारा सत्ता में आने के बाद कनाडा, मेक्सिको और चीन पर टैरिफ लगाने का ऐलान कर चुके हैं।*

### ट्रंप ने पुतिन-जेलेंस्की से की बात

# जंग रोकने के लिए चर्चा होगी सऊदी अरब में होगी मुलाकात



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से फोन पर जंग खत्म करने को लेकर बातचीत की। ट्रंप की पुतिन से लगभग डेढ़ घंटे बातचीत हुई। दोनों नेता एक-दूसरे के देशों का दौरा करने पर सहमत हुए। ट्रंप ने मीडिया को बताया कि मेरे और राष्ट्रपति पुतिन की टीमों के बीच तुरंत बातचीत शुरू करने पर सहमति बनी। हमारी मुलाकात सऊदी अरब में होगी। ट्रंप ने यूक्रेन में नए सिरे से आम चुनाव की जरूरत बताई।

उधर, ट्रंप प्रशासन ने यूक्रेन को बड़ा झटका दिया है। बेल्जियम में नाटो मुख्यालय में अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने साफ कर दिया कि अमेरिका अब यूक्रेन को पहले की तरह बड़ी आर्थिक और सैन्य सहायता नहीं देगा।

**यून बोला ट्रंप-पुतिन की बातचीत सकारात्मक**

संयुक्त राष्ट्र ने यूक्रेन-रूस संघर्ष को समाप्त करने के लिए किए जा रहे सभी प्रयासों का स्वागत किया है। साथ ही अमेरिका और रूस के नेताओं के बीच फोन पर हुई बातचीत को सकारात्मक बताया है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के उप प्रवक्ता फरहान हक ने बुधवार को कहा कि हम यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए किए जा रहे किसी भी प्रयास की सराहना करेंगे, जिसमें रूस और यूक्रेन दोनों पक्ष शामिल हों। अगर वे दोनों एक प्रक्रिया में शामिल होने के लिए तैयार हैं, तो यह एक स्वागत योग्य कदम होगा। फरहान हक ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस के बीच नियमित संपर्क से समस्या का समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। हम इसे एक सकारात्मक पहल मानते हैं।

**पुतिन ने ट्रंप को मॉस्को आने का निमंत्रण दिया**

क्रेमलिन के मुताबिक पुतिन और ट्रंप ने लगभग डेढ़ घंटे तक टेलीफोन पर बात की और मुलाकात पर सहमति जताई। अपनी बातचीत के दौरान पुतिन ने ट्रंप को मॉस्को आने का भी निमंत्रण दिया है। उधर, यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि मेरी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बात हुई। इस बात पर जोर दिया कि दोनों देश मिलकर रूसी आक्रामकता को रोकने और एक स्थायी, विश्वसनीय शांति सुनिश्चित करने के लिए अपने अगले कदमों की रूपरेखा तैयार कर रहे हैं।

### स्पैम कॉल से मिलेगी निजात, ट्राई ने लिया बड़ा एक्शन

# टेलिमार्केटिंग के लिए बैन किए 10 अंकों वाले नंबर

**सर्विस कॉल के लिए दी नई '1600' की सीरीज**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में स्पैम कॉल की समस्या लगातार बढ़ रही है और देशभर में मोबाइल फोन यूजर्स इससे परेशान हैं। टेलिकॉम कंपनियां कई बार अपने-अपने स्तर पर इस व्यापक समस्या से निपटने की कोशिशें कर रही हैं। टेलिकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) की तरफ से भी कई बार स्पैम कॉल व मैसेज की समस्या हल करने के लिए कड़े कदम उठाए गए हैं। अब दूरसंचार संसाधनों के गलत इस्तेमाल को रोकने और कंज्यूमर प्रोटेक्शन को बढ़ाने के लिए, ट्राई ने संशोधित टेलीकॉम कमर्शियल कम्यूनिकेशन्स कस्टमर प्रीफरेंस रेग्युलेशंस (टीसीसीसीपीआर), 2018 के तहत सख्त नियम पेश किए हैं।



ट्रांसपेरेंसी को बेहतर करने के लिए ट्राई ने 10 अंकों वाले मोबाइल नंबर के जरिए कमर्शियल कम्युनिकेशन पर रोक लगा दी है। इसकी जगह एक स्पेसिफिक नंबर सीरीज इस्तेमाल होगी। प्रमोशनल कॉल के लिए '140' जबकि ट्रांजैक्शनल और सर्विस कॉल के लिए नई दी गई '1600' सीरीज का इस्तेमाल होगा। कंज्यूमर्स अब अनरजिस्टर्ड कंपनियों से आने वाले स्पैम मैसेज और कॉल की शिकायत अपने कम्युनिकेशन प्रेफरेंस के बिना भी दर्ज करा सकेंगे।

**उपभोक्ता शिकायत तंत्र बढ़ेगा**

*यह कदम 28 अगस्त, 2024 को शुरू की गई एक परामर्श प्रक्रिया के बाद आया, जब ट्राई कि रेग्युलेटरी गेप्स पर इंडस्ट्री की प्रतिक्रिया मांगी थी। नए संशोधन में उन टेलीमार्केटर्स (यूटीएम) के खिलाफ कड़े नियम बनाने पर ध्यान दिया गया है जो रजिस्टर्ड नहीं हैं। मार्केटिंग के लिए 10 डिजिट वाले नंबरों के दुरुपयोग को रोकने, उपभोक्ता शिकायत तंत्र को बढ़ाने और सेंडर व सर्विस प्रोवाइडर के लिए जवाबदेही बढ़ाने पर केंद्रित है।*

### एलओसी पर गोलीबारी मामले पर सेना की प्रतिक्रिया

# भारत-पाकिस्तान के बीच नियंत्रण रेखा पर संघर्षविराम बरकरार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में भारत और पाकिस्तान नियंत्रण रेखा (एलओसी) से लगे अखनूर और पुंछ के इलाकों में पाक सेना की गोलीबारी की वजह से बढ़ते तनाव के मामले पर मीडिया में जारी खबरों पर गुरुवार को भारतीय सेना ने अपनी प्रतिक्रिया दी। जिसमें बताया कि नियंत्रण रेखा पर दोनों सेनाओं के बीच संघर्षविराम समझौता कायम है और आपसी सहमति के हिसाब से इसका पालन किया जा रहा है। इलाके में स्थिति स्थिर बनी हुई है और उस पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सेना उच्च सतर्कता के साथ एलओसी पर अपना दबदबा बनाए हुए है।



**भारी गोलीबारी का कोई आदान-प्रदान नहीं हुआ**

सेना ने कहा कि भारत और पाकिस्तान की सेना के बीच भारी कैलिबर वाले हथियारों से गोलीबारी का कोई आदान-प्रदान नहीं हुआ है। एलओसी पर छोटी-मोटी घटनाएं अभूतपूर्व नहीं हैं। एलओसी पर क्रॉस-लाइन फायरिंग की कुछ छिटपुट घटनाओं और नियंत्रण रेखा पर हमारे एक पीटीएल पर संदिग्ध आईईडी विस्फोट के कारण उत्पन्न हुए तनाव को निपटाया जा रहा है।

### मिस्त्र और कतर के मध्यस्थों ने दिया आश्वासन

# हमास ने कहा- शनिवार को 3 और इजराइली बंदियों की करेंगे रिहाई

एजेंसी ▶▶ काहिरा

गाजा पट्टी में युद्धविराम समझौते को लेकर चल रहा विवाद गुरुवार को हल होता नजर आ रहा है। दरअसल, चरमपंथी समूह हमास ने कहा कि वह समझौते के अनुसार इजराइली बंदियों की रिहाई करेगा। हमास ने एक बयान में कहा कि मिस्त्र और कतर के मध्यस्थों ने आश्वासन दिया है कि वे सभी अड़चनों को हटाने के लिए काम करेंगे। हमास युद्धविराम समझौते को लागू करेगा। बयान में कहा गया है कि शनिवार को तीन और इजराइली बंदियों को रिहा किया जाएगा। हमास की घोषणा पर इजराइल की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। हमास के इस कदम से युद्धविराम समझौता फिलहाल जारी रहेगा।



**गाजा में आवश्यक सामग्री की आपूर्ति की मांग**

*चरमपंथी संगठन ने आरोप लगाया था कि इजराइल ने बंधकों को रिहा करने के समझौते को सही तरीके से लागू नहीं किया है और आवश्यक सामग्री की आपूर्ति नहीं की है। वहीं, इजराइल और अमेरिका ने चेतावनी दी थी कि अगर बंधक बनाए गए उनके नागरिक रिहा नहीं किए जाएंगे, तो युद्धविराम समझौता खत्म हो जाएगा और युद्ध दोबारा शुरू हो जाएगा। हमास ने कहा कि उसके प्रतिनिधि मंडल काहिरा में मिस्र के अधिकारियों से बातचीत की और कतर के पीएम से भी संपर्क किया, ताकि गाजा में आश्रय, चिकित्सा आपूर्ति, ईंधन और भारी उपकरणों की आपूर्ति बढ़ा जा सके। मीडिया रिपोर्ट में बताया कि मिस्र और कतर ने इस विवाद को सुलझाने में कामयाबी हासिल की है।*

### सेना को मिली बड़ी कामयाबी

# बालाकोट में मारे गए तीन आतंकी बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री जब्त



एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू के पुंछ बालाकोट सेक्टर में वीरवार दोपहर करीब ढाई बजे घुसपैठ कर रहे तीन पाकिस्तानी आतंकियों को सेना ने मार गिराया। तीनों के शव जीरो लाइन के पास पड़े हैं। हालांकि सेना ने आतंकियों के मारे जाने की पुष्टि नहीं की। वहीं, शाम करीब छह बजे बालाकोट सेक्टर में ही तलाशी अभियान के दौरान बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की गई।

**बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया**

बालाकोट सेक्टर के तरकुंडी इलाके में ही तलाशी अभियान के दौरान एक एंटी टैंक माइंस, तीन एंटी-पर्सनल एक्टिवेटर माइंस, तीन स्प्लिंटर माइंस, दो बैग, फावड़ा, रस्सी, एसडी कार्ड, ड्राई फ्रूट और अन्य खाने-पीने की चीजें बरामद हुईं। इसके बाद मौके पर बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया। देर शाम तक सेना ने पूरे इलाके को घेर लिया। बालाकोट के अग्रिम क्षेत्र तरकुंडी में पाक के इलाके से तीन आतंकी भारतीय सीमा में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। जवानों ने उन्हें ललकारते हुए गोलीबारी की। इस गोलीबारी में तीन आतंकी मारे गए।

### जारी हुई आरएफआई, दिन-रात निगरानी करने में सक्षम होंगे

# सरकार ने शुरू की 1 हजार निगरानी हेलिकॉप्टरों की खरीद प्रक्रिया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

चीन और पाकिस्तान की तरफ से बढ़ते साझा सुरक्षा खतरे के बीच सरकार ने सेना के लिए ऊंचाई वाले इलाकों के लिए एक हजार निगरानी हेलिकॉप्टरों की खरीद की प्रक्रिया की शुरुआत यानी सूचना के लिए अनुरोध (आरएफआई) जारी कर दी है। यह हेलिकॉप्टर समुद्र तल से 5 हजार 500 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर दिन और रात के समय किसी भी मौसम में अपने निगरानी मिशन को अंजाम दे सकेंगे। मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम के तहत इस पूरी कवायद का क्रियान्वयन किया जाएगा। आरएफआई के मुताबिक, रक्षा मंत्रालय ने इस खरीद को रक्षा खरीद प्रक्रिया-2020 के अध्याय-2 में बताए गए प्रावधानों के तहत मंजूरी प्रदान की है।

*'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' कार्यक्रम के तहत होगा क्रियान्वयन , 5 हजार 500 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर दिन और रात के किसी भी मौसम में अपने निगरानी मिशन को अंजाम दे सकेंगे*

**विक्रेता के चयन में आसानी होगी**



*आरएफआई में कहा गया है कि इसकी मदद से हेलिकॉप्टर से जुड़ी हुई सेवा गुणवत्ता आवश्यकताओं (एसक्यूआर) को अंतिम रूप देते हुए खरीद की मंजूरी और भारतीय विक्रेता की पहचान की जाएगी। जो हेलिकॉप्टरों का निर्माण देश के अंदर ही करेंगे। आरएफआई के पहले भाग में उपकरणों के प्रयोग का उद्देश्य, लक्ष्य और रणनीतिक आवश्यकताओं को रेखांकित किया गया है। साथ ही इसमें देश के अलग-अलग ऊंचाई वाले इलाकों की भौगोलिक परिस्थिति का भी उल्लेख किया गया है। जहां इन हेलिकॉप्टरों की तैनाती की जानी है। निगरानी हेलिकॉप्टर मॉड्यूलर डिजाइन में होंगे।*

**सेना खरीदेगी 50 ड्रिलिंग मशीन**

हेलिकॉप्टर के अलावा सेना की योजना पहाड़ों पर खुदाई के लिए प्रयोग की जाने वाली 50 भारी क्राउलर रॉक ड्रिल मशीनों को खरीदने की भी है। इसके लिए आरएफआई का प्रारूप जारी किया गया है। डीएपी के अध्याय-2 के 2 और 4 भाग में इनकी खरीद से जुड़े उद्देश्यों और लक्ष्यों के बारे में बताया गया है। वर्तमान में भारतीय सेना की उत्तरी, पूर्वी और केंद्रीय कमांड में कई ऐसे मुश्किल इलाके हैं, जहां सैन्य तैनाती को कम समय में आसान बनाने में इन ड्रिलिंग मशीनों की अहम भूमिका होगी।

### एयर इंडिया ब्रिटेन, यूरोप के मार्गों पर अधिक उड़ानें संचालित करेगी

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की विमानन कंपनी 30 मार्च से 25 अक्टूबर तक प्रभावी उत्तरी ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम के लिए



ब्रिटेन यूरोप, सुदूर पूर्व एशिया और अफ्रीका के लिए उड़ानों की संख्या बढ़ाएगी। वहीं अमृतसर-बर्मिंघम और अमृतसर-लंदन गैटविक मार्गों पर साप्ताहिक उड़ानों की संख्या तीन से बढ़ाकर चार कर दी जाएगी, जबकि अहमदाबाद-लंदन गैटविक मार्ग पर साप्ताहिक उड़ानों की संख्या तीन से बढ़ाकर पांच कर दी जाएगी। एयर इंडिया ने कहा कि परिचालन बेड़े में कमी के कारण मुंबई-मेलबर्न और कोच्चि-लंदन गैटविक सेवाएं बंद की जाएंगी।

# डब्लूपीएल : तीसरा सत्र आज से, अंतरराष्ट्रीय के साथ घरेलू क्रिकेटर लगाएंगे रनों की झड़ी

एजेंसी ▶▶| वडोदरा

महिला प्रीमियर लीग का तीसरा सत्र शुक्रवार से यहां गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस के मैच के साथ शुरू होगा जिसमें नजरें भारत के उदीयमान क्रिकेटरों पर लगी होंगी।

अंतरराष्ट्रीय सितारों के साथ लीग की असल सफलता घरेलू खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर भी निर्भर करती है। पहले दो सत्र में श्रेयांका पाटिल और साइका इशाक जैसे खिलाड़ियों ने दबाव में शानदार प्रदर्शन किया और भारतीय टीम में भी जगह बनाई। डब्लूपीएल के हर सत्र में उदीयमान भारतीय खिलाड़ियों की सूची बढ़ती जा रही है। एलिसा हीली, सोफी मोलिनू और केट क्रॉस चोट के कारण इस सत्र में नहीं खेलेंगी।




## मुंबई और आरसीबी ने पारुनिका और नुजहत को चुना

मुंबई इंडियन्स ने चोटिल ऑलराउंडर पूजा वस्त्राकर के विकल्प के तौर पर महिला प्रीमियर लीग के लिए पारुनिका सिसोदिया को अपनी टीम में शामिल किया है। फ्रेंचाइजी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने चोटिल स्पिनर आशा शोभना की जगह विकेटकीपर बल्लेबाज नुजहत परवीन को अपनी टीम का हिस्सा बनाया है। भारत के लिए पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलने वाली रेलवे की नुजहत 30 लाख रुपये के अपने आधार मूल्य पर आरसीबी से जुड़ेंगी। बाएं हाथ की स्पिनर पारुनिका 10 लाख रुपए में मुंबई इंडियन्स की टीम का हिस्सा बनेंगी।




## खिताब जीतने उतरेगी दिल्ली

दो बार की उपविजेता दिल्ली कैपिटल्स टूर्नामेंट में निरंतर अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम रही है और फाइनल हारने का गम दूर करने के इरादे से उतरेगी। उसके पास शेफाली वर्मा, मेग लानिंग, जेमिमा रौड्रिग्स, अनाबेल सदरलैंड और मरियाने काप जैसे खिलाड़ी हैं जबकि गेंदबाजी में शिखा पांडे, अरुंधति रेड्डी, टिटास साधू और जेस जोनासेन जैसे दिग्गज हैं।

## टूर्नामेंट के लिए तैयार

हरमनप्रीत कौर ने कहा, 'भारतीय कप्तान होने के नाते मैं इस सत्र को लेकर काफी उत्साहित हूं क्योंकि कई घरेलू क्रिकेटरों ने इस टूर्नामेंट के लिए खुद को तैयार किया है। नीलामी से पहले हमने बात की थी कि कई घरेलू क्रिकेटरों ने अच्छा प्रदर्शन किया है और सभी के दिमाग में कुछ नाम थे। हम उम्मीद करते हैं कि वे अच्छा खेलें और भारतीय टीम मजबूत बने।'

## खुद को साबित करने का मौका

खराब फॉर्म से जूझ रही शेफाली वर्मा दिल्ली कैपिटल्स के लिए अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय टीम में वापसी करना चाहेंगी। भारतीय टीम जुलाई में इंग्लैंड का दौरा करेगी और वनडे विश्व कप भी भारत में होना है। तेज गेंदबाज हरफनमौला केशवी गौतम के पास भी खुद को साबित करने का मौका होगा।

## खिताब बरकरार रखना आसान नहीं

टूर्नामेंट में दो नए स्थान वडोदरा और लखनऊ जोड़े गए हैं और यह अपने और विरोधी के मैदान वाले प्रारूप में खेला जाएगा। गत चैंपियन आरसीबी के लिए खिताब बरकरार रखना आसान नहीं होगा क्योंकि सोफी डेवाइन, मोलिनू और केट क्रॉस जैसे खिलाड़ी इस बार नहीं खेल रहे हैं। स्टार हरफनमौला एलिसे पैरी, श्रेयांका पाटिल और आशा शोभना चोट से उबर रहे हैं। इन झटकों से उबरने की उनकी क्षमता ही साबित करेगी कि वे खिताब जीत पाएंगे या नहीं। आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा, 'पिछली बार एकादश का हिस्सा रहे कई खिलाड़ी इस बार चोट के कारण बाहर हैं। सोफी डेवाइन विश्व की सर्वश्रेष्ठ हरफनमौलाओं में से है लिहाजा उसकी कमी खलेगी।'

## खबर संक्षेप



### अफरीदी और दो अन्य पर लगा भारी जुर्माना

**कराची।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के मैच के दौरान उग्र व्यवहार के लिए पाकिस्तान के शाहीन अफरीदी, सऊद शकील और कामरान गुलाम पर जुर्माना लगाने के अलावा उन्हें एक-एक डिमेरिट अंक दिया है। आचार संहिता के नियम 2.12 का उल्लंघन करने के लिए अफरीदी पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। शकील और स्थानापन्न क्षेत्ररक्षक गुलाम पर 29वें ओवर में तेम्बा बावुमा के रन आउट होने के बाद उनके बहुत करीब पहुंचकर जश्न मनाने के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। आईसीसी ने फैसला सुनाया कि अफरीदी ने जानबूझकर ब्रीट्जके का रास्ता रोका था और सऊद तथा गुलाम ने बावुमा के आउट होने पर उनके बेहद करीब पहुंचकर जश्न मनाया।

### एवर्टन ने लिवरपूल को बराबरी पर रोका

**लंदन।** कप्तान जेम्स तार्कोवस्की के इंजरी टाइम में दागे गोल की बदौलत एवर्टन ने इंग्लिश प्रीमियर लीग में बुधवार को यहां लिवरपूल को 2-2 से बराबरी पर रोक दिया। तार्कोवस्की ने इंजरी टाइम के आठवें मिनट में बराबरी का गोल दागा। बेटो ने 11वें मिनट में एवर्टन को बढ़त दिलाई लेकिन एलेक्सिस मैक एलिस्टर ने 16वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। मोहम्मद सालाह ने 73वें मिनट में लिवरपूल को बढ़त दिलाई और टीम ने अंतिम लम्हों तक इसे बरकरार रखा। हालांकि जब लग रहा था कि लिवरपूल इस मुकाबले से पूरे तीन अंक हासिल करेगा तब तार्कोवस्की ने गोल दागकर उसे अंक बांटने को मजबूर कर दिया।

### बहुतुले बने राजस्थान के स्पिन गेंदबाजी कोच

**जयपुर।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर साईराज बहुतुले को आगामी आईपीएल सत्र के लिए राजस्थान रॉयल्स का स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया। पूर्व लेग स्पिनर और बाएं हाथ के बल्लेबाज बहुतुले ने दो टेस्ट और आठ वनडे मैच में कुल पांच विकेट लिए। वह हालांकि प्रथम श्रेणी क्रिकेट में दिग्गज खिलाड़ियों की सूची में शामिल हैं। प्रथम श्रेणी मैचों में 52 वर्षीय बहुतुले ने छह हजार से अधिक रन बनाए और 630 विकेट लिए। उन्होंने इसके अलावा लिस्ट ए मुकाबलों में 197 विकेट चटकाए।



### आईएमएल में मैच रैफरी होंगे विश्वनाथ

**मुंबई।** भारत के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर गुंडप्पा विश्वनाथ आईसीसी एलीट पैनल के सेवानिवृत्त अंपायर साइमन टॉफेल और बिली बोडेन के साथ 22 फरवरी से शुरू होने वाली अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स टी20 लीग के पहले सत्र में अधिकारी की भूमिका निभाएंगे। टॉफेल की अगुआई वाले अंपायरों के पैनल में उमेश दुबे और लिंडन एडवर्ड हैनिबल जैसे अनुभवी अधिकारी भी होंगे जबकि विश्वनाथ मैच रैफरी की भूमिका निभाएंगे।



सैयद मुश्ताक अली और विजय हजारे ट्रॉफी में किया शानदार प्रदर्शन

# रजत को आरसीबी ने बनाया कप्तान कोहली ने कहा- 'आप इसके हकदार'

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 21 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल के आगामी सत्र के लिए गुरुवार को रजत पाटीदार को अपना कप्तान नियुक्त किया। पाटीदार दक्षिण अफ्रीका के फाफ डु प्लेसी की जगह लेंगे जिन्हें पिछले साल टीम ने अपने साथ बरकरार नहीं रखा था। पाटीदार पिछले साल नवंबर 2024 में आईपीएल की बड़ी नीलामी से पहले आरसीबी द्वारा रिटेन किए गए खिलाड़ियों में शामिल थे और उन्हें सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी तथा विजय हजारे ट्रॉफी में मध्य प्रदेश की अगुआई करने का अनुभव है।

इस 31 वर्षीय बल्लेबाज ने 2022 में फ्रेंचाइजी के साथ करार किया था। पाटीदार की अगुआई में मध्य प्रदेश ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में जगह बनाई थी जहां वे पिछले साल मुंबई से पांच विकेट से हार गए थे। आरसीबी के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने पाटीदार को कप्तान बनाने के लिए आयोजित कार्यक्रम में कहा, 'रजत में सादगी है, वह अपने आस-पास के लोगों की परवाह करता है, हमने करीब से देखा है कि उसने मध्य प्रदेश का नेतृत्व कैसे किया है, हमें यह बहुत पसंद आया।'




### कोहली ने दी बधाई

कोहली ने पाटीदार को कप्तान बनाए जाने पर बधाई दी। कोहली ने फ्रेंचाइजी द्वारा साझा किए गए एक वीडियो बयान में कहा, 'मैं और टीम के अन्य सदस्य आपके साथ हैं, रजत। जिस तरह से आपने इस फ्रेंचाइजी में प्रगति की है और जिस तरह से आपने प्रदर्शन किया है, आपने सभी आरसीबी प्रशंसकों के दिलों में जगह बनाई है। आप इसके हकदार हैं।'



### 68 मैच जीते, 70 हारे

कोहली की अगुआई में टीम ने 68 मैच जीते, 70 हारे और चार मैच बेनतीजा रहे। टीम 2016 में कोहली की अगुआई में आईपीएल फाइनल में पहुंची थी। कप्तान ने उस सत्र में 973 रन बनाए थे जो आईपीएल के एक सत्र में सबसे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड है। आईपीएल 2024 में कोहली 154 के स्ट्राइक रेट से 741 रन बनाकर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। फ्रेंचाइजी ने स्वीकार किया कि कप्तान की भूमिका के लिए कोहली के नाम पर भी चर्चा हुई थी।

### पाटीदार ने बनाए 428 रन

दाएं हाथ के बल्लेबाज पाटीदार सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट में अजिंक्य रहाणे के बाद दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। उन्होंने 10 मैच में 61 की औसत और 186.08 के स्ट्राइक रेट से 428 रन बनाए थे। पाटीदार डु प्लेसी की जगह लेंगे जिन्हें 2022 से 2024 तक टीम की कप्तानी करने के बाद रिलीज कर दिया गया था। दक्षिण अफ्रीकी के 40 वर्षीय डु प्लेसी आगामी सत्र में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलेंगे।

### विराट ने 143 मैचों में की कप्तानी

गुरुवार की घोषणा से पहले विराट कोहली के फ्रेंचाइजी के कप्तान के रूप में लौटने को लेकर भी अटकलें लगाई जा रहीं थी। कोहली 2013 से 2021 तक आरसीबी के कप्तान थे और उनका रिकॉर्ड शानदार रहा लेकिन उनकी अगुआई में टीम खिताब नहीं जीत सकी। कोहली ने 143 मुकाबलों में आरसीबी का नेतृत्व किया जो चेन्नई सुपर किंग्स के लिए दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी के बाद कप्तान के रूप में दूसरा सबसे लंबा कार्यकाल है।

शतरंज

## हारे गुकेश, केमर ने कॉर्लसन को हराकर किया उलटफेर



एजेंसी ▶▶| हैम्बर्ग

विश्व चैंपियन डी गुकेश का जीत का इंतजार जारी रहा और उन्हें फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंडस्लैम के पांचवें से आठवें स्थान के मुकाबले में हिकारू नाकामूरा के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा।

गुकेश को सफेद मोहरों से खेलते हुए अच्छी स्थिति में पहुंचने के बावजूद टाईब्रेकर की दूसरी बाजी में हार का सामना करना पड़ा। गुकेश ने एक रणनीतिक गलती की और नाकामूरा ने इसका फायदा उठाते हुए पांचवें स्थान के प्ले ऑफ में जगह बनाई जहां उनकी भिड़ंत उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से होगी। गुकेश अब सातवें स्थान के प्ले ऑफ में फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा के खिलाफ खेलेंगे।

## अमित पंघाल बने पेशेवर मुक्केबाज



**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाले भारत के एकमात्र पुरुष मुक्केबाज अमित पंघाल पेशेवर बनने वाले देश के नवीनतम मुक्केबाज बन गए हैं। भारत के सबसे सफल पुरुष मुक्केबाजों में शामिल 29 वर्षीय पंघाल ने अमेरिका स्थित प्रतिभा प्रबंधन कंपनी क्रिटिकल स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट के साथ करार किया है। एजेंसी ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'क्रिटिकल स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट को विश्व प्रसिद्ध ओलंपियन मुक्केबाज अमित पंघाल के साथ करार की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है।'

38वां राष्ट्रीय खेल

## हरियाणा और कर्नाटक ने जीते हॉकी के स्वर्ण पदक



एजेंसी ▶▶| हरिद्वार

हरियाणा ने पिछले सत्र की अपनी हार का बदला चुकता करते हुए गुरुवार को यहां गत चैंपियन मध्य प्रदेश को 4-1 से हराकर राष्ट्रीय खेलों की महिला हॉकी स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता।

मध्य प्रदेश को ऐश्वर्या चव्हाण ने पांचवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर बढ़त दिलाई लेकिन मध्यांतर के बाद हरियाणा ने जोरदार वापसी करते हुए महिमा चौधरी (37वें मिनट), इशिका (45वें और 50वें मिनट) और मोनिका (55वें मिनट) के गोल की बदौलत जीत दर्ज की। कांस्य पदक के मुकाबले में झारखंड ने महाराष्ट्र को 2-1 से हराया। गोवा में 2023 में हुए राष्ट्रीय खेलों में मध्य प्रदेश ने शूट आउट में हरियाण को 3-0 से हराकर खिताब जीता था। पुरुष वर्ग में कर्नाटक ने बेहद कड़े मुकाबले में उत्तर प्रदेश को 3-2 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। फराज खान ने पहले ही मिनट में पेनल्टी कार्नर पर गोल करके उत्तर प्रदेश को बढ़त दिलाई लेकिन कर्नाटक के सामंत सी ने आठवें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। भरत महालिंगप्पा कुर्ताकोटि (18वें मिनट) और अभारन सुदेश (39वें मिनट) ने इसके बाद पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर कर्नाटक को 3-1 की बढ़त दिलाई। शारदा नंद तिवारी ने 45वें मिनट में उत्तर प्रदेश की ओर से पेनल्टी कॉर्नर पर दूसरा गोल दागा लेकिन अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाए। महाराष्ट्र ने पंजाब को 1-0 से हराकर कांस्य पदक जीता।

### इस बार हमारी ट्रेनिंग बहुत अच्छी: सलीमा



**भुवनेश्वर।** भारत की महिला हॉकी कप्तान सलीमा टेटे को भरोसा है कि उनकी टीम शनिवार से शुरू हो रहे एफआईएच प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण में बेहतर प्रदर्शन करेगी और पिछले सत्र के खराब प्रदर्शन का असर नहीं दिखेगा। भारत अपने अभियान की शुरुआत कलिंगा हॉकी स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ करेगा। टीम पिछले सत्र की यादें मिटाने की कोशिश करेगी जब वह सिर्फ अमेरिका से आगे आठवें स्थान पर रही थी। जर्मनी, स्पेन और दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड भी यहां खेलेगी।

## ट्रेनिंग नहीं करने पर इंग्लैंड को लताड़ा

**अहमदाबाद।** पूर्व स्टार बल्लेबाज केविन पीटरसन ने भारत दौरे पर अभ्यास की कमी के लिए इंग्लैंड टीम पर निशाना साधते हुए कहा कि खिलाड़ियों को नेट गेंदबाजों का सामना करना चाहिए था और स्पिन खेलने की अपनी क्षमता पर काम करना चाहिए था। इंग्लैंड के लिए भारत का सीमित ओवरों का दौरा बेहद निराशाजनक रहा जिसमें टीम को टी20 श्रृंखला 1-4 से गंवाने के बाद एकदिवसीय श्रृंखला में 0-3 से क्लीनस्वीप का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड ने पुणे और मुंबई में क्रमशः चौथे और पांचवें टी20 मैच से पहले ट्रेनिंग नहीं की। टीम ने कटक और अहमदाबाद में दूसरे और तीसरे एकदिवसीय मैच से पहले भी ट्रेनिंग सत्र आयोजित नहीं किए।



## भारत एशियन बैडमिंटन टीम चैंपियनशिप में कोरिया से हारा

एजेंसी ▶▶| किंगदाओ

भारत को बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप के ग्रुप डी मुकाबले में गुरुवार को यहां दक्षिण कोरिया के खिलाफ 2-3 से हार का सामना करना पड़ा लेकिन टीम ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल रहा। ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो की मिश्रित युगल जोड़ी ने पहला गेम 21-11 से जीतकर अच्छी शुरुआती की लेकिन अगले दो गेम 12-21, 15-21 से गंवाते हुए 56 मिनट में मैच हार गए।

भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त महिला खिलाड़ी मालविका बंसोड़ को दुनिया की 19वें नंबर की खिलाड़ी सिम यू जिन के खिलाफ केवल 27 मिनट में 9-21, 10-21 से हार का सामना करना पड़ा। चेन्नई के सतीश करुणाकरण ने एक घंटे 12 मिनट में चो गिओनयिओप को 17-21, 21-18, 21-19 से हराकर भारत को वापसी दिलाई जिसके बाद त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की दुनिया की नौवें नंबर की जोड़ी ने महिला युगल में किम मिन जी और किम यू जुंग पर 19-21, 21-16, 21-11 की जीत के साथ स्कोर 2-2 कर दिया। निर्णायक पांचवें मैच में अर्जुन और सात्विक की पुरुष युगल जोड़ी ने कड़ी टक्कर दी लेकिन 53 मिनट में सुंग सेयुंग और जिन योंग के खिलाफ 14-21, 15-23 से हार गई।



## मानस धामने, शाह और करण को वाइल्ड कार्ड

**पुणे।** उभरते हुए खिलाड़ियों मानस धामने, आर्यन शाह और करण सिंह को बृहस्पतिवार को महा ओपन एटीपी चैलेंजर 100 पुरुष टेनिस चैंपियनशिप के लिए वाइल्डकार्ड दिया गया। इस प्रतियोगिता में 28 देशों के शीर्ष खिलाड़ी 16 से 23 फरवरी तक यहां खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे। महाराष्ट्र राज्य लॉन टेनिस संघ इस टूर्नामेंट का आयोजन महाराष्ट्र सरकार के खेल एवं युवा सेवा विभाग के सहयोग से म्हालुंगे बालेवाड़ी में शिव छत्रपति खेल परिसर में करेगा। यह प्रतियोगिता भारत में आयोजित होने वाले चार एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट की श्रृंखला का तीसरा टूर्नामेंट है।




बीसीसीआई की नई यात्रा नीति पहली बार होगी लागू

# चैंपियंस ट्रॉफी : टीम इंडिया के साथ नहीं जाएंगे परिजन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय क्रिकेट खिलाड़ियों के परिजन साथ नहीं जाएंगे चूंकि बीसीसीआई की नई यात्रा नीति पहली बार इस टूर्नामेंट के जरिए लागू हो रही है। भारतीय टीम को पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ दुबई में खेलना है जिसके बाद 23 फरवरी को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से सामना है। न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबला दो मार्च को होना है।

रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम सारे मैच दुबई में खेलेगी जबकि बाकी टूर्नामेंट 19 फरवरी से पाकिस्तान के तीन शहरों में होगा। चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल नौ मार्च को है लिहाजा यह दौरा तीन सप्ताह से कम समय का ही है जिसमें बीसीसीआई खिलाड़ियों के परिवार को साथ जाने की अनुमति नहीं देगा। नई नीति के तहत 45 दिन या उससे लंबे दौरे पर ही परिवार खिलाड़ियों के साथ अधिकतम दो सप्ताह के लिए जा सकता है। बोर्ड के एक सूत्र ने कहा, 'अगर कुछ बदलता है तो बात अलग है लेकिन अभी तो खिलाड़ियों के साथ उनका परिवार नहीं जा रहा। एक सीनियर खिलाड़ी ने इसके बारे में पूछा था लेकिन उसे बताया गया कि नई नीति का पालन किया जाएगा।'



### कराची नेशनल स्टेडियम पर एक व्यक्ति गिरफ्तार

कराची। न्यूजीलैंड के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के पाकिस्तान के मैच से पहले कराची नेशनल स्टेडियम के भीतर नकली पहचान पत्र के साथ घुसने की कोशिश कर रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि व्यक्ति की पहचान मुजम्मिल कुरैशी के रूप में की गई है जिसे बुधवार को प्रवेश द्वार पर सुरक्षा जांच के दौरान रोका गया। अधिकारी ने कहा, 'वह खुद को पत्रकार बता रहा था और उसके पास आईसीसी तथा पीसीबी के नकली पहचान पत्र थे।' अधिकारी ने बताया कि जब सुरक्षाकर्मियों को संदेह हुआ तो उसने एक और फर्जी पहचान पत्र दिखाया जिसमें उसकी पहचान कैमरामैन के रूप में थी। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है और पूछताछ जारी है।

नेशनल गेम्स में 33 स्वर्ण, 25 रजत और 23 कांस्य पदकों सहित मप्र के खिलाड़ियों ने आर्जित किए 81 पदक

# मध्य प्रदेश ने जीते 5 स्वर्ण, 6 रजत और एक कांस्य, पदक तालिका में टॉप 4 में बरकरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उत्तराखंड नेशनल गेम्स के आखिरी दिन मप्र के खिलाड़ियों ने अपना सर्वोत्तम प्रदर्शन देते हुए मलखम्ब में 4 स्वर्ण व 3 रजत,मोर्डन पेटाथलॉन में 1 स्वर्ण, कैनोइंग में 1 रजत और 1 कांस्य, रेसलिंग में 1 रजत और हॉकी में 1 रजत पदक अपने नाम किए। मलखम्ब, एपरेटस-पोल, व्यक्तिगत महिला वर्ग में अनुष्का नायक ने 8.40 के स्कोर के साथ काफी नजदीकी मुकाबले में महाराष्ट्र की रुपाली को हरा कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।






इसी खेल के पुरुष वर्ग में प्रदेश के प्रणीत यादव ने स्वर्ण और कुंदन कच्छावाने रजत पदक अपने नाम किया। मलखम्ब के ही आल राउंड व्यक्तिगत महिला मुकाबले में मध्य प्रदेश की जेसिका प्रजापति ने स्वर्ण और अनुष्का ने नायक ने रजत पदक अर्जित किया। साथ ही में मलखम्ब के ही आल राउंड व्यक्तिगत पुरुष वर्ग में कुंदन कच्छावा ने स्वर्ण और देवेन्द्र पाटीदार ने रजत पदक अपने नाम किया। वहीं मलखंब में ही प्रदेश ने उत्तराखंड नेशनल गेम्स समापन तक कुल 6 स्वर्ण, 3 रजत और 2 कांस्य पदक अर्जित किए हैं। मॉर्डन पेटाथलॉन, टेट्राथलॉन रिले में यश और रमा की टीम ने हासिल किया स्वर्ण पदक मॉर्डन पेटाथलॉन, टेट्राथलॉन मिश्रित रिले प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के यश बथेरे और रमा सोनकर की टीम ने 829 का स्कोर कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

### कैनोइंग, विमेंस स्प्रिंट में मप्र ने रजत जीता



कैनोइंग, विमेंस स्प्रिंट के 4500 मी. महिला वर्ग में प्रदेश की निधि, डैली बिश्नोई, मनस्वानी स्वाईं और एल मीणा देवी की टीम ने 1:48.653 का समय में रजत पदक आर्जित किया। उन्हें मात्र 1.696 सेकंड के अंतर से ओडिशा की टीम के खिलाफ स्वर्ण पदक से चूक गई। कैनोइंग मेंस सप्रिंट के4 500 मीटर पुरुष वर्ग में प्रदेश के अक्षित बरोई, हिमांशु टंडन, निंगोम्बम मीटेल और सचिन ने 1:30.355 का समय निकाल कर कांस्य पदक अपने नाम किया।

### हॉकी में प्रदेश को मिला रजत पदक



महिला हॉकी में मध्य प्रदेश की टीम हरयाणा की टीम के खिलाफ हुए फाइनल मुकाबले में 4-1 के स्कोर से परस्त होकर रजत पदक अपने नाम किया।

### रेसलिंग में पूजा ने जीता रजत



रेसलिंग, 53 किलोग्राम व्यक्तिगत महिला वर्ग में मध्य प्रदेश की पूजा जाट ने रजत पदक अपने नाम किया।

कोलार के खेल मैदान में चल रही प्रथम वूमंस टी 20 क्रिकेट प्रीमियर लीग

## चंबल स्पार्टन और नर्मदा फॉल्कन ने अपने-अपने मुकाबले जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार की पठान एकेडमी में चल रही प्रथम वूमंस टी 20 क्रिकेट प्रीमियर लीग में गुरुवार को दो मैच खेले गए, जिसमें पहला मैच चंबल स्पार्टन और बेतवा टाइटंस के मध्य खेला गया। चंबल स्पार्टन ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। चंबल स्पार्टन ने 20 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 104 रन बनाए।



प्रीति यादव ने कप्तानी पारी खेलते हुए सर्वाधिक 35 रन तथा वैष्णवी ने 24 रनों का योगदान दिया। बेतवा टाइटंस की शिवानी ने सर्वाधिक 4 विकेट और स्वाति ने 3 विकेट लिए। जवाब में बेतवा टाइटंस ने 6 विकेट के नुकसान पर 101 रन ही बना पाई और इस तरह चंबल स्पार्टन में यह मुकाबला रोमांचक तरीके से तीन रनों से जीत लिया। बेतवा टाइटंस की ओर से सौमिया अली ने सर्वाधिक 36 तथा खुशी यादव ने 26 रनों का योगदान दिया। चंबल स्पार्टन की वैष्णवी ने दो विकेट तथा प्रीति यादव और शिवानी ने 1-1 विकेट चटकाए। चंबल स्पार्टन की कप्तान प्रीति यादव को उनकी कप्तानी पारी 35 रन तथा 1 विकेट के लिए रिलायंस प्लेयर ऑफ द मैच अंजना गुप्ता राष्ट्रपति अवार्डी लेखिका ने प्रदान किया।

### निकिता ने खेली कप्तानी पारी



दिन का दूसरा मैच नर्मदा फॉल्कन और सिंध मेवरिक के बीच खेला गया। नर्मदा फॉल्कन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया और तय 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 109 रनों का स्कोर बनाया। कप्तान निकिता सिंह ने 49 गेंद में 52 रन बनाए। उनका साथ देते हुए ऋषिता परिहार ने भी 25 रनों का योगदान दिया । सिंध मेवरिक की तनिष्का सेन ने तीन विकेट लेकर टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक ली। 110 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिंध मेवरिक की टीम 20 ओवर में 7 विकेट खोकर मात्र 86 रन ही बना पाई। इस तरह नर्मदा फाल्कन ने यह मैच 23 रनों से जीता। नर्मदा फॉल्कन की ओर से ऋषिता परिहार ने 2 तथा मुस्कान, रिया, पलक और ऋषिका ने 1-1 विकेट चटकाए। निकिता सिंह को उनकी कप्तानी पारी 52 रनों के लिए प्लेयर ऑफ द मैच भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रवीण नापित ने प्रदान किया। इस जीत के साथ अंक तालिका में प्रथम स्थान हासिल करते हुए नर्मदा फॉल्कन ने फाइनल में अपनी जगह बनाई।

## स्वाले खान, मंथन टैंक ने भारतीय दल में कूडो के भारतीय दल में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल कूडो मिक्स कॉम्बैट स्पोर्ट्स का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए भोपाल के दो खिलाड़ियों स्वाले खान, मंथन टैंक ने भारतीय दल में अपनी जगह बनाई। कूडो संगठन भोपाल के सचिव चंद्रकांत अल्डक ने जानकारी देते हुए बताया कि कूडो (जापानी मिक्स कॉम्बैट स्पोर्ट्स ) वर्ल्ड कप के लिए ट्रायल 8 से 9 फरवरी तक सूरत के एथलीटका जिम में आयोजित किया गया। इस ट्रायल में देशभर से कई कूडो एथलीट्स ने हिस्सा लिया, जिनमें मध्य प्रदेश के कुल 8 खिलाड़ियों का चयन किया गया।



इन सभी खिलाड़ियों ने मप्र कूडो संघ के अध्यक्ष एवं मुख्य प्रशिक्षक डॉक मोहम्मद एजाज खान के नेतृत्व में भाग लिया था। यह प्रतियोगिता जून में बुल्गारिया आयोजित होगी और ये सभी चयनित खिलाड़ी कूडो वर्ल्ड कप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस शानदार उपलब्धि पर जिला कूडो संघ के अध्यक्ष हर्षित विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष दीपक बिष्ट ने खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। चयनित खिलाड़ी मंथन टैंक एवं स्वाले खान संट फ्रांसिस को-एड स्कूल कटारा हिल्स स्कूल के अपने प्रशिक्षक चंद्रकांत अल्डक से 10 वर्षों से लगातार मार्शल आर्ट का कड़ा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। वहीं मो. सोहेल खान, वैष्णवी सिंह, प्रतीक सिंह, अथर्व गुप्ता, उत्कर्ष पटेल, और आर्यन सिंह का भी नाम शामिल है। इन्होंने इस चयन ट्रायल में अपनी बेहतरीन प्रदर्शन से जगह बनाई। अब चयन ट्रायल के बाद, एथलीट्स को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी तैयारी को और मजबूती देने के लिए विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी।

### अंडर 13 का सिलेक्शन ट्रायल्स 15-16 फरवरी को

**भोपाल।** भोपाल संभाग अंडर-13 (बॉयज) क्रिकेट की सिलेक्शन ट्रायल्स 15-16 फरवरी को प्रातः 9 बजे से ओल्ड कैंपियन खेल मैदान पर आयोजित की गई है। भोपाल संभाग क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता डॉ. सुशील सिंह ठाकुर ने बताया किइस सिलेक्शन ट्रायल में भोपाल संभाग से वर्ष 2024- 25 में रजिस्टर्ड खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे। इसके साथ ही उनका जन्म 1 सितंबर 2011 से 31-अगस्त 2014 के मध्य हुआ हो। चयन समिति में अविनाश पाठक, अरविंद वर्मा, उमर खान 'बाबा' अजय डेविड, अभिषेक सिंह, मुजीबउद्दीन और सनी भटनागर हैं।

भोपाल समाचार

## एम्स प्रदेश का पहला अस्पताल, जहां रोबोट करेंगे सर्जरी

- जल्द ही शुरू होगी नी व हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी
- 18 से 20 करोड़ से खरीदी जा रही रोबोटिक मशीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स भोपाल में नी व हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी रोबोट करेंगे। यह सुविधा देने वाला एम्स प्रदेश का पहला सरकारी अस्पताल होगा। एम्स प्रबंधन ने करीब 18 से 20 करोड़ की रोबोटिक मशीन की खरीदी प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। एम्स डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह ने बताया कि रोबोटिक नी व हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी का एक्यूरेसी रेट 99 फीसदी होता है।

यही वजह है कि इस सेवा को शुरू करने के लिए बीते एक साल से प्रयास कर रहा है। केंद्र से प्रोजेक्ट को अनुमति मिलने के बाद इसमें तेजी आ गई है। अब तीन माह में इसकी शुरुआत हो सकती है। निजी अस्पतालों में रोबोटिक रिप्लेसमेंट सर्जरी का खर्च करीब डेढ़ लाख से छह लाख तक आता है। ऐसे में आर्थिक रूप से कमजोर लोग के पहुंच से यह बाहर थी। एम्स में सुविधा मिलने से ज्यादा लोग इस आधुनिक तकनीक का लाभ उठा सकेंगे।




### गलती होने से पहले टोक देगा रोबोट

*यह एक कंप्यूटराइज्ड तकनीक है, जो डॉक्टर के सहायक के रूप में काम करती है। रोबोट में मरीज का अलग-अलग एंगल से किया गया सीटी स्कैन डेटा व अन्य जांच रिपोर्ट फीड की जाती हैं, जिससे रोबोट आकलन कर लेता है कि कितनी हड्डी खराब हुई है और रिप्लेसमेंट के दौरान इंप्लांट लगाने की सबसे उचित स्थिति क्या है। इसी के आधार पर मशीन में लगे कैमरे और सेंसर सभी हलचल और स्थिति को रिकॉर्ड करते हैं। जहां जरा सी भूल होने की संभावना होती है रोबोट रुक जाता है। इससे गलती होने या ज्यादा हड्डी कटने की संभावना न के बराबर हो जाती है।*

### इसलिए बेहतर यह तकनीक

- सर्जरी के दौरान जहां पहुंचना मुश्किल होता है। वहां रोबोट आसानी से पहुंचा जाता है।
- छोटा सा चीरा कर पूरी प्रकिया होती है। जिससे रिकवरी तेजी और ब्लड लॉस कम होता है।
- हाथों की तुलना में ज्यादा एक्यूरेसी और स्पीड से सर्जरी करने में मदद मिलती है।
- ऑपरेशन फेल होने की गुंजाइश भी न के बराबर होती है।

### अस्पताल में जल्द मिलेगी सुविधा

*रोबोट्स की खरीदी प्रक्रिया शुरू हो गई है। अस्पताल में जल्द यह सुविधा शुरू की जाएगी। यह हर वर्ग के मरीजों तक आधुनिक तकनीक का लाभ मिलेगा।*

*डॉ. अजय सिंह, निदेशक, एम्स भोपाल*

### जीएनएम की परीक्षा नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

**भोपाल।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने मध्यप्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल के अध्यक्ष मनोज सरियाम को ज्ञापन सौंपकर जीएनएम नर्सिंग के 2022-23 बैच के छात्र-छात्राओं की लंबित परीक्षाओं को तत्काल आयोजित करने की मांग की है। साथ ही परीक्षा नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है। प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने बताया कि जीएनएम एक डिप्लोमा कोर्स हैं, जिसकी अवधि तीन वर्ष की होती है और उसकी परीक्षा के संचालन की जिम्मेदारी मध्यप्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल की रहती हैं, लेकिन 2022-23 बैच के विद्यार्थियों को प्रवेश लिए तीन साल बीतने के बावजूद उनकी प्रथम वर्ष की परीक्षा अब तक आयोजित नहीं की गई है।

एक्टिवा में टक्कर से हुए नुकसान की भरपाई करने हुआ था विवाद, पीछा करने के बाद युवक को मारी थी गोली

## टेलर को गोली मारने वाला बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निशातपुरा थाना क्षेत्र में एक्टिवा और बाइक के बीच हुई टक्कर के बाद बाइक सवार टेलर को गोली मारने वाले एक्टिवा सवार बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से देशी कट्टा और एक्टिवा बरामद की गई है। आरोपी टीटी नगर का निगरानी बदमाश है। वह अपने एक परिचित की गाड़ी लेकर निकला था। आरोपी का कहना है कि बाइक सवार मोबाइल पर बात कर रहा था। टक्कर लगने से उसकी एक्टिवा क्षतिग्रस्त हो गई थी।

वह बाइक सवार युवकों से एक्टिवा में हुए नुकसान की भरपाई करने का कह रहा था। इसी बात को लेकर उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी थी। पुलिस के अनुसार चांदबड़ स्टेशन बजरिया निवासी जाहिद खान (33) टेलरिंग का काम



करते हैं। वह बुधवार दोपहर अपने दोस्त जोहेब के साथ बाइक से आरिफ नगर सब्जी मंडी जा रहे थे। इस दौरान बेस्ट प्राइज तिराहे के पास गल्ला मंडी रोड पर उनकी बाइक एक एक्टिवा से टकरा गई। टक्कर लगने के बाद दोनों के बीच गाली-गलौज और विवाद शुरू हो गया। विवाद बढ़ने पर एक्टिवा सवार ने अपने बैग से देशी कट्टा निकाल लिया। उसके पास कट्टा देख जाहिद खान और जोहेब वहां से भागे। एक्टिवा सवार बदमाश ने उनका पीछा किया और पीपुल्स मॉल के पीछे प्रीमियर आर्चेड कॉलोनी के पास घेर लिया। जाहिद पर गोली चला दी। गोली जाहिद की बांह को छेदती हुई बाइक के साइड मिरर में जा घुसी थी।

**एक्टिवा के नंबर से पकड़ाया बदमाश :** जाहिद और जोएब ने एक्टिवा का नंबर देख लिया था। पुलिस एक्टिवा के नंबर के आधार पर उसके मालिक तक पहुंची। उसने बताया कि पंचशील नगर टीटी नगर निवासी नीलेश कामले उससे एक्टिवा मांगकर ले गया था। पुलिस ने घेराबंदी कर नीलेश कामले उर्फ नीलेश शूटर (33) निवासी पंचशील नगर टीटी नगर को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से देशी कट्टा बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ टीटी नगर व शहर के कई थानों में एक दर्जन से अधिक अपराध पंजीबद्ध हैं।


पांच हजार से अधिक हुए आवेदक परेशान

## आरटीओ में सॉफ्टवेयर सुस्त, सात दिन से नहीं बन पा रहे ऑनलाइन लर्निंग लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में पिछले सात दिनों से आनलाइन लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस लोगों को स्वयं बनाने और कियोस्क से बनवाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। एनआइसी का सॉफ्टवेयर में तकनीकी खामी के चलते लगातार दिक्कर हो रही है। कभी सॉफ्टवेयर डाउन होने, तो कभी आवेदकों तक ओटीपी नहीं पहुंचना। तो वहीं सात दिनों से इंटर वैलिड सब डिस्टिक इन प्रेजेंट एड्रेस लिखा आ रहा है। इसके चलते आवेदकों के लर्निंग लाइसेंस नहीं बन पा रहे है।

पिछले सात दिनों से तीन हजार से अधिक आवेदक परेशान हो रहे है। गुरुवार को भी बड़ी संख्या में आवेदक कियोस्क सेंटरों पर लार्निंग लाइसेंस बनवाने पहुंचे। लेकिन इंटर वैलिड सब डिस्टिक इन प्रेजेंट एड्रेस लिखा आने से प्रोसिस नहीं हो सकी। सात दिनों से यह समस्यां है। इसको लेकर अधिकारी गंभीरता से नहीं लिए रहे। जिससे करीब पांच हजार से अधिक आवेदकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। आरटीओ अधिकारी जितेंद्र शर्मा का कहना है कि कुछ तकनीकी खामी के



कारण यह दिक्कत हो रही है। जिसे एनआईसी की टीम जल्द ही ठीक करने में लगी हुई है।

**सर्वर समस्या से लगातार परेशानी :** प्रदेशभर में आरटीओ सर्वर की दिक्कतें पिछले सालभर से आवेदकों के लिए मुसीबत बनी हुई हैं। हर दो से तीन महीने में सर्वर ठप होने की समस्या सामने आती है, जिससे आवेदकों को लर्निंग लाइसेंस और अन्य कार्यों के लिए कई दिन तक इंतजार करना पड़ता है। इस समस्या से हजारों आवेदक परेशान है। लर्निंग लाइसेंस से जुड़े आवेदक लगातार आरटीओ के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन कोई हल नहीं निकल रहा।

## आयकर भवन में सूचना सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता पर सेमिनार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सूचना सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता पर प्रशिक्षण के तहत गुरुवार को भोपाल के आयकर भवन में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के विभागीय अफसरों के लिए एक सेमिनार आयोजित किया गया। यह सेमिनार हाइब्रिड मोड में सूचना सुरक्षा प्रथाओं पर आधारित था। प्रशिक्षण सत्र में आयकर विभाग के अधिकारी हेमराज सिंह चौहान सह वक्ता के तौर पर उपस्थित रहे। उन्होने सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा कि सरकारी संस्थानों के लिए इलेक्ट्रानिक एंव सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा जारी दिशा निर्देशों को समझना और उन्हे नियमित रूप से लागू करना आवश्यक है। सत्र में अफसरों ने डिजिटल व्यक्तिगत डेटा सुरक्षा के साथ साथ सूचना सुरक्षा पर कौशल विकास पर जोर दिया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930